सच, सिर्फ सच

**

वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 01 मई, 2025 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 117, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 46 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में तेजी के बाद अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 46.14 अंक गिरकर 80,242.24 अंक पर बंद हुआ। } 10

जाति जनगणना का फैसला ऐतिहासिकः शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है और उसने आगामी जनगणना में जातिगत गणना करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। } 12

गंगोत्री, यमुनोत्री के कपाट खुले, चारधाम यात्रा शुरू

प्रधानमंत्री मोदी के नाम से दोनों धामों में की गयी पहली पूजा

प्रमुख संवाददाता

उत्तरकाशी (उत्तराखंड)। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सम्पूर्ण विधि-विधान से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चारण और

- कपाट खुलने के अवसर पर सीएम धामी ने की विशेष पूजा

पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए, जिसके साथ ही उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। पुष्कर सिंह धामी यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन में पहुंचने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। इस अवसर पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री मंदिर के ऊपर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अतिथि देवो भवः की परंपरा के अनुसार हमारा प्रयास है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखण्ड से दिव्य धामों के शुभाशीष के साथ ही यात्रा का सुखद अनुभव लेकर ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीआईएससीई बोर्ड के नतीजे : लड़कियों ने फिर मारी बाजी

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा के नतीजे बुधवार को घोषित किए गए जिसमें लड़किया लड़कों से फिर आगे रहीं। कक्षा 10वीं की परीक्षा में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.45 और लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.64 रहा। इसी तरह 12वीं कक्षा में भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.45 और लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.64 रहा।

आईसीएसई परीक्षा (कक्षा 10) 67 लिखित विषयों में आयोजित की गई थी, जिनमें से 20 भारतीय भाषाएं और 14 विदेशी भाषाएं थीं और एक शास्त्रीय भाषा थी। आईएससी परीक्षा (कक्षा 12) 47 लिखित विषयों में आयोजित की गई थी, जिनमें से 12 भारतीय भाषाएं, चार विदेशी भाषाएं और दो शास्त्रीय भाषाएं थीं। मुख्य कार्यकारी जोसफ इमैनुएल ने कहा उम्मीदवार और पक्षकार सीआईएससीई वेबसाइट या बोर्ड के करियर पोर्टल पर परिणाम देख सकते हैं। परिणाम डिजिलॉकर के माध्यम से भी देखे जा सकते हैं। कक्षा 10 (आईसीएसई) और कक्षा 12 (आईएससी) के लिए सुधार परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी। कुल 2,803 स्कूलों के 2,52,557 उम्मीदवारों ने कक्षा 10 की परीक्षा दी, जिनमें से 2,308 उम्मीदवार अनुत्तीर्ण रहे। सीखने में कठिनाई (डिस्लेक्सिया) से पीड़ित 1,184 उम्मीदवारों में से 112 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। दृष्टिबाधित 48 उम्मीदवारों में से 13 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। पश्चिमी क्षेत्र ने कक्षा 10 की परीक्षा में 99.83 प्रतिशत के साथ सर्वश्रेष्ठ उत्तीर्ण प्रतिशत हासिल किया है, इसके बाद दक्षिणी क्षेत्र 99.73 प्रतिशत उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। कक्षा 12 की परीक्षा में 1460 ...शेष पृष्ठ 10 पर

आईसीएसई व आईएससी में सीएमएस के छात्रों ने किया टॉप

लखनऊ। सीआईएससीई बोर्ड ने बुधवार को आईएससी (12वीं) और आईसीएसई (10वीं) का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। इस रिजल्ट में राजधानी में सीएमएस के छात्र-छात्राओं ने टॉप रैंक पर जगह बनायी। इसमें इंटर में सीएमएस के आठ विद्यार्थियों ने 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित किये। वहीं, दसवीं में सीएमएस के दो छात्रों ने 99.60 प्रतिशत अंक, छह छात्रों ने 99.40 प्रतिशत अंक, 10 छात्रों के 99.20 प्रतिशत अंक और आठ छात्रों के 99 प्रतिशत अंक हासिल किये है। इस दौरान सीएमएस में जश्न का माहौल दिखा। सीएमएस की गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस में जब परीक्षाफल की घोषणा हुई तो छात्र-छात्राओं के साथ उनके शिक्षकों और अभिभावकों की खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। इस दौरान शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

मदर डेयरी-अमूल ने बढ़ाये दूध के दाम

नयी दिल्ली। प्रमुख दूध आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी और अमूल ने कच्चे माल पर बढ़ती लागत की आंशिक भरपाई के लिए दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। मदर डेयरी अपने आउटलेट, दुकानदारों और ई-कॉमर्स मंच के माध्यम से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) बाजार में प्रतिदिन लगभग 35 लाख लीटर दूध बेचती है। मदर डेयरी का दूध उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड और बिहार सहित अन्य राज्यों में भी बेचा जाता है। मदर डेयरी के एक अधिकारी ने मंगलवार देर रात कहा खरीद लागत में उल्लेखनीय वृद्धि से निटपने के लिए यह मूल्य संशोधन आवश्यक हो गया। खरीद पर लागत पिछले कुछ महीनों में चार से पांच रुपये प्रति लीटर तक बढ़ी है। अधिकारी ने बताया कि खरीद लागत में वृद्धि मुख्य रूप से गर्मी के जल्दी आने और लू जैसी स्थिति बनने के कारण हुई है। मदर डेयरी अपने खुदरा मूल्य का 70-80 प्रतिशत डेयरी (दुग्ध) कृषकों को देती है।

खड़े ट्रैक्टर में घुसी कार, तीन की मौत

मुरादाबाद। जिले में बुधवार को ठाकुरद्वारा-बिजनौर मार्ग पर एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। दुर्घटना में कार में सवार एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी और तीन अन्य लोग जख्मी हो गये। कुछ लोग एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आकाश सिंह ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब तीन बजे ठाकुरद्वारा-बिजनौर मार्ग पर रतूपुरा गांव के पास तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकरायी। इस घटना में कविराज (36), उसकी पत्नी मंजू (34) और बेटी आराध्या (11) की मौत हो गयी। दुर्घटना में मारे गये लोग बिजनौर जिले के फीना गांव के निवासी थे।

आजादी के बाद पहली बार जातिगत जनगणना

मंत्रिमंडल ने लगायी मुहर, 22,864 करोड़ रुपये की शिलांग-सिलचर राजमार्ग परियोजना को मंजूरी, गन्ने का मूल्य बढ़ाकर 355 रुपये प्रति क्विंटल

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को फैसला किया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना को पारदर्शी तरीके से शामिल किया जाएगा। केंद्र सरकार ने, साथ ही जाति आधारित सर्वेक्षण को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेघालय के मावलिंगखुंग से असम के पंचग्राम तक 22,864 करोड़ रुपये की कुल लागत से 166.80 किलोमीटर लंबे राजमार्ग के निर्माण की बुधवार को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस राजमार्ग परियोजना का 144.80 किलोमीटर लंबा हिस्सा मेघालय और 22 किलोमीटर लंबा हिस्सा असम में स्थित है। सरकार ने अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी 2025-26 सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 4.41 प्रतिशत बढ़ाकर 355 रुपये प्रति क्विंटल करने का फैसला किया। गन्ना किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। चालू 2024-25 सत्र के लिए गन्ने का एफआरपी 340 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। केंद्र सरकार एफआरपी तय करती है, जो अनिवार्य न्यूनतम मूल्य है। चीनी मिलें गन्ना किसानों को उनकी उपज के लिए यह मूल्य देने को कानूनी रूप से बाध्य हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीसीईए की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि मूल वसूली दर यानी प्रसंस्करण के दौरान गन्ने से प्राप्त चीनी 10.25 प्रतिशत रहने पर 355 रुपये प्रति क्विंटल का एफआरपी स्वीकृत किया गया है।

कांग्रेस सहित विपक्षी दल देशव्यापी जातिगत गणना कराने की मांग कर रहे हैं और इसे एक बड़ा चुनावी मुद्दा बना रहे हैं। तत्कालीन महागठबंधन सरकार के दौरान बिहार में तथा तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ गैर-भाजपाई राज्यों में जाति आधारित सर्वेक्षण भी कराए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा लिये गए निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना केंद्र के अधिकारक्षेत्र में आती है, लेकिन कुछ राज्यों ने सर्वेक्षण के नाम पर जातिगत गणना गैर-पारदर्शी तरीके से की है, जिससे समाज में संदेह पैदा हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने रेखांकित किया कि स्वतंत्रता के बाद से की गईं सभी जनगणना प्रक्रियाओं में जाति को शामिल नहीं किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकारों ने हमेशा जातिगत गणना का विरोध किया है और पार्टी ने इस मुद्दे का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार... शेष पृष्ठ 10 पर

कांग्रेस ने जताया समर्थन, कहा समय सीमा बताये सरकार

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने अगली जनगणना में जातिगत गणना कराए जाने के केंद्र सरकार के फैसले का बुधवार को समर्थन किया और यह भी कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि यह कब तक होगा तथा किस प्रकार से होगा। सरकार ने बुधवार को फैसला किया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना को पारदर्शी तरीके से शामिल किया जाएगा। राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा लिये गए निर्णयों की घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जनगणना केंद्र के अधिकार क्षेत्र में आती है, लेकिन कुछ राज्यों ने सर्वेक्षण के नाम पर जाति गणना की है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि वह सरकार के फैसले का समर्थन करते हैं, लेकिन सरकार को बताना चाहिए कि यह किस तिथि तक होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस और विपक्ष ने पूरे देश में जमीनी स्तर पर अभियान चलाया, सरकार का यह फैसला उसी का नतीजा है। कांग्रेस नेता ने यह संदेह जताया कि कहीं इस फैसला का हस्र भी महिला आरक्षण अधिनियम की तरह न हो। राहुल गांधी ने संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा जातिगत गणना पहला कदम है, यह दरवाजा ...शेष पृष्ठ 10 पर

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का हुआ पुनर्गठन

नयी दिल्ली। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) का पुनर्गठन किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब ऐसी अटकलें हैं कि भारत पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के सीमा पार संबंधों के मद्देनजर कार्वाई कर सकता है। ऐसी जानकारी है कि देश की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को एनएसएबी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एनएसएबी एक सलाहकार निकाय है जो राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय को जानकारी प्रदान करता है। सूत्रों ने बताया कि एनएसएबी में नियुक्त नए सदस्यों में पश्चिमी वायु कमान के पूर्व कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, सेना की दक्षिणी कमान के पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल ए के सिंह और रियर एडमिरल (सेवानिवृत्त) मोंटी खन्ना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व राजनयिक बी वेंकटेश वर्मा और सेवानिवृत्त आईपीएस राजीव रंजन वर्मा को भी एनएसएबी का सदस्य नियुक्त किया गया है।

यूपी के 22 जिलों में आंधी-पानी का अलर्ट

लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, झांसी व आगरा मंडलों में गिरा तापमान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। सोमवार को पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश की बौछारें पड़ीं, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। इस दौरान प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, झांसी और आगरा मंडलों में तापमान में काफी गिरावट दर्ज हुई। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। प्रदेश में चार मई तक दोनों संभागों में बारिश होने की संभावना जताई गई है। ऐसे में लोगों को इस हफ्ते भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क ही रहने का अनुमान जताया गया है, लेकिन पूर्वी यूपी की कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इस दौरान 25-35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी, जबकि कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है। बुधवार को पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में बारिश हो सकती है। इसके बाद बारिश का सिलसिला जारी रहने वाला है। चार मई तक प्रदेश में तेज हवाओं और धूल भरी आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम में आए इस बदलाव की ...शेष पृष्ठ 10 पर

आगामी 25 वर्षों के लिए बनायें कार्ययोजना : योगी

गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपनी 75 वर्ष की शानदार यात्रा का मूल्यांकन करते हुए गोरखपुर विश्वविद्यालय को अब शताब्दी वर्ष अर्थात आगामी 25 वर्षों की कार्ययोजना बनानी चाहिए। इस कार्ययोजना में उन बातों का जरूर ध्यान रखना होगा जिससे हमारा विश्वविद्यालय अच्छी ग्लोबल रैंकिंग वाले विश्वविद्यालय के रूप में अपनी पहचान वैश्विक बना सके।

सीएम योगी बुधवार को अपराह्न दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने हीरक जयंती वर्ष के लिए विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि एक मई 1950 को स्थापित इस विश्वविद्यालय की 75 वर्ष की यात्रा के विराम के बाद कल एक मई से अमृतकाल की यात्रा शुरू होगी। शताब्दी महोत्सव में गोरखपुर विश्वविद्यालय कहां होगा, इसकी कार्ययोजना आगामी छह माह से एक साल के भीतर ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	37.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- योगी सरकार ने महापुरुषों को दिलाया सम्मान (पृष्ठ-02)
- प्रार्थना सभा में डॉ. कस्तूरीरंगन के बारे में बताएं स्कूल (पृष्ठ-02)
- खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 3.73 प्रतिशत पर (पृष्ठ-10)
- 38 पैसे उछलकर रुपया 84.58 डॉलर (पृष्ठ-10)
- भारत के साथ अच्छी चल रही है शुल्क वार्ता : ट्रंप (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने कहा-भारत सरकार पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बड़े एक्शन की कर रही तैयारी

भारत के खौफ में पाकिस्तान, सता रहा हमले का डर

एजेंसी

नयी दिल्ली। पाकिस्तान ने बुधवार को विश्वसनीय खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए दावा किया कि भारत अगले 24 से 36 घंटों के भीतर उसके खिलाफ सैन्य कार्वाई की योजना बना रहा है। पाकिस्तान ने साथ ही भारत को चेतावनी दी कि उसे भी इसके परिणाम भुगतने होंगे। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने कहा कि भारत सरकार पहलगाम में हाल में हुए आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के बारे में निराधार और मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर हमला करने की तैयारी कर रही है।

मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और उसने हमेशा आतंकवाद के सभी स्वरूपों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने एक आयोग द्वारा विश्वसनीय, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की पेशकश की है लेकिन भारत जांच से बच रहा है और टकराव का रास्ता चुन रहा है। पाकिस्तान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सतर्क रहना चाहिए, साथ ही उसने चेतावनी दी कि भारत द्वारा किसी भी सैन्य दुस्साहस का निश्चित रूप से और निर्णायक रूप से जवाब दिया जाएगा और संघर्ष की स्थिति बढ़ने तथा उसके परिणामों की जिम्मेदारी पूरी तरह से भारत पर होगी।

भारत ने संघर्षविराम उल्लंघन पर पाकिस्तान को दी चेतावनी

नयी दिल्ली। भारत ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी को लेकर चेतावनी दी है। पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर बढ़ते तनाव के बीच भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियानों के महानिदेशकों ने हॉटलाइन पर बातचीत की। सैन्य सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान शुक्रवार रात से नियंत्रण रेखा पर भारतीय सीमा में संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी कर रहा है और भारतीय सेना ने इसका उचित जवाब दिया है। सैन्य अभियानों के महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने मंगलवार को यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

पहलगाम के गुनहगारों को चुकानी होगी कीमत

जल्द दिया जाये करारा जवाब : राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पहलगाम आतंकी हमला करने वाले उसकी कीमत चुकाएं और इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ढुलमुल तरीके से नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई करें। कांग्रेस नेता ने बुधवार को पहलगाम हमले के पीड़ित शुभम द्विवेदी के परिवार से कानपुर में मुलाकात की।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा मैं आज कानपुर गया, वहां मैंने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उस परिवार के बेटे को बहुत ही निर्मम तरीके से मारा गया। इस हमले में लोगों को बेहद क्रूर तरीके से मारा गया और बहुत से लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि आतंकियों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। चाहे वे जहां भी हों, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि आतंकियों को ढुलमुल तरीके से नहीं, बल्कि पूरी मजबूती के साथ करारा जवाब देना है, ताकि उन्हें याद रहे कि हिंदुस्तान के साथ ऐसा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

रालोद ने जातिगत जनगणना कराने का स्वागत किया

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने भारत सरकार के जातिगत जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल भी जाति जनगणना के सदैव पक्ष में रहा है। उन्होंने एनडीए सरकार द्वारा जाति जनगणना के पक्ष में निर्णय लेने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सम्पूर्ण कैबिनेट का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। त्यागी ने कहा कि भारत में जाति जनगणना की मांग लम्बे समय से चली हा रही थी जिसे एनडीए सरकार ने देशवासियों की भावनाओं को समझा और उनकी भावना के अनुरूप राष्ट्रहित में किये गये अन्य फैसलों की भांति इस दिशा में यह सराहनीय एवं महत्वपूर्ण कदम उठाया। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का सम्पूर्ण जीवन दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और शोषितों वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित रहा है सरकार का यह फैसला समाज के सभी वर्गो के हितों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

आतंकी हमले के बाद राजनीतिक एकजुटता हो: मायावती

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के मद्देनजर बुधवार को राजनीतिक एकजुटता का आह्वान किया और सभी राजनीतिक दलों से बयानबाजी करने के बजाय सरकार की कार्रवाई का समर्थन करने का आग्रह किया। मायावती ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सभी पार्टियों को एकजुट होकर सरकार के हर कदम के साथ खड़े होना चाहिए ना कि इसकी आड़ में पोस्टरबाजी व बयानबाजी कर घिनौनी राजनीति की जानी चाहिए क्योंकि लोगों में भ्रम पैदा हो रहा है जोकि देशहित में ठीक नहीं है। बसपा प्रमुख ने एक अन्य पोस्ट में इस मुद्दे में डॉक्टर बीआर आंबेडकर का नाम घसीटे जाने के खिलाफ पार्टियों को चेताया। उन्होंने लिखा, इस प्रकरण में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का भी अपमान कतई ना किया जाए।

छुट्टियों तक सिमटे महापुरुषों को योगी सरकार ने दिलाया मान-सम्मान

प्रधानमंत्री के पंचप्रण में महापुरुषों का सम्मान भी है शामिल, पीएम के हर संकल्प की सिद्धि में सीएम योगी लगा रहे जी-जान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सन 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ देश अमृत काल में प्रवेश कर चुका है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से पंचप्रण का आह्वान भी किया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों की सिद्धि के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राण-प्रण से जुटे हुए हैं। केंद्र की तमाम योजनाओं में यूपी जहां नंबर एक पायदान पर है, वहीं पीएम के पंचप्रण में शामिल 'महापुरुषों के सम्मान' के लिए भी योगी सरकार संकल्पबद्ध है। इसकी झलक प्रदेश की तमाम योजनाओं में उन भूले और बिसार दिये गये महापुरुषों के नामकरण के साथ मिलती है। प्रदेश में 10 ऐसी योजनाएं हैं, जिन्हें उन राष्ट्रनायकों के नाम पर रखा गया है, जिनके प्रभाव और प्रेरक शक्ति की पिछली सरकारों ने उपेक्षा की थी। पिछली सपा-बसपा सरकारों के दौरान जाति के आधार पर महापुरुषों का चयन करके न केवल खुलेआम वोट बैंक की राजनीति की जाती थी, बल्कि महापुरुषों को महज घोषित छुट्टियों तक सीमित कर दिया गया था। न तो स्कूली बच्चों को और न सरकारी कर्मचारियों को इन महापुरुषों से प्रेरणा ही मिल पाती थी। योगी आदित्यनाथ ने इस कार्य संस्कृति को बदलने का कार्य किया है।

प्रदेश की पिछली सपा-बसपा की सरकारों में महापुरुषों को महज छुट्टियों तक ही सीमित करके रख दिया गया है। हर पार्टी अपने जाति-समाज से

- **भुला दिये गये महापुरुषों के नाम पर योगी सरकार ने रखे हैं यूपी की कम से कम 10 योजनाओं के नाम**
- **माता शबरी से लेकर बाबा साहब तक को योगी सरकार में मिला सम्मान**

जुड़े महापुरुषों को वोट बैंक के रूप में चिह्नित करके संकीर्ण राजनीति करती दिखती थीं। जिस जाति का नेता उस जाति का महापुरुष बनाने का चलन काफी पहले से चल रहा है। यही नहीं उनके नामपर केवल सरकारी अवकाश करके कर्तव्यों की इतिश्री कर ली जाती थी। सपा-बसपा सरकारों ने वोट बैंक के चक्कर में केवल प्रदेश में अवकाशों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। सरकारी स्कूलों के बच्चों को ये तक पता नहीं होता था कि जिनके नामपर उन्हें छुट्टी दी जा रही है, उन्होंने

देश और समाज के लिए क्या किया है। हालात यहां तक हो गये थे कि स्कूलों में गर्मियों और सर्दियों की छुट्टियों को भी इसमें मिला दें तो साल के 365 दिन में से करीब ढाई सौ दिन छुट्टियों के ही होते थे, ऐसे में सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन की हालत क्या थी, किसी से छिपा नहीं है। वहीं सरकारी कर्मचारियों को भी करीब-करीब 190 दिन का अवकाश मिल जाया करता था। यही वजह है कि सरकारी कार्यालयों में फाइलें लंबे समय तक लंबित पड़ी होती थीं। जिन महापुरुषों से बच्चों को प्रेरित किया जाना चाहिए था, उनके नामपर छुट्टियां करके वोट बैंक की राजनीति खुलेआम चला करती थी। योगी सरकार ने महापुरुषों के नामपर सरकारी छुट्टियों में कटौती करते हुए उस विशेष दिन पर स्कूलों और कार्यालयों में महापुरुषों के प्रेरक प्रसंगों पर आधारित कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का कार्य किया। जिससे उनके संघर्षों से नौनिहालों और सरकारी कार्यालयों में कार्य कर रही नई पीढ़ी को प्रेरणा मिल सके।

माता शबरी और पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होल्कर का सम्मान : योगी सरकार ने त्रेतायुगीन माता शबरी के नामपर उत्तर प्रदेश की प्रत्येक कृषि मंडियों में कैंटीन और विश्रामालय की योजना का नामकरण किया है। माता शबरी भील समाज की थीं, जिन्हें रामायण काल में श्रीराम की परम भक्त के रूप में पहचाना जाता है। वहीं मध्यकाल में इस्लामिक हमलावरों द्वारा उत्तर भारत के मंदिरों के विध्वंस के बाद ऐसे धर्मस्थलों का जीर्णोद्धार कराने वाली पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर प्रदेश के सात जिलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमजीवी महिलाओं के लिए हॉस्टल निर्माण की मंजूरी देकर न केवल मातृशक्ति का सम्मान किया बल्कि वर्तमान में श्रमजीवी महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया है।

टेक्स्टाइल से लेकर लेदर पार्क तक भक्तिकाल के संतों का किया सम्मान : प्रदेश में हस्तशिल्प और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने में जुटी योगी सरकार ने टेक्सटाइल पार्क से लेकर लेदर पार्क तक के नामकरण भक्तिकाल के संतों के नाम पर करने का कार्य किया है। इनमें निर्गुण भक्ति धारा के ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख कवि संत कबीरदास के नाम पर टेक्सटाइल पार्कों का नामकरण किया गया है। सीएम मित्र पार्क योजना के अंतर्गत प्रदेश के 10 टेक्सटाइल पार्कों का नामकरण संत कबीरदास जी के

- **अहिल्याबाई होल्कर हों या धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा सबके नाम से शुरू की गई योजनाएं**
- **सीएम योगी के निर्देश पर रखे गये कबीरदास पर टेक्सटाइल और संत रविदास पर लेदर पार्क के नाम**

नाम पर किया गया है।

जुलहा समुदाय से आने वाले संत कबीर के नाम से पहचाने जाने वाले यूपी के नए टेक्सटाइल पार्क न केवल प्रदेश की आर्थिक उन्नति में अहम योगदान देंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित भी करेंगे। इसी प्रकार भक्तिकाल के ही एक और संत संतशिरोमणि रविदास जी महाराज के नाम पर दो जनपदों में लेदर पार्क का नामकरण भी योगी सरकार की दूरदर्शी नीति का ही परिणाम है। सबसे अहम बात ये कि पिछली सरकारों में जहां इन महापुरुषों के नाम पर केवल धर्म और जातिगत वैमनस्यता को बढ़ावा देने का कार्य किया गया वहीं, योगी सरकार महापुरुषों के नाम पर उद्यमशीलता को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है।

नये भारत के नये यूपी की विकास गाथा की प्रेरणा चार भारत रत्न : योगी सरकार ने नये भारत के ग्रोथ इंजन कहे जा रहे यूपी की विकास गाथा में प्रेरक के रूप में चार भारत रत्न सम्मानित महापुरुषों को भी शामिल किया है। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और अटल बिहारी वाजपेयी के साथ ही संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई के नाम पर योजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें लखनऊ में सीड पार्क का नाम जहां भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के नामपर है, वहीं अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर नगरीय क्षेत्रों में पुस्तकालयों का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग की ओर से छात्रावासों का पुननिर्माण एवं नवनिर्माण योजना का नामकरण संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम किया गया है।

'शिक्षक बनेंगे श्रेष्ठ मार्गदर्शक, छात्र बनेंगे समर्थ'

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने समर्थ शिक्षक, समृद्ध छात्र के विजन को मूर्त रूप देने हेतु निपुण भारत मिशन के अंतर्गत सीमैट, प्रयागराज में एक महत्वाकांक्षी पाँच दिवसीय संदर्भदाता प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ करने का निर्णय लिया है। यह कदम प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता और नवाचार को स्थानिक स्तर पर सशक्त करने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जहाँ शिक्षक श्रेष्ठ मार्गदर्शक बनकर छात्रों के सशक्त विकास को सुनिश्चित करेंगे।

तैयारी एवं प्रैक्टिस का रहा पहला चरण: 20 वरिष्ठ राज्य स्तरीय रिसोर्स ने 25झ्र29 अप्रैल के दौरान सीमैट में सामंजस्य स्थापित करते हुए प्रशिक्षण संरचना और अपेक्षित परिणामों पर व्यापक प्रैक्टिस सत्र संपन्न किया।

तीन चरणों का जनपद स्तरीय प्रशिक्षण : 1से 5 मई, 7से11 मई और

- **सरकार ने सीमैट, प्रयागराज में पाँच दिवसीय संदर्भदाता प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने का निर्देश दिया**
- **प्रथम चरण में 20 वरिष्ठ राज्य स्तरीय संदर्भदाताओं का तैयारी एवं प्रैक्टिस सत्र संपन्न**
- **1से 5 मई, 7से11 मई और 13से 17 मई के तीन चरणों में प्रत्येक में 100–100 जनपद स्तरीय संदर्भदाता प्रशिक्षण**

13से 17 मई के तीन अलग-अलग फेरे आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक में 100-100 जनपद स्तरीय संदर्भदाता एनसीईआरटी आधारित पाठ्यपुस्तक अवलोकन, गतिविधि-आधारित शिक्षण तकनीक और समुचित मूल्यांकन पद्धतियों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

इन विधाओं में होंगे प्रशिक्षित: ईएलटीआई प्रयागराज एवं एसएलई

प्रयागराज के विशेषज्ञ हिंदी और अंग्रेजी दोनों विषयों में व्यावहारिक कार्यशालाएँ संचालित करेंगे, जबकि अन्य संस्थानों के मेंटर्स गतिविधि-आधारित कक्षा संचालन, मूल्यांकन तकनीक और कक्षा प्रबंधन के मॉडल प्रस्तुत करेंगे।

ब्लॉक एवं जिला स्तर पर कार्यशालाएँ एवं फॉलो-अप सत्र आयोजित करेंगे सन्दर्भदाता : प्रशिक्षित संदर्भदाता अपने-अपने ब्लॉक एवं जिला स्तर पर कार्यशालाएँ एवं फॉलो-अप सत्र आयोजित करके उत्तर प्रदेश के सरकारी प्राथमिक एवं संयुक्त विद्यालयों में मौलिक साक्षरता और गणितीय कौशल के स्तर को सुदृढ़ करेंगे।

प्राथमिक एवं संयुक्त विद्यालयों में मौलिक साक्षरता और गणितीय कौशल के स्तर होंगे सुदृढ़: इस वर्ष लगभग 25 लाख प्री-प्राइमरी एवं प्राथमिक शिक्षक निष्ठा एवं अन्य क्षमता विकास कार्यक्रमों के माध्यम से अतिरिक्त प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जिससे प्रदेश में सतत शिक्षा उन्नयन और शिक्षक कौशल संवर्धन सुनिश्चित होगा।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- **प्रशिक्षण में एनसीईआरटी आधारित पाठ्यपुस्तक अवलोकन, गतिविधि–आधारित शिक्षण तकनीक और समुचित मूल्यांकन पद्धतियाँ शामिल**
- **जब हर शिक्षक प्रशिक्षित होगा, तभी हर छात्र समर्थ होगा: संदीप सिंह**

के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को तकनीकी दक्षता, नवप्रवर्तनात्मक दृष्टिकोण और स्थानीय समस्या-समाधान कौशल से लैस करेगा। इस प्रशिक्षण से शिक्षक समर्थ होंगे और छात्र समृद्ध। योगी सरकार का यही संकल्पहै।

यूपी के हर जिले में दो हाईटेक नर्सरी की होगी स्थापना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार खेती-किसानी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहती है। सरकार की योजना प्रदेश में सब्जी उत्पादन को तकनीकी सहायता से सशक्त बनाने की है।

इसके लिए इजरायली तकनीक की मदद ली जा रही है। इसके तहत, कौशाम्बी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्रूट्स और चंदौली में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजीटेबल्स की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही, किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में 150 हाईटेक नर्सरियों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले पौधे और आधुनिक तकनीक सुलभ हो सकेगी। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार का लक्ष्य है कि इजरायली तकनीक की मदद से किसानों की आमदनी को दोगुना किया जाए। इसके तहत 26 करोड़ पौध को तैयार करने की योजना बनाई गई है। इन पौध से सब्जियों के उत्पादन में गुणात्मक और मात्रात्मक सुधार आएगा, जिससे बाजार में अच्छी कीमत मिल सकेगी।प्रदेश में 150 हाईटेक नर्सरियों की स्थापना की जा रही है। इन केंद्रों के माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी, बीज, पौध और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। यह पहल प्रदेश के हर जिले में सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी।

बाबा साहेब के साथ अखिलेश का चेहरा जोड़ने पर भाजपा ने किया प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के पोस्टर एवं होर्डिंग में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी चित्र से आधा चेहरा हटाकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का चेहरा जोड़ने से आक्रोशित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को

- **सपा के पोस्टर एवं होर्डिंग में बाबा साहेब के आधे चेहरा के साथ अखिलश का आधाचेहरा जोड़ने पर भाजपा ने किया विरोध**

समाजवादी पार्टी द्वारा किए गए बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के अपमान के विरोध में पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी लखनऊ में अटल चौक, हजरतगंज स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, राज्यसभा सांसद बृजलाल, सदस्य विधान परिषद लाल जी निर्मल, मुकेश शर्मा, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व जिला अध्यक्ष विजय मौर्या सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यकर्ताओ ने अनुसूचित मोर्चा के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा किए गए बाबा साहब के अपमान के विरोध में प्रदर्शन किया।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने शिक्षा, समानता और संवैधानिक मूल्यों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। लेकिन अपने पूरे जीवन में सिर्फ परिवारवाद की राजनीति करने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव बाबा साहब के बराबर खड़े होने का दुस्साहस कर रहे है। उन्होंने कहा सपा की होडिंगों और पोस्टरों में बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की आधी तस्वीर काटकर उसमें अखिलेश यादव का चित्र जोड़ना बाबा साहब का अपमान है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि क्या समाजवादी पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को यह नही पता कि संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर न किसी जाति के थे, ना किसी पार्टी के? वे विचारधारा थे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को उनके समक्ष प्रस्तुत करना सीधे तौर पर दलितों, वंचितों के संघर्ष का अपमान है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का पूरा जीवन समाजिक न्याय और अधिकारों की लड़ाई में बीता जबकि अखिलेश यादव का पूरी राजनीति अपने पिता द्वारा दी गई कुर्सी बचाने में लगी रही। परिवारवाद का सबसे बडे.उदाहरण समाजवादी पार्टी ने क्या कभी किसी दलित नेता को मुख्यमंत्री बनाया? क्या किसी को समाजवादी पार्टी ने संगठन का शीर्ष नेतृत्व सौंपा? श्री चौधरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के नाम से बने संस्थानों से डॉ. आम्बेडकर का नाम हटा दिया था। ये वही अखिलेश यादव है जिनके मंत्री आजम खां ने बाबा साहब को सार्वजनिक रूप से भू-माफिया बताया और मुख्यमंत्री रहते हुए भी उन्होंने कुछ नही किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की तस्वीर को डॉ. आम्बेडकर के बराबर लगाना न सिर्फ अहंकार है बल्कि दलित समाज की भावनाओं के साथ किया गया एक निंदनीय खिलवाड़ है। बाबा साहब के अपमान को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा। राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि समाजवादी पार्टी का इतिहास दलितों के विश्वासघात से भरा है। अब बाबा साहब की छवि से दलितों को छलने की कोशिश हो रही है। यह राजनीतिक धोखाधड़ी है।

संजय गांधी अस्पताल में राहुल ने एम्बुलेंस सेवा को दिखायी हरी झंडी

अमेठी/लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा चुनाव के बाद बुधवार को पहली बार उत्तर प्रदेश के अमेठी पहुंचे और मुंशीगंज में आयुध कारखाने का निरीक्षण किया। राहुल ने 2007 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त

- **लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार अमेठी पहुंचे राहुल गांधी**

प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार के दौरान इस परियोजना की आधारशिला रखी थी। गांधी ने इसी परिसर में स्थित इंडो-एशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड की इकाई का भी निरीक्षण किया, जिसका उद्घाटन तीन मार्च, 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इन दोनों इकाइयों में राइफल का विनिर्माण कार्य अब शुरू हो चुका है।

कांग्रेस नेता ने इन दोनों कारखानों में करीब एक घंटा बिताया और राइफलों का परीक्षण किया। साथ ही उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया को समझने के लिए अधिकारियों से बातचीत भी की। इसके बाद, वह संजय गांधी अस्पताल गए जहां उन्होंने लगभग 3.50 करोड़ रुपये की

लागत से निर्मित एक नयी ह्रदय इकाई का उद्घाटन किया। गांधी को इस सुविधा और अस्पताल के कामकाज के बारे में प्रशासक मनोज मट्टू द्वारा जानकारी दी गई। कांग्रेस नेता ने अस्पताल द्वारा संचालित एक नयी एम्बुलेंस सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। यात्रा के दौरान, गांधी ने इंदिरा गांधी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रगति की समीक्षा की। इस परियोजना से राहुल गांधी निजी तौर पर जुड़े हुए हैं और इसे अपने सपने की परियोजना मानते हैं। उन्होंने यहां विद्यार्थियों और शिक्षकों से बातचीत की और संस्थान की गतिविधियों का जायजा लिया।

संजय गांधी अस्पताल और इंदिरा गांधी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, दोनों का प्रबंधन नयी दिल्ली स्थित संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा किया जाता है जिसकी अध्यक्ष कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी हैं और राहुल गांधी इसके ट्रस्टी हैं। राहुल गांधी ने अपना राजनीतिक सफर अमेठी के सांसद के रूप में शुरू किया और 2019 तक इस लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2019 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्मृति ईरानी से वह चुनाव हार गए थे। वर्ष 2024 में उन्होंने रायबरेली से चुनाव लड़ा और वहां से जीत हासिल की। अमेठी से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा राहुल गांधी की इस यात्रा में उनके साथ थे।

60 वर्ष से अधिक आयु के ट्रांसजेंडर को मिलेगी वृद्धाश्रम की सुविधा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उत्तर प्रदेश में सामाजिक समरसता और समावेशी विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब राज्य में 60 वर्ष से अधिक आयु के

- **ट्रांसजेंडर वरिष्ठों को वृद्धाश्रम में बेहतरीन सुविधाएं मुहैया करायेगी योगी सरकार**
- **वृद्धाश्रम में पेंशन व आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं भी होगी उपलब्ध**

ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को वृद्धाश्रम की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें न केवल आश्रय मिलेगा, बल्कि एक सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन जीने का अवसर भी मिलेगा। इसके साथ ही उन्हें पेंशन, आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य जांच, भोजन और मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग जैसी आवश्यक सेवाएं भी दी जाएंगी।

ट्रांसजेंडर वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह सुविधा एक संवेदनशील और दूरदर्शी सोच का प्रतीक है, जो समाज के ऐसे वर्ग के लिए है, जिसे दशकों तक उपेक्षा और भेदभाव का सामना करना पड़ा। योगी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश में ट्रांसजेंडर समुदाय को समान अधिकार, गरिमा और अवसर मिलें। प्रदेश में ट्रांसजेंडरों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए उनका पंजीकरण भी किया जा रहा है।

हर जिले में सक्रिय है ट्रांसजेंडर सुरक्षा सेल : ट्रांसजेंडर समुदाय की सुरक्षा और समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रदेश सरकार ने हर जनपद में ट्रांसजेंडर सुरक्षा सेल की स्थापना की है। जिलाधिकारी देखरेख में इस सेल संचालित की जा रही है, जिससे इनकी कार्यप्रणाली प्रभावी और उत्तरदायी बनी रहे। इसके अतिरिक्त, राज्य स्तर पर भी ट्रांसजेंडर प्रोटेक्शन सेल का गठन किया गया है जो समग्र

निगरानी और नीति-निर्माण में सहयोग करता है। सुरक्षा सेल के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को पुलिस संरक्षण, कानूनी सहायता, उत्पीड़न के मामलों में कार्रवाई और सामाजिक पुनर्वास जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। इससे ट्रांसजेंडर व्यक्तियों में भयमुक्त वातावरण का संचार हुआ है।

वृद्धाश्रम में मिलेगी संपूर्ण देखभाल की सुविधा : योगी सरकार द्वारा संचालित वृद्धाश्रमों में ट्रांसजेंडर वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्यवस्थित और संवेदनशील देखभाल व्यवस्था की गई है। इनमें पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य जांच, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकीय देखरेख और मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग सेवाएं शामिल हैं। इन वृद्धाश्रमों में सामुदायिक गतिविधियों, पुस्तकालय, योग एवं ध्यान सत्र जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें सक्रिय और सकारात्मक जीवन जीने के अवसर मिल रहे हैं। इसके अतिरिक्त, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को मासिक पेंशन और आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी दिया जा रहा है।

ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए केवल वृद्धाश्रम की सुविधा ही नहीं, बल्कि योगी सरकार ने व्यापक स्तर पर योजनाएं शुरू की हैं। वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए समर्पित कल्याण नीति लागू की। इसी वर्ष उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड का गठन किया गया, जो योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालता है। गोरखपुर में पहला गरिमा गृह स्थापित किया गया है, जो ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल के रूप में कार्य कर रहा है। इस गृह में रहने, शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास से संबंधित समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

अब तक 1,067 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पहचान पत्र जारी किए जा चुके हैं, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी हो रही है। साथ ही 248 ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है, जिससे वे शिक्षा की मुख्यधारा में आकर आत्मनिर्भर बन सकें। योगी सरकार का लक्ष्य एक समावेशी समाज का निर्माण करना है, जहां हर व्यक्ति को सम्मान और अवसर मिले। ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रमुख सचिव, समाज कल्याण एल. वेकेंटेश्वर लू ने कहा कि आने वाले समय में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए और योजनाएं लाई जाएंगी, ताकि उनका सामाजिक, आर्थिक और मानसिक सशक्तिकरण हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा ट्रांसजेंडरों का पंजीकरण कार्य किया जा रहा है जिससे उनको सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। साथ योजनाओं का प्रचार प्रसार के लिए प्रदेश स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए गैरसरकारी संगठनों की भी सहायता ली जाएगी।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने शहीद जवान के जनाजे को दिया कंधा

प्रयागराज/लखनऊ। प्रयागराज जनपद के बरौत निवासी बीएसएफ के जवान शहीद गुलाम मोहम्मद के जनाजे में आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने शामिल होकर कन्धा दिया।

बीएसएफ के जवान गुलाम मोहम्मद पश्चिम बंगाल में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे, जिन्हें आज उनके पैतृक गाँव बरौत में पूरे सम्मान के साथ सुपुर्दे खाक किया गया। शहीद गुलाम मोहम्मद के जनाजे में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के साथ हंडिया विधायक हाकिम लाल बिन्द, जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, डॉ. सुरेश मौर्य, दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव, नाटे चौधरी, अरविन्द वर्मा, दिलशाद खां, सुरेश यादव, संजय मौर्य, सुमित विश्वकर्मा, बृज लाल यादव, अतर सिंह, रवि यादव, असगर अली अंसारी आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

अक्षय तृतीया पर बटुकों का हुआ सामूहिक यज्ञोपवीत

प्रतापगढ़। अठेहा क्षेत्र के हनुमानगंज स्थिति अम्बिका संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय में अक्षय तृतीया पर वटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार हुआ। वही कार्यक्रम में संस्कृत शिक्षा की महत्वतता पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रयागराज संस्कृत पाठशाला निरीक्षक पवन कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत विद्वान पं0 राधारमण द्विवेदी व संचालन डॉ0 शक्तिधर नाथ पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में अक्षय तृतीया के महत्व पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी हुई। इस मौके पर रामअवध मिश्र, उमाशंकर शुक्ल, आमोद पाण्डेय, अमित शुक्ल रहे।

तमंचे के साथ धराया आरोपी, गया जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को तमंचे के साथ धर दबोचा। कोतवाली के दारोगा दीपक यादव बुधवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। शीतलमऊ जैनपुर रोड पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने आरोपी को दौडाकर पकड़ा। तालाशी लेने पर आरोपी के पास से एक तमंचा व कारतूस के तीन खोखे बरामद हुये। पूछताछ में आरोपी की पहचान सुल्तानपुर जिले के पाण्डेय बाबा थाना मोतीगरपुर निवासी रामनारायण तिवारी के पुत्र सुधीर तिवारी की हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है। आरोपी को दोपहर बाद जेल भेज दिया।

दुर्घटना में युवक की मौत से कोहराम

प्रतापगढ़। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुची तो परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात निवासी वैजनाथ का पुत्र हिमाशु सरोज 24 मंगलवार की देर रात बाइक द्वारा घर से किसी काम से निकला था। सांगीपुर थाना के डभियार के समीप एक भट्ठे के समीप अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। आनन-फानन में घायल युवक को लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। प्रारम्भिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रायबरेली एम्स रेफर कर दिया। रास्ते में ही युवक की मौत हो गयी। मृतक के मामा रायबरेली जिले सलोन थाना के कान्हापुर निवासी चन्द्रकेश सरोज ने दुर्घटना में युवक की मौत को लेकर तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर सांगीपुर पुलिस ने बुधवार को अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादन हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए बुधवार को भेजवाया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

मेंटीनेंस के लिए दो दिन की जायेगी बिजली कटौती

बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील अन्तर्गत विद्युत केंद्र के पटखौली, खेसरहा एवं तिलौली फीडर के तहद पड़ने वाले सभी गांवों की विद्युत विभाग की तरफ से दिन में बिजली कटौती की जाएगी। यह जानकारी बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा दी गई। अधिकारी ने बताया गया कि गर्मी में बिजली की खपत बढ़ जाती है, जिससे तारों पर लोड बढ़ता है। अगर जर्जर तार रहेंगे तो हीट होकर टूट सकता है। वहीं हाईटेंशन तार से सटे पेड़ की टहनियां तारों के ऊपर दबाव बनती हैं। इससे तेज हवा चलने पर पेड़ की टहनियां विद्युत तार से टकराने लगती है। जिससे तार के आपस में टकराने पर पार्किंग होने लगता है। इससे तार टूटने का खतरा तो रहता है, साथ ही विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हो जाती है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। इन सब को देखते हुए आरडीएसएस योजना के तहत 11 हजार बोल्ट के जर्जर तार बदले जा रहे हैं। साथ ही बिजली के पोल से लेकर ट्रांसफार्मर के मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है। बिजली निगम के जेई दिनेश कुमार ने बताया कि 11हजार बोल्ट के मेन लाइन के मेंटेनेंस का काम चल रहा है। इससे बांसी विद्युत केंद्र के पटखौली, खेसरहा एवं तिलौली फीडर के तहत पढ़ने वाले सभी गांवों की दिन में बिजली कटौती की जाएगी। बीच-बीच में काम को देखते हुए, बिजली आपूर्ति बहाल भी हो सकती है।

अव्यवस्था पर भड़के डीएम, चिकित्सा अधीक्षक को फटकार

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया सतघरवा का औचक निरीक्षण

बलरामपुर। आमजनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाना सुनिश्चित किए जाने हेतु डीएम पवन अग्रवाल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया सतघरवा का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वाटर कूलर में शीतल पेयजल की उपलब्धता का जायजा लिया। वाटर कूलर संचालित पाया गया। उन्होंने ओपीडी कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, लेबर रूम आदि का निरीक्षण किया। आर्थो चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए एवं इंजेक्शन कक्ष बंद पाया गया, जिस पर डीएम ने चिकित्सा अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाई, उन्होंने लेबर रूम का भी निरीक्षण किया एवं खाली बेड पाए जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को सुधार लाते हुए सभी व्यवस्थाएं बेहतर किए जाने के निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से भी वार्ता की एवं बाहर से दवा तो नहीं लिखी जा रही इसका फीडबैक प्राप्त किया। मरीजों ने बताया कि बाहर से दवा नहीं लिखी जा रही है। इस दौरान उन्होंने वैक्सीन एवं अन्य लॉजिस्टिक कक्ष का भी निरीक्षण किया एवं नियमित टीकाकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे

डीएम ने किया कार्यालय खंड विकास अधिकारी हरैया सतघरवा का औचक निरीक्षण

बलरामपुर। डीएम ने विकास खंड हरैया सतघरवा ग्राम पंचायत सिंहपुर में अमृत सरोवर का किया निरीक्षण, बेहतर व्यवस्था का निर्देश दिया। डीएम पवन अग्रवाल द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी हरैया सतघरवा का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया एवं विभिन्न पटलों के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने पत्रावलियों के सुव्यस्थित एवं बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में बने सामुदायिक शौचालय बंद पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एडीओ पंचायत के विरुद्ध कार्रवाई की जाने का निर्देश दिया। परिसर में ही बने मीटिंग हॉल की स्थिति में सुधार लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने परिसर में निष्प्रयोज पड़े भवनों की मरम्मत आदि कराते हुए प्रयोग में लाए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने विकासखंड हरैया सतघरवा में ग्राम पंचायत सिंहपुर में अमृत सरोवर एवं आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया। अमृत सरोवर पर योजना से संबंधित बोर्ड न लगा पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी की व्यक्त करते हुए, सभी व्यवस्थाओं में सुधार लाए जाने का निर्देश दिया। आरआरसी सेंटर बंद पाया गया, डीएम ने आरआरसी सेंटर के संचालन कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी/ उपस्थित रहे।

फर्जीवाड़े में दो असिस्टेंट बैंक मैनेजर सहित 5 गिरफ्तार

बलरामपुर। वादिनी सीमा देवी द्वारा थाना रेहरा बाजार पर लिखित तहरीरी सूचना दी गई कि विपक्षी रामबाबू गुप्ता निवासी अधीनपुर थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर एवं सुशील तिवारी निवासी रेहरा बाजार थाना रेहरा बाजार द्वारा संगम स्वयं सहायता समूह ग्राम पंचायत बंजरिया हुसैन के खाते में यूपीएसआरएलएम से प्राप्त धनराशि रू0-1,10.000.00 तथा खाते में बैंक द्वारा अन्तरित ब्याज की धनराशि जोड़कर कुल रू0 1,36,253.00 के सापेक्ष 14 फरवरी को राम बाबू गुप्ता ने सुशील के द्वारा सुनियोजित तरीके से नकद निकासी का चेक जारी कर समूह के खाते से फर्जी तरीके से 1,35,000 रु0 निकाल लिया गया है, जिसके संबंध में थाना रेहरा बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा थाना रेहरा बाजार अन्तर्गत हुई उक्त फजीर्वाड़े की घटना के अनावरण हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उ0 योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी थाना रेहरा बाजार के नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक रेहरा बाजार दुर्गेश कुमार सिंह मय पुलिस टीम के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा से संबंधित 02 नामजद अभियुक्तों क्रमशः रामबाबू गुप्ता निवासी अधीनपुर थाना रेहरा बाजार .सुशील तिवारी निवासी रेहरा बाजार थाना रेहरा बाजार को बस स्टैण्ड रेहरा बाजार से तथा विवेचना से प्रकाश में आये 03 सह अभियुक्त (बैंक कर्मी) .असिस्टेंट मैनेजर अतिन सक्सेना पुत्र शेखर सक्सेना . असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर प्रकाश सौरभ पाल पुत्र ओम प्रकाश पाल . रिंकू शर्मा उर्फ कौशल कुमार पुत्र सर्वजीत शर्मा को इंडियन बैंक रेहरा बाजार से गिरफ्तार कर अभियुक्त गण के विरुद्ध अतिरिक्त धारा की बढ़ोत्तरी कर न्यायालय रवाना किया गया है।

अवैध शस्त्र गिरोह का भंडाफोड़

दो गिरफ्तार ,5 अवैध पिस्टल बरामद

मुकेश कुमार गुप्ता

मेरठ। मुजफ्फरनगर से अवैध पिस्टल खरीद कर मेरठ तथा आसपास के क्षेत्र में बेचने वाले तस्कर गिरोह के दो सदस्यों को थाना सरूरपुर तथा स्वाट टीम ने गिरफ्तार करने का दावा करते हुए मैगजीन के साथ पांच अवैध पिस्टल, कारतूस, एक मोटरसाइकिल बरामद की है। यह जानकारी एसपी देहात तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी सरधना संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को पत्रकारों को दी। गिरफ्तार तस्कर गिरोह के सदस्य आदित्य 24 वर्ष मेरठ के थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र के शिवलोकपुरी तथा सावेज थाना लिसाड़ीगेट क्षेत्र के अहमदनगर का रहने वाला है। अवैध रूप से हथियारों की तस्करी करने वाले गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह मुजफ्फरनगर के रहने वाले छोटू से एक पिस्टल ?30 हजार में खरीदते थे और उसे 50 हजार से ?60 हजार में सोशल मीडिया का सहारा लेकर ग्राहकों को बेच दिया करते थे ताकि उनका जीवन यापन हो सके। उन्हें किसी परिचित ने बताया था की थाना सरूरपुर क्षेत्र में एक पिस्टल की मांग है जिसके लिए टूटी पुलिया का स्थान चिन्हित हुआ था लेकिन इस दौरान थाना सरूरपुर प्रभारी अजय शुक्ला, स्मार्ट टीम निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा की टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी देहात ने बताया सावेज पूर्व में भी 2023 में 302 हत्या के मामले में जेल जा चुका व है दोनों ही आरोपी का आपराधिक इतिहास है। एसपी देहात के मुताबिक इस पूरे हथियार तस्कर गैंग की चैन कहां तक बनी हुई है उसके लिए पुलिस टीम काम कर रही है ताकि इस पूरे तस्कर गिरोह का खुलासा हो सके।

हर घर की मां एक श्रेष्ठ चिकित्सक : डॉ अंकुर त्यागी

जिला संवाददाता (vol)

मेरठ। स्वच्छता, स्वास्थ्य संस्कार को हर घर दस्तक से मां आरोग्य मित्र की पहल से मोहल्ले से शुरू होकर हर घर की रसोई तक पहुंचाने का प्रयास डॉक्टर अंकुर त्यागी के द्वारा बनाई गई एक छोटी सी मुहिम का असर देख वार्ड में पहुंचे महापौर हरिकांत अहलूवालिया और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कटारिया के द्वारा मां आरोग्य मित्र की पहल की सराहना करते हुए कहा यह पहल बने देश की पहल जहां न केवल स्वस्थ बल्कि सफाई आपदा और सरकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने हीट वेव कॉर्नर, परिवार नियोजन कॉर्नर और फर्स्ट ऐड किट के विचार को सराहा और सरकारी दवाई और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को एक घर तक स्वच्छता और स्वस्थ पहुंचाने के कार्य की आशा ए एन एम, आगनवाड़ी, सफाई कर्मचारियों की सराहना कर अंकुर त्यागी के मां आरोग्य मित्र विचार को एक आदर्श विचार बताया। डॉक्टर अंकुर त्यागी ने बताया कि दस्तक एक शासन के द्वारा चलाया गया कार्यक्रम है जिसमें उनके द्वारा इस दस्तक के साथ हर घर स्वास्थ्य कर्मी एक वार्ड के हर घर में जा कर योजनाओं को हर घर तक पहुंचाए। बल्कि एक हेल्थ कैंप लगा कर वार्ड 29 के केवल एक आशा के एरिया को सभासद, आशा आगनवाड़ी की सहायता से दस्तक मां आरोग्य मित्र के कार्य को पूरा किया जाए। डॉक्टर अंकुर त्यागी मां आरोग्य मित्र को एक घर की रसोई से जोड़कर साधारण भाषा में बताने का प्रयास कर रहे है कि एक घर की मां चिकित्सक है रसोई औषधालय है फल सब्जी मसाले दवाई है ओर घर के सदस्य अगर रोगी है। तो प्राचीन काल से चलीआ रही जानकारी को साधारण भाषा में समझकर हम मां को घर का आरोग्य मित्र बना सकते है प्राचीन ग्रंथों में एकल औषधी से चिकित्सा के प्रमाण मिलते है जैसे कि सेव हृदय के आकार का है तो सेव हृदय के लिए लाभकारी है ऐसे ही लौंग दांत काली मिर्च ,बादाम आंख अखरोट दिमाक लौकी पेट संतरा किडनी इत्यादि के आकार से शरीर के लिए लाभकारी है।

संघ प्रमुख ने पखारे वनवासी कन्या के पांव, किया कन्यादान

वाराणसी। शंकुलधारा पोखरे पर आयोजित अक्षय कन्यादान महोत्सव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने सोनभद्र की जोगीडीह निवासी वनवासी कन्या रजवंती के पिता की भूमिका निभाई। कन्यादान किया और उसके पांव पखारे। रजवंती का विवाह सोनभद्र के रेणुकूट निवासी आदिवासी समाज के अमन के साथ हुआ है। वहीं, अलग-अलग 125 वेदियां बनाई गईं, जहां समाज के अलग-अलग लोगों ने पिता की भूमिका निभाते हुए कन्यादान किया। इससे पहले आरएसएस प्रमुख के साथ ही अलग-अलग समाज के प्रमुख लोगों के साथ बरात का स्वागत किया।

धूमधाम से मना परशुराम जन्मोत्सव

प्रतापगढ़। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर विभिन्न स्थानों पर धूम-धाम से समारोह पूर्वक आयोजन हुये। मुख्य कार्यक्रम डभियार के समीप भगतपुर तिराहे पर स्थिति भगवान परशुराम के मंदिर पर हुआ। यहां ब्राम्हण महासभा भारत के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी पं0 शिवशंकर सोहगौरा तथा डां0 शशिधर तिवारी के संयोजन में अनुयायियों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्प वर्षा व भव्य आरती कर आराधना पूजा की।

वही ब्राम्हण महासभा भारत के तत्वाधान में मंदिर से किठावर बाजार व पहाड़पुर से कार्यक्रम स्थल तक भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से एक सेक्सन पीएससी व सांगीपुर व अंतू थानों की पुलिस मशक्कत करती दिखी। जयंती समारोह में लोक गायक पं0 परशुराम क्रोधी के भजनों पर लोग मंत्रमुग्ध दिखे। कार्यक्रम में आयोजन समिति के डॉ0 शशिधर तिवारी व मुख्य अतिथि पं0 शिवशंकर तिवारी सोहगौरा द्वारा समाजसेवी राणा सूबेदार सिंह चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल, आचार्य राजेन्द्र पाण्डेय, अधिवक्ता कमलेश मिश्र राजा, समाजसेवी आनन्द प्रकाश त्रिपाठी, लोक गायक परशुराम क्रोधी, विवेक मिश्र, रवीन्द्र तिवारी को भगवान परशुराम का चित्र तथा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल से लेकर शोभायात्रा में भगवान परशुराम का जयघोष गूंजता दिखा। वही रैठे स्थिति जीव जंतु कल्याण सेवा आश्रम में भगवान परशुराम की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। यहां स्वामी जितेन्द्र तिवारी ने कहा कि ब्राम्हण सर्वकल्याण का उपासक हुआ करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान रामचंद्र तिवारी व संचालन भईयाराम तिवारी ने किया। इस मौके पर रवीन्द्र तिवारी, महेश प्रसाद तिवारी, मोनू तिवारी, मुन्नू तिवारी, आचार्य त्रिवेणीधर शुक्ल आदि रहे। इधर बाबा घुइसरनाथ के समीप बूढेश्वरनाथ धाम में भी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के संयोजक रामकृष्ण मिश्र नगरहा के संयोजन में सामूहिक सुंदरकाण्ड का आयोजन हुआ। यहां भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प वर्षा भी हुई।

स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने कसे पेच

- लापरवाह आशाओं पर होगी सख्त कार्रवाई
- आभा आईडी बनाने में आए तेजी
- आशाओं का भुगतान अब आधार से जुड़ा होगा

जिला संवाददाता (vol)

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने व पोर्टल अपडेटिंग जैसे मुद्दों पर गहन समीक्षा हुई। गंभीरता से काम न करने वाली आशाओं पर होगी कार्यवाही बैठक में आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जो आशा कार्य में लापरवाही बरत रही हैं, उन्हें चिन्हित कर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। मासिक क्लस्टर बैठकों में आशाओं को उनके कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील भी किया जाए। बी बर्थ डोज अनिवार्य समस्त अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि सभी नवजात शिशुओं को जन्म के 24 घंटे के भीतर हेपेटाइटिस बी का बर्थ डोज अवश्य लगाया जाए। वीएचएसएनडी सत्रों का हो सही संचालन वीएचएसएनडी सत्र माइक्रोप्लान के अनुसार संचालित हों, यह सुनिश्चित किया जाए। इसमें लापरवाही करने वाली एएनएम पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। टीडी अभियान में आ रहे प्रतिरोध पर विशेष बैठक के निर्देश कुछ शिक्षा संस्थानों द्वारा टीडी अभियान में प्रतिरोध की जानकारी पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक कराकर 100% टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। आशा द्वारा लाभार्थियों का आधार व बैंक विवरण उपलब्ध कराए बिना भुगतान न किया जाए। आधार कार्ड पर भी यह विवरण अंकित किया जाए। आभा आईडी निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश जिलाधिकारी ने कहा कि आशा और सीएचओ द्वारा आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वीएचएसएनडीसी फंड से इन्फैंटोमीटर क्रय कर उसकी शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करें। जमुनहा ब्लॉक की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे सुधार कार्यों पर विशेष ध्यान दें और कोल्डचेन की स्थिति सुधारें। बैठक का संचालन डीसीपीएम राकेश गुप्ता ने किया। मौके पर सीडीओ शाहिद अहमद, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह, अपर सीएमओ, डब्ल्यूएचओ व यूनिसेफ प्रतिनिधि सहित सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारीगण व हेल्थ पार्टनर्स उपस्थित रहे।

दो वारंटी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- थाना बांसी पुलिस ने बुधवार को दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटी गिरफ्तारी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पहला मामला वाद संख्या 37/18 से जुड़ा है, जिसमें धारा 323 और 504 के तहत शिवपूजन को गिरफ्तार किया गया। दूसरा मामला वाद संख्या 1423/17 का है, जिसमें धारा 147 और 504 के तहत किसमती को हिरासत में लिया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार किए गए शिवपूजन बसंतपुर टोला घघरवा के रहने वाले हैं। वहीं किसमती बलुआ की रहने वाली हैं। दोनों थाना बांसी क्षेत्र के निवासी हैं। गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक विनय पासवान, उपनिरीक्षक विजयप्रकाश दीक्षित, मुख्य आरक्षी शैलेंद्र प्रतापचंद्र और महिला आरक्षी गीताजंली कुशवाहा की टीम शामिल रही।

सेवानिवृत्त मुख्य सेविका को समारोह पूर्वक दी गयी विदाई

प्रतापगढ़। स्थानीय ब्लाक सभागार में बुधवार को बाल विकास परियोजना रामपुर खास की सेवानिवृत्त मुख्यसेविका सुषमा शुक्ला को समारोह पूर्वक विदाई दी गयी। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी उदय कुमार मिश्र ने रिटायर्ड मुख्य सेविका सुषमा को प्रतीक चिन्ह व प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन ब्लाक को - आर्डिनेटर सुनील सिंह ने किया। इस मौके पर लिपिक ज्ञानवीर सिंह, ब्लाक को - आर्डिनेटर पूनम, वंदना, सोना, सुशीला, धर्मा देवी, द्वुईजा, कुसुम शुक्ला, सुनीता देवी, साक्षी तिवारी, सुमनलता, आराध्या यादव आदि रहे।

अवैध वाहन सीज, जागरूकता अभियान चला

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर भिनगा कोतवाली क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस ने अवैध ई-रिक्शा व डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। प्रभारी यातायात मो. शमीम की टीम ने कई स्थानों पर चेकिंग की। हेलमेट दुकानों की जांच कर बीआईएस मानक पालन की हिदायत दी गई। लव विद्यापीठ छात्रों ने सड़क पर ध्यान दें जैसे स्लोगन के साथ लोगों को जागरूक किया। चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और नशा न करने की शपथ दिलाई गई। 10 मई को लोक अदालत की जानकारी भी दी गई।

सांसद जगदंबिका पाल ने अष्ट धातु से निर्मित योग की कर्ण मुद्रा किया लोकार्पण

सिद्धार्थनगर। जिले के नगर पंचायत उसका बाजार के तेतरी बाईपास पर अष्ट धातु से निर्मित योग की कर्ण मुद्रा का लोकार्पण मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल व विशिष्ट अतिथि विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा किया गया किया। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने कहा कि इस कर्ण मुद्रा का लोकार्पण कस्बा के लिए एक नई पहचान होगी और योग के लिए सभी को प्रेरित भी करेगी। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत जायसवाल की मांग पर सांसद ने नगर क्षेत्र के तीनों मार्गों को लिंक कराने का आश्वासन दिया। पूर्व अध्यक्ष हेमंत जयशवाल ने सांसद पाल का आ आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया, विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी रही ने कर्ण मुद्रा को आकर्षण का केंद्र बताया। जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर ने नगर क्षेत्र में कराए जा रहे गुणवत्तापूर्ण विकास कार्यों की सराहना करते हुए नागरिकों से सुरक्षा करने का आह्वान किया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू जायसवाल ने पिछले दो वर्षों में नगर के विभिन्न विकास कार्यों को बताया और सांसद से कस्बा के कूड़ा नदी पर कस्बा के व्यवसायिक विकास के लिए एक पुल स्थापना की मांग किया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, ईओ अभिनव श्रीवास्तव, सभासद मयंक पाण्डेय, राजेश श्रीवास्तव, अयोध्या शाहू, सूरज मोदनवाल, कल्लू, विभूति मोदनवाल, अंगद साहनी, आशीष शुक्ला, विनोद वर्मा, रणजीत सिंह, सुजीत अग्रहरी, दिलीप, श्रीधर पाण्डेय, सोमनाथ मिश्र, सुरेंद्र पाण्डेय, हेमचंद सिंह, राकेश आर्या, सच्चिदानंद चौबे, सुनील जायसवाल, राजधर पाण्डेय, रामलाल आदि लोग मौजूद रहे।

निरीक्षण में दवा व जांच किट न मिलने पर भड़के डीएम, एएनएम को नोटिस

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने विकास खंड मिठवल के प्राथमिक विद्यालय नेउसा, पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने एएनएम से गर्भवती महिलाओं की सभी प्रकार की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। एएनएम के पास ड्यू लिस्ट, एचआरपी रजिस्टर, इसके अलावा गर्भवती महिलाओं की होनी वाली जांच रजिस्टर उपलब्ध नहीं था तथा आवश्यक दवा व जांच किट नहीं पाया गया। जिसपर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये एएनएम को नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से सैम मैम बच्चों एवं पोषाहार का वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी ने निर्धारित प्रोफार्मा में सैम मैम बच्चों एवं पोषाहार का वितरण की सूचना अपडेट करने का निर्देश दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी एवं आशा को निर्देश दिया कि गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओ एवं बच्चों को सूचित करें। एएनएम को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नही चाहिए, एत एव सरकारी योजना के उक्त टीकाकरण के लाभ से बच्चों व गर्भवती महिलाओं को जरूर टीकाकरण कर जनहित में सरकारी योजनाओं के लाभ पहुंचा कर योजना की सार्थकता को धरातल पर सिद्ध किए जाने के निर्देश दिए गए।

भाजपाइयों ने अखिलेश यादव का किया पुतला दहन

सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज में बुधवार को भाजपा कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का पुतला दहन किया। यह कार्यक्रम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के सामने परिवर्तन चौक पर आयोजित किया गया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दलित विरोधी अखिलेश यादव मुदार्बाद के नारे लगाए। राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने समाजवादी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मायावती के साथ हुआ गेस्ट हाउस कांड और कन्नौज मेडिकल का नाम बदलने जैसी घटनाएं सपा सरकार में हुईं। उन्होंने सपा को सबसे बड़ा दलित विरोधी बताया। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि सपा प्रमुख डॉ. अंबेडकर के नाम पर केवल वोट लेना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि बाबा साहब का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संक्षेप

गन प्वाइंट पर महिला को बंधक बनाकर लाखों की लूट

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के असवनपार पुलिस चौकी के समीप असवनपार गांव में मंगलवार की रात घर में घुसे बदमाशों ने महिला को गन प्वाइंट पर लेकर लाखों रुपए के गहने, नकदी और कपड़े लूट कर भाग निकले। असवनपार निवासी ब्रम्हानंद मुंबई में नौकरी करते हैं। उनके दो बेटे बंगलौर में रहते हैं। घर में ब्रम्हानंद की पत्नी वंदना देवी अकेले रहती है। वंदना देवी रात को मकान के अंदर बिस्तर पर सोई थी। रात करीब बारह बजे चार बदमाश घर के बगल में बने शौचालय की छत पर चढ़ कर घर में दाखिल हो गये। इस दौरान बदमाश महिला की कनपटी पर तमंचा लगा दिया और कमरे की चाभी मांगने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने गमछे से महिला के हाथ पैर बेड में बांध दिये और ताकिये के नीचे रखे चाभी ले ली बदमाश दो कमरे का ताला खोला और बक्सा तोड़कर अगूठी, मांग टीका मंगलसूत्र, चेन कानफूल, सुई धागा, टप्स, पायल, पाव जेब, पर्स में रखा चार हजार नकदी व नयी साड़ियां समेट कर भाग निकले। बदमाशों के जाने के बाद महिला ने वारदात की सूचना पुलिस को दी। पुलिस रात को मौके पर पहुंची थी। बुधवार को एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीड़िता ने तहरीर दी है। जांच की जा रही है।

देश की सेवा करना चाहती हैं : झील श्रीवास्तव

चरगांवा, गोरखपुर। चरगांवा विकास खण्ड क्षेत्र के जंगल धूसड़ निवासी प्रधानाध्यापक व पत्रकार विवेक श्रीवास्तव की सुपुत्री झील श्रीवास्तव ने 93.4 फीसदी अंक प्राप्त कर अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि वह आगे चलकर और कठिन परिश्रम करते हुए देश की सेवा करना चाहती है। गौरतलब है क्षेत्र के धर्मपुर स्थित आईसीएसई बोर्ड से संचालित लिटिल फ्लावर स्कूल में अध्ययनरत झील श्रीवास्तव हाई स्कूल की छात्रा है।

कब्जामुक्त करायें जमीन, दबंगों को सिखायें सबक

समस्या का समाधान करायेंगे, घर जाने का किराया भी देंगे : मुख्यमंत्री

जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। चिंता मत करिए। आपकी समस्या का समाधान कराएंगे और यहां से वापस घर जाने का किराया भी देंगे। संवेदना के पुट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले इस आत्मीय संबल ने जमीनी विवाद की समस्या लेकर जनता दर्शन में आई महिला कृतज्ञता के भाव में करबद्ध हो गई। हुआ यूं कि गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान एक महिला ने जमीनी विवाद से जुड़ी समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर सीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही का निर्देश देते हुए महिला को भरोसा दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का यह आश्वासन सुनते ही महिला ने भारी मन से एक और पीड़ा बता दी। कहा कि घर वापस जाने के लिए किराया नहीं है। महिला की यह बात सुन सीएम योगी ने कहा, परेशान मत होइए, घर जाने का किराया भी मिल जाएगा। इतना कहते ही उन्होंने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों से महिला को किराए की रकम देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के इस भावपूर्ण व्यवहार पर महिला करबद्ध होकर कृतज्ञता जताने लगी। बुधवार को आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और सभी समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित किए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानून सम्मत सख्त एक्शन लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। हर बार की भांति इस बार के जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें दुलारकर आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।

बच्चों को पास बुलाकर की सीएम योगी ने मुलाकात, दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में अपने परिजनों के साथ गुरु गोरखनाथ का दर्शन करने आए बच्चों पर खूब प्यार-दुलार बरसाया। उन्होंने इन बच्चों से खूब बातें की, हंसी-ठिठोली के बीच उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और फिर चॉकलेट देते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह सीएम योगी मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले थे। भ्रमण के दौरान सीएम योगी की नजर परिजनों के साथ आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने सबको अपने पास बुला लिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ उनसे खूब हंसी ठिठोली भी की। सबको चॉकलेट देकर और सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार, आशीर्वाद दिया। कुछ छोटे बच्चों को उन्होंने अपने हाथ से चॉकलेट खिलाया। सीएम योगी ने चार माह के जुड़वा बच्चों (भाई-बहन) को अपनी गोद में लेकर दुलार किया और आशीर्वाद दिया।

हर घर नल योजना का विधायक ने किया निरीक्षण

इटावा। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना जिससे ग्रामीण क्षेत्र के हर घर में नल से जल द्वारा जलापूर्ति का बीहड़ी क्षेत्र के गांव बीधूपुरा में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने स्थलीय निरीक्षण किया और योजना की सफलता पर अधिकारियों को प्रोत्साहित किया इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर पट्टी क्षेत्र के बीहड़ी इलाकों सहित पूरे देश की महिलाओं का दर्द समझा और गांव-गांव में हर घर में नल योजना के तहत जिला पूर्ति की व्यवस्था की गांव-गांव में पानी की टोंकियां बनाई गई जो आजादी की बात अब तक का सबसे महत्वपूर्ण जनित का कार्य है जिसकी ग्रामीण क्षेत्र में बहुत प्रशंसा हो रही है। निरीक्षण के दौरान जल निगम ग्रामीण अधिशासी अभियंता, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू चैधरी, किसान मोर्चा के जिलामंत्री अशोक चैहान, चंदन पोरवाल सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

भूतपूर्व सैनिकों की समस्या को गंभीरता से लिया जाये : डीएम

इटावा। जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए एवं इनका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने कहा कि यह भूतपूर्व सैनिक जिनकी वजह से आज हम सभी यहां पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा अपने देश के नाम अपनी जान को न्योछावर कर दिया गया। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में इनके आने पर इनका सम्मान किया जाए। उन्होंने कहा कि इनका काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाए एवं उनके कार्य में किसी भी तरीके का विलंब ना किया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनय मणि त्रिपाठी, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा भूतपूर्व सैनिक बंधु आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने विशिष्ट पुरातन छात्रों को किया सम्मानित

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित किया। इनमें प्रख्यात साहित्यकार प्रो. रामदेव शुक्ल, बीएसएफ के डीआईजी रहे व कीर्ति चक्र से सम्मानित नरेंद्र नाथ धर दूबे, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संयुक्त निदेशक प्रवीण कुमार मिश्र, मुंबई में आयकर आयुक्त कृष्ण कुमार मिश्र, भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी वंदना त्रिपाठी, सुपरिचितरियल एस्टेट डेवेलपर शोभित मोहन दास और खगोल भौतिक विज्ञानी प्रो. दुर्गेश त्रिपाठी शामिल हैं। इनके अलावा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित इकबाल अहमद और अन्नू गुप्ता की मंच से प्रशंसा की गई।

वहीं हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा गौरवशाली गोरखपुर विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र बनाने की है। उनके मार्गदर्शन में यह विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के निर्देश पर वह अपनी सांसद निधि से विश्वविद्यालय के लिए जरूरी कार्य कराने जा रहे हैं।

समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि अपनी स्थापना के 75 वर्षों में गोरखपुर विश्वविद्यालय ने अपने विद्यार्थियों के माध्यम से अनेक क्षेत्रों में मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगति यात्रा में सीएम योगी के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न संस्थानों से अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने वाले इस विश्वविद्यालय को यूजीसी ने कटेगरी-1 के विश्वविद्यालय की मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ ज्ञान से श्रेष्ठ मनुष्य और श्रेष्ठ मनुष्य से सशक्त राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करने को यह विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल पोस्ट मास्टर जनरल गौरव श्रीवास्तव, हीरक जयंती समारोह समिति की प्रो. नंदिता सिंह, प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा, प्रो. निखिल कांत शुक्ला भी मंच पर उपस्थित रहे।

आईटीएम के छात्र ने बनाया डिफेंस रोबोट वाहन

गीडा, गोरखपुर। गीडा क्षेत्र स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज (आईटीएम) के बीटेक द्वितीय वर्ष कंप्यूटर साइंस के छात्र अंशित श्रीवास्तव ने डिफेंस रोबो थार नामक एक अत्याधुनिक रक्षा वाहन तैयार किया है, जो एक किलोमीटर दूर दुश्मन के क्षेत्र में घुसकर उनके टैंक और सैन्य वाहनों को विस्फोट से नष्ट कर सकता है। यह रोबो थार कॉलेज के इनोवेशन सेल में दो महीनों की कड़ी मेहनत के बाद तैयार किया गया है। छात्र अंशित ने बताया कि यह रोबोट फाइबर और कार्बन फाइबर से निर्मित है, जिसका आकार लगभग एक फुट और वजन लगभग 400 ग्राम है। यह छोटा दिखने वाला रोबोट 700 ग्राम तक का विस्फोटक लेकर दुश्मन के इलाके में घुस सकता है और लक्षित स्थान पर विस्फोट कर सकता है। इसमें वायरलेस कैमरा लगा है, जो दुश्मन की ऑडियो और वीडियो जानकारी जवानों तक पहुंचाता है। यह हाई रेडियो कंट्रोल रिमोट से संचालित होता है और दुश्मन के वाहनों के नीचे बम रख सकता है। इसके अतिरिक्त यह रोबोट रास्ते में आने वाले लैंडमाइंस को अपने पावरफुल वाइब्रेशन सिस्टम के माध्यम से निष्क्रिय करने में भी सक्षम है। इसे बनाने में लगभग ?45,000 का खर्च आया है। इस परियोजना में थ्री-डी प्रिंटर, हाई फ्रीक्वेंसी ट्रांसमीटर और रिसीवर, मिनी गियर मोटर, वायरलेस कैमरा आदि आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया गया है।

किसान ने फांसी लगायी

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली के क्षेत्र गांव मझखोरिया निवासी किसान गणेश साहू उम्र 50 वर्ष ने सोमवार रात घर के अंदर कमरे में रस्सी से फांसी लगा ली। वहीं मंगलवार सुबह देर तक ना उठने पर पुत्र अनिल जब कमरे में गया तो पिता को लटका देख होश उड़ गये। परिजनो सहित पुलिस को सूचना दी। हल्का इंचार्ज विनोद सिंह ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिये भेजा। बेटा अनिल ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया की पिता शराब के लती थे इसी के चलते फांसी लगा ली। गणेश की मौत से पिता लालू, मां छेदाना, पत्नी रमा और बेटे अनिल व सचिन बेहाल है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अमरनाथ सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र ने शराब के नशे मे फांसी लगाने की शिकायती पत्र दिया है पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

आज अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन द्वारा आमसभा का आयोजन

उन्नाव। दुनिया के मेहनतकशो के पहचान के रूप में प्रसिद्ध मजदूर दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 1 मई 2025 प्रातः 9:00 बजे से अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के नेतृत्व में एक आम सभा का आयोजन झाड़ी शाह बाबा की मजार के पास जिलाधिकारी कार्यालय उन्नाव के बगल में किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न मजदूर नेता शिकागो के शहीदों को याद करते हुए मजदूरों की एकजुटता प्रदर्शित करेगे।

पहलगाम हमले में बाद जनाक्रोश फैला

पाटन, उन्नाव। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को दोपहर 2:45 से 3:00 बजे के बीच हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को दहला दिया है। इस नृशंस वारदात में लगभग 28 निर्दोष पर्यटक मारे गए और दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। जिससे राष्ट्र में तीव्र जनाक्रोश फैल गया है। इस घटना से क्षुब्ध होकर बुधवार को तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में अधिवक्ता संघ और क्षेत्रीय नागरिकों ने संयुक्त रूप से विरोध दर्ज कराया। सभी ने एकमत होकर देशद्रोहियों के खिलाफ स्लोगन लिखी तख्तियां में पाकिस्तान मुर्दा बाद हिंदुस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाकर कठोर कानूनी कार्यवाही की माँग की और जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह को सौंपा। ज्ञापन में आतंकवाद को संरक्षण देने वाली ताकतों पर सख्त कार्रवाई करने, पाकिस्तान समर्थक तत्वों पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाने तथा देश की सुरक्षा नीतियों को और कठोर बनाए जाने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है जब आतंक के हर सरपरस्त को करारा जवाब दिया जाए। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनय कुमार शुक्ल, वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद प्रताप सिंह, राजेश पटेल, राजेन्द्र सिंह राठौर, विनोद द्विवेदी, मुन्नू सिंह, महेंद्र गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की सुनीता सिंह भदौरिया सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

दुल्हन ब्यूटी पार्लर से हुई गायब

दूल्हे ने शादी से किया इनकार

इटावा। शहर में मंगलवार को एक शादी समारोह उस समय तनावपूर्ण स्थिति में बदल गया जब दुल्हन ब्यूटी पार्लर से अचानक लापता हो गई। करीब पांच घंटे बाद वह अपने माता-पिता के साथ बिना तैयार हुए गेस्ट हाउस लौटी, जिससे दूल्हे ने शादी से इंकार कर दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के शिवाजीपुरम निवासी दूल्हा रिशभ वर्मा पुत्र बृजेश की बारात माया मैरिज होम में आई थी, जहां फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र शान्ती कालोनी निवासी युवती की शादी युवक रिशभ वर्मा से तय हुई थी। शादी वाले दिन दुल्हन को तैयार होने के लिए एक ब्यूटी पार्लर भेजा गया था, जहां से वह पार्लर संचालिका को झांसा देकर गायब हो गई। परिजनों द्वारा कॉल करने पर उसका मोबाइल बंद मिला। दुल्हन के गायब होने की खबर जब दूल्हे और उसके परिजनों को मिली तो हड़कंप मच गया। इस तनाव में दूल्हे के पिता को दिल का दौरा पड़ गया, जिन्हें आनन-फानन में सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। रात करीब 10 बजे दुल्हन अपने माता-पिता के साथ गेस्ट हाउस लौटी, लेकिन बिना तैयार हुए। लेकिन दुल्हन आते ही दूल्हे ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। इस घटनाक्रम से आहत वधू पक्ष ने लड़के वालों पर अतिरिक्त दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से लिखित शिकायत की। कोतवाल यशवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दूल्हे पक्ष ने शादी से इनकार के अपने फैसले को नहीं बदला। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। शादी टूटने से दोनों परिवारों में तनाव और गहमागहमी का माहौल बना हुआ है। कोतवाली इंस्पेक्टर यशवंत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि लड़की के पिता के द्वारा अतिरिक्त दहेज मांग करने का आरोप लगाया गया है इस मामले की जांच चैकी प्रभारी को सौंप दी गई है, दूल्हे पक्ष से भी पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

परशुराम सेवा समिति ने मनायी परशुराम जयंती

गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के वीएसएवी इंटर कालेज सभागार में बुधवार को श्री परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। जहां सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तदुपरांत भगवान परशुराम का स्तुति व पूजन अर्चन के बाद उनके महात्म्य का बखान किया गया और इस उपलक्ष्य में आयोजित विशाल भंडारे में भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। परशुराम जयंती कार्यक्रम का आरंभ आचार्य कृष्ण कुमार तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान परशुराम के चित्र के पूजन और माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से कराया। कार्यक्रम में आइएमए के अध्यक्ष डॉ अनिल तिवारी, पीएसएस अध्यक्ष शार्दुल विक्रम तिवारी, उमेश धर द्विवेदी, लल्लन दुबे पूर्व प्रधानाचार्य श्रीराम मिश्र, कांग्रेस नेता महेंद्रनाथ मिश्र व अवधेश मणि तिवारी, प्राचार्य डॉ फूलचंद तिवारी व भाजपा नेता श्यामनारायन दुबे तथा मदरिया मंदिर के शिष्य महंत श्रीश दास ने कहा कि भगवान परशुराम के महिमा का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.
(उ.प्र. सरकार का उपक्रम)
प्रधान कार्यालय, 4-ए, गोखले मार्ग, लखनऊ

NIT
E-Tender Notice

E-tenders are invited in two parts (Part-I Techno Commercial Bid and Part II Price Bid) for following works:-

S.No.	Particulars	Details
1	e-Tendering Notice no.	MEDCO/3032/2025
2	e-Bid Portal (website)	https://etender.up.nic.in
3	Name of Work	Supply of Electrical Items as per Specification (Brand as per BOQ) in MVVNL Head Office 4A Gokhle Marg Lucknow.
4	e-Tender Cost	Rs. 1000+GST Total Rs. 1,180.00 (Non-Refundable)
5	Earnest money deposit	Rs. 2,550.00 (Rs Two Thousand Five Hundred Fifty Only)
6	e-Bid submission end date	16.05.2025, 12:00hrs.
7	Opening date of e-bid part-I	17.05.2025, 14:00hrs.
8	Opening date of e-bid part-II (Price Part)	Will be Notified Later.

Tender Bid document (Tender Specification) are available online on https://etender.up.nic.in as per particulars indicated below. Any changes in the Bid Schedule, corrigendum etc. shall also be notified via same website. Prospective bidders are therefore requested to regularly check the website for any updates.
Note:- Bid shall be accepted through the e-tender portal only. Tender issuing authority is not responsible for the delay/downloading of tender document by the recipient due to any problem in accessing the e- tender website. The tender issuing authority is also not responsible for delay in uploading bids due to any problem in the e-tender website. The Tender Cost and EMD are required to be deposited in Account no. 10101985738 and IFSC code SBIN0003347 of State Bank of India, Ashok Marg Branch, Lucknow and in favour of Executive Engineer to Managing Director, MVVNL through RTGS/NEFT before due date & time of bid submission. The Bank transfer receipt should be uploaded on e-Portal along with the bid documents. However the bidder can submit EMD in the form of NEFT/RTGS/DD/Bankers Cheque also issued from a Scheduled Commercial Bank.
MVVNL reserves the right to reject the offer of any one or all the bidders without assigning any reasons thereof.
Superintending Engineer (HQ) Address -MVVNL, 4-A, Gokhale Marg, Lucknow-226001 E-mail: se.hq@mvvnl.org, Website: https://etender.up.nic.in
SAVE ELECTRICITY & USE LED BULBS IN PLACE OF BULBS IN INTEREST OF NATION
HELP LINE NO. 1800-1800-440
RO NO.-258, Dated 30.04.2025

डीएम के निर्देश पर अवैध कब्जे पर गरजी जेसीबी, दोबारा कब्जा करने पर भूमाफिया घोषित कर दिया जायेगा

उन्नाव। डीएम गौरांग राठी के निर्देश पर सहायक अभिलेख अधिकारी प्रशांत कुमार नायक के नेतृत्व में कटरी पीपरखेड़ा की भूमि संख्या 1704 रकवा पांच बीघा, 1757 रकवा बीघा, 1763 रकवा एक बीघा, 1767 रकवा आधा बीघा, 1628 रकवा तीन बीघा, 921 रकवा ढाई बीघा, 922 रकवा दो बीघा 925 रकवा डेढ़ बीघा कुल नौ गाटे लगभग 20 बीघा जमीन से अवैध कब्जा हटाए गए। इस जमीन पर कुछ लोगों द्वारा छोटी सी नींव भर कर और एक-एक फीट की बाउंड्री बनाकर अवैध कब्जा किया गया था। सहायक अभिलेख अधिकारी ने बताया कि इन लोगों को पूर्व में ही कई बार नोटिस दी गई है परंतु अवैध कब्जेदारियों द्वारा ना ही अवैध कब्जा हटाया गया और ना ही अपने कब्जे के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत किया गया। अवैध कब्जों को जेसीबी के माध्यम से खाली करवाया गया जिसकी कुल बाजारू कीमत लगभग 40 करोड रुपए है। सभी जमीनों की पिलर लगाकर फेंसिंग की गई और सरकारी भूमि का बोर्ड लगाया गया और यह भी चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा किसी के द्वारा अवैध कब्जा किया जाएगा तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करके भू माफिया के रूप में घोषित कर दिया जाएगा।

परशुराम मंदिर परिसर में मनायी जयंती

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गांव हफीजाबाद में स्थित बालखंडेश्वर मन्दिर में बन रहे परशुराम जी के मन्दिर परिसर में परशुराम जयंती बडे धूमधाम से मनाई गई। जयंती समारोह में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। जयंती समारोह के आयोजक डॉक्टर शशांक शेखर शुक्ला, राजीव बाजपेई और शैलेन्द्र शुक्ला ने कहा कि परशुराम जी जो भगवान विष्णु के अवतार हैं और अपने क्रोध के लिए प्रसिद्ध हैं उन्होंने उन लोगों का विनाश किया जो समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे। आज के समय को देखते हुए परशुराम जी फिर प्रासंगिक हो गए हैं। इस बीच लोगों को प्रसाद भी वितरित किया गया। इस मौके पर रामप्रकाश शर्मा, सतेंद्र दीक्षित, गिरीश त्रिपाठी, सी के त्रिपाठी अनुभव आदि समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

केंद्र सरकार आतंकियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें : कासिम

शोकसभा में मृतक पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि

इटावा। पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मदरसा वीर अब्दुल हमीद करनपुरा इटावा में कासिम अंसारी के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा मे वरदान वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बुनकर एकता समिति के प्रदेश प्रवक्ता एवं सलाहकार कासिम अंसारी ने कहा आतंकियों ने पहलगाम जम्मू कश्मीर में जिस तरह निर्दोष निहत्थे पर्यटकों पर हमला करके उनकी जान ली वह एक कायरतापूर्ण कदम है, हम इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि देश के मुसलमान केंद्र सरकार और मुल्क के साथ हैं सरकार आतंकियों को चिन्हित कर ऐसी सजा दे कि भविष्य में कोई भी आतंकी देश मे किसी निर्दोष पर हमला करने की हिम्मत न कर सके। सरकार देश को आतंकवाद से मुक्त कराने के किये ठोस कदम उठाए ताकि देश की जनता बेखौफ होकर अपना जीवन यापन कर सके। शोकसभा में सलाहउद्दीन अंसारी, इजहार अहमद, राजीव पाल, शावेज नकवी, अब्दुल जब्बार, मोहम्मद शफीक, काशिफ अंसारी, हसीन, जीशान अहमद, दशरथ कुमार आदि ने उपस्थित होकर पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले की निंदा करते हुए मृतकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

संक्षेप

बाइक सवार युवकों ने छीना मोबाइल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर में बेखौफ बाइक सवार उच्चके एक युवक का मोबाइल छीनकर फरार हो गये। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना निवासी शिवांशु वर्मा देर शाम खाना खाने के बाद पुरानी बाईपास पर मोबाइल बात करते हुये टहल रहा था। इसी दौरान हीरो बाइक पर सवार दो युवक आये और हाथ से मोबाइल छीनकर विकास चैराहे की ओर भाग गये। जब तक युवक ने शोर मचाया तब तक बाइक सवार उच्चके आंखो के सामने से ओझल हो चुके थे। शहर में सरेशाम मोबाइल छिनैती की घटना से लोगों में दहशत कायम हो गयी है। इससे पूर्व भी इसी जगह पर पहले भी मोबाइल छिनैती की घटनाये हो चुकी हैं लेकिन कोतवाली पुलिस अंकुश लगाने में नाकाम रही है।

मैरिज लॉन से बाइक चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर के एक मैरिज लॉन से बाइक चोरी हो गई। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम परेली निवासी शिशिर वर्मा खुटार रोड पर गोल्डन पैलेस में एक शादी समारोह में हिस्सा लेने गए थे उन्होंने अपनी बाइक पैलेस में ही खड़ी कर दी जब घर जाने के हुए तो उनकी बाइक गायब थी। काफी तलाश के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

किशोरी को भगा ले गया युवक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर से एक 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। किशोरी के पिता का कहना है कि उनकी बेटी को कृष्णा मिश्रा नामक युवक 28 अप्रैल की शाम भगा ले गया है।उनका कहना है कि युवक पहले से उनकी बेटी के पीछे पड़ा था और कई बार उसे फटकार भी लगाई गई थी। लोकलाज के कारण पहले कोई शिकायत नहीं की गई थी, लेकिन अब जब घटना हो गई।

दबंगों ने मकान पर किया कब्जा , पीड़िता ने थाने में दी तहरीर

बंडा शाहजहांपुर ।बंडा क्षेत्र के ग्राम बरगदा में दबंग ने जबरदस्ती मकान पर कब्जा कर भूसा भरने की कोशिश की पीड़िता ने 112 नंबर बुलाई पुलिस ने भूसा भरने से रोका पीड़िता ने बंडा थाने में तहरीर दी ग्राम धीमरपुर थाना फरीदपुर जिला बरेली निवासी सवेर्शा देवी पत्नी पृथ्वीराज, ने बंडा थाने में तहरीर देखकर बताया ग्राम बरगदा थाना बंडा जिला शाहजहांपुर में हमारा मायका हैं हम और हमारी बहन सरोजा देवी दो लोग अपने माता-पिता के जायज बारिश है और हमारी जन्मभूमि ग्राम बरगदा में है, हमारे मकान में 28 अप्रैल को गांव के ही इंस्पेक्टर सिंह पुत्र गंगाराम अपने साथियों के साथ जबरदस्ती कब्जा की नीयत से हमारे मकान पर भूसा भरने लगे तब हमने एक112 नंबर पर कॉल किया तभी पुलिस ने आकर उसे भूसा भरने से रोक दिया इंस्पेक्टर सिंह पुत्र गंगाराम हमारे मकान में भूसा भरकर कब्जा करने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। मना करने पर गंदी-गंदी गाली देकर लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो जाता है और हमें जान से मारने की धमकी देता है ।हलका इंचार्ज प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया जांच कर कार्रवाई की जाए।

डीएम-एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण, दिए निर्देश

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान बंदियों को भोजन का वितरण किया जा रहा था। दोनों अधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता चेक की और बंदियों से

बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया। डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया।

उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने एक-एक कैमरे के जरिए पूरे परिसर की गतिविधियों को देखा। निर्देश दिए कि इस कंट्रोल कक्ष के माध्यम से भी सतत निगरानी की जाए। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर डिप्टी जेलर रीता राजभर, सुनील वर्मा, भोजराज सिंह, चिकित्सक डॉ शिवपूजन मौजूद रहे।

कारागार परिसर में गौशाला निर्माण की बनायें रणनीतिः डीएम

जिला कारागार निरीक्षण के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कारागार परिसर में गौशाला स्थापित किए जाने के संबंध में रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। इस पहल का उद्देश्य न केवल पशुपालन को बढ़ावा देना है, बल्कि बंदियों को गौसेवा के माध्यम से सुधारात्मक अनुभव भी प्रदान करना है। डीएम ने कहा कि गौशाला कारागार के भीतर कर्तव्य, करुणा और कौशल के संतुलन का केंद्र बन सकती है।

- बंदियों से बात कर लिया सुविधाओं का फीडबैक, परखी खाने की गुणवत्ता
- बंद दरवाजों के भीतर, व्यवस्था की खुली पड़ताल
- डीएम-एसपी का औचक निरीक्षण बना बंदियों के लिए भरोसे की दस्तक

यूपीएसी परीक्षा पास करने वाले युवा सम्मानित

लखीमपुर खीरी। जिले के तीन मेधावी युवाओं को यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता पर सम्मानित किया गया। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सभागार में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस समारोह की शुरूआत विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने यूपीएससी में चयनित युवाओं और उनके परिवारजन के साथ दीप प्रज्वलन कर की।

इस दौरान आकाश निगम और यथार्थ, दोनों लखीमपुर खीरी के मूल निवासी हैं, जिन्होंने अपने संघर्ष और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया।वहीं शुभेन्दु, जो वर्तमान में लखीमपुर खीरी में एसडीएम के पद पर कार्यरत हैं, ने अपने दायित्वों के साथ-साथ आत्म-विकास की मिसाल पेश करते हुए यूपीएससी में सफलता अर्जित की। इन तीनों युवाओं ने मंच से न केवल अपने अनुभव साझा किए, बल्कि जिले के युवाओं को प्रेरणा और दिशा भी दी।

एसडीएम ने किया परिषदीय स्कूल का निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) स्कूलों की दशा पर भी प्रशासन ने ध्यान देना शुरू कर दिया है। जिसे लेकर बुधवार को एसडीएम ने संविलियन विद्यालय विश्नूबेहड़ का निरीक्षण किया। जहां उन्हें तमाम खामियां मिली। जिस पर उन्होंने इंचार्ज प्रधानाध्यापक को कार्रवाई की चेतावनी दी और रिपोर्ट बीएसए को भेजी है।

एसडीएम विनोद गुप्ता बुधवार को ग्राम पंचायत निजामपुर के मजरा विष्णुबेहड़ के संविलियन विद्यालय पहुंचे। जहां मौके पर मौजूद इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा 10.30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित बच्चों की संख्या नहीं बता पाए। प्रधानाध्यापक द्वारा मध्यान्ह भोजना योजना के तहत बुधवार को क्या मीनू है और कितने बच्चों के लिए बन रहा है, यह भी नहीं बता पाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने देखा कि विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं है। केवल एक इण्डिया मार्का हैण्डपम्प है और समरसेबिल पंप का बिजली कनेक्शन कटा हुआ है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि विद्युत व्यवस्था विगत 3-4 दिन से खराब है। हैण्डवॉश यूनिट चालू नहीं है। शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं है। जिसका टॉयलेट बहुत गंदा मिला। स्कूल की बाउण्ड्रीवॉल नहीं है। जर्जर कक्ष हैं जिसका निर्माण वर्ष 2006 में हुआ था। एसडीएम का कहना है कि ऐसे जर्जर कमरों में बच्चों और शिक्षकों का रहना खतरे से खाली नहीं है। जिसे गिराया जाना जरूरी है। विद्यालय में डीबीटी वितरण के सम्बंध में इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं करायी जा सकी। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता का कहना है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा घोर लापरवाही बढ़ती जा रही है।शैक्षणिक और विद्यालय के कार्यों में रूचि न लिये जाने के सम्बंध में बेसिक शिक्षाधिकारी को जॉच आख्या भेजी गई है।

बाल विवाह के खिलाफ उठी बुलंद आवाज आओ मिलकर इसे जड़ से मिटायें : सीडीओ

शाहजहांपुर । अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध जनजागरूकता हेतु विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी महोदया के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित किया गया।

इस अवसर पर मदरसा नुरुल हुदा में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने, शिक्षित होने एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए इसे सामाजिक बुराई बताया, जिसे जड़ से समाप्त करने की आवश्यकता है।राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को बताया कि कई स्थानों पर आज भी अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसरों पर लड़के एवं लड़कियों के विवाह न्यूनतम वैधानिक आयु (लड़कों के लिए 21 वर्ष एवं लड़कियों के लिए 18 वर्ष) से पूर्व कर दिए जाते हैं, जो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसके अंतर्गत दोषी को दो वर्ष की सजा, ?1,00,000 जुमार्ना अथवा दोनों हो सकते हैं।अमृता दीक्षित द्वारा सभी विद्यार्थियों को बाल विवाह न करने एवं न होने देने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

साथ ही यह अपील की गई कि यदि कहीं भी बाल विवाह की घटना हो रही हो तो तुरंत 1098 (चाइल्ड लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) अथवा वन स्टॉप सेंटर को सूचित करें।कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना प्रमुख हैं।कार्यक्रम में प्राचार्य अनिल कुमार, अध्यापकगण महेंद्र कुमार सिंह, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार अवस्थी, प्रेम शंकर सक्सेना, निधि प्रज्ञा, सुनीता मिश्रा सहित विद्यालय का समस्त छात्र-शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहा।

आई.सी.एस.ई बोर्ड का परीक्षा फल घोषित

लखीमपुर खीरी।आई.सी.एस.ई. और आई.एस.सी. 2025 परीक्षा परिणाम में लखनऊ पब्लिक स्कूल की लखीमपुर शाखा के विद्यार्थियों ने फिर लहराया परचम नीलनंदन एवं प्रियांशी वर्मा ने किया जिले में टॉप आई.सी.एस.ई. (कक्षा 10) और आई.एस.सी. (कक्षा 12) की बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणामों में लखनऊ पब्लिक स्कूल, शाखा लखीमपुर के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले में परचम लहराया। आई.सी.एस.ई. परीक्षा में नीलनंदन की ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं, आई.एस.सी. परीक्षा में प्रियांशी वर्मा ने 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नीलनंदन के पिता राजेश कुमार सेरीकल्चर डिपार्मेंट में सीनियर असिस्टेंट है तथा माता आदित्य कुमारी बेसिक में शिक्षिका है। वह बड़े होकर डाटा एनालिस्ट बनना चाहता है। उल्लेखनीय है कि नीलनंदन ने विद्यालय की सभी ब्रांचो में टॉप किया है। प्रियांशी वर्मा के पिता प्रदीप कुमार वर्मा बीएसएनएल में ए.जी.एम.है तथा माता मीनू वर्मा गृहणी है। वह भविष्य में एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। आई.सी.एस.ई. परीक्षा में दूसरे स्थान पर वैभवी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं माता मुग्धा द्विवेदी बेसिक में शिक्षिका है। वह भविष्य में इसरो की साइंटिस्ट बनना चाहती है। आई.एस.सी. परीक्षा में मान्या अग्रवाल 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उसके पिता सुमित अग्रवाल एक व्यवसाय है। माता स्वीटी अग्रवाल एक गृहणी है। वह भविष्य में एक कुशल इंजीनियर बनना चाहती है। सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और अभिभावकों को दिया है। इस वर्ष 139 छात्र-छात्राओं ने आई.सी.एस.ई. एवं 97 विद्यार्थियों ने आई.एस.सी. परीक्षा में सम्मिलित होकर शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि आई.सी.एस.ई. में 28 एवं आई.एस.सी. में 27 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता के परिचायक है।

विद्यालय के चेयरमैन व सांसद डॉ. एस.पी. सिंह, मुख्य प्रशासिका एवं पूर्व एम.एल.सी. श्रीमती कांति सिंह एवं प्रबंध निदेशक श्री सुशील सिंह ने सभी विद्यार्थियों को मोबाइल के माध्यम से बधाई प्रेषित की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समर्पित मार्गदर्शन के साथ विद्यार्थी शीर्ष ऊँचाईयो को प्राप्त कर सकता हैं। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने मेधावी विद्यार्थियों को मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया।

परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण महासभा ने किया कार्यक्रम

लखीमपुर खीरी । भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में बेहजम रोड स्थित प्रगतिशील ब्राह्मण धर्मशाला में पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में भाग लिया और भगवान परशुराम की आराधना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका गोला के अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला (रिंकू) एवं धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी को संस्था की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने भगवान परशुराम के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए ब्राह्मण समाज की एकता और जागरूकता को समय की आवश्यकता बताया। समारोह में संस्था के प्रमुख पदाधिकारी एवं गणमान्य जन शामिल रहे, जिनमें प्रमुख रूप से संस्था अध्यक्ष नंद कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र शुक्ला, महामंत्री कुमुदेश शंकर शुक्ल, संस्थापक राघव राम तिवारी, संरक्षक बृज लाल मिश्रा, दयानंद शुक्ला कोषाध्यक्ष के आर पाण्डेय, मंत्री राजेश शुक्ला, नवीन पाण्डेय, संगठन मंत्री अभिषेक अवस्थी, शिशिर अवस्थी एवं रामनारायण दीक्षित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन मनमोहन तिवारी ने किया।

पूजा-अर्चना कर मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) भगवान विष्णु के छठे अवतार चिरंजीवी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव पूजन-अर्चन के साथ मनाया गया।

देवकली तीर्थ के श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं गुरुकुल विद्यापीठ के महन्त प्रमोद जी महाराज के मार्गदर्शन में आचार्य सुधीर मिश्र, आचार्य देवेन्द्र तिवारी गुरुकुल के वटुक ब्रह्मचारियों, आश्रमवासियों ने पूजा अर्चना कर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया। सुबह 7 बजे से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। जिसमें प्रमुख रूप से सुत्तन त्रिवेदी, अतुल गुप्ता, बृजेश कुमार मिश्र, रमाकांत शास्त्री, सर्वेश शुक्ला, संतोष अवस्थी, मुनेन्द्र त्रिपाठी, आचार्य संजय मिश्रा विश्व हिन्दू परिषद, अभय कुमार शुक्ला, संदीप मिश्रा ने पूजन, अर्चन किया और भण्डारे में प्रसाद ग्रहण कर भगवान परशुराम से अपने देश के समृध्दि के लिए आशीर्वाद मांगा। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर परशुराम जागरण मंच ने लखीमपुर से देवकली तीर्थ स्थल स्थित भगवान परशुराम तक तृतीय रैली निकाली।

ठेका मांगने पर कर दी मजदूर की पिटाई

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुशमौरी में मजदूरी को लेकर हुए विवाद में एक मजदूर की पिटाई कर दी गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमौरी निवासी अजय कुमार का कहना है कि उसने धीरज पुत्र श्याम बिहारी के खेतों में 2.50 कुंतल प्रति एकड़ की दर से गेहूं की कटाई का ठेका लिया था। कटाई का काम पूरा हो चुका था और 28 अप्रैल को धीरज ने गेहूं उठवाने के लिए अजय को बुलाया। तब वह उसे 2.50 कुंतल की जगह 2 कुंतल प्रति एकड़ देने लगे। जिस पर विवाद हो गया। आरोप है कि धीरज ने वादे के अनुसार मजदूरी देने से इनकार कर दिया। धीरज और उसका भाई नीरज लाठी-डंडों के साथ टूट पड़े। अजय कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

परशुराम जन्मोत्सव पर झांकियों का प्रदर्शन कर निकली शोभायात्रा

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सजी झांकियां के साथ क्षेत्र के दिग्गज लोगों ने शिरकत कर दिव्य और भव्य बना दिया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचल से आए लोग भी सम्मिलित हुए हैं। बुधवार को आयोजित परशुराम जयंती के कार्यक्रम में पंचायती राज सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह, नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, बसपा के दिग्गज नेता श्याम किशोर अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, अतुल बाजपेई, आनंद बाजपेई, विनोद तिवारी समेत तमाम प्रमुख लोगों की अगुवाई में भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में जन्मे परशुराम की भव्य शोभा यात्रा रामलीला मैदान की मंच से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पौराणिक मंदिरों पर पूजा अर्चना की गई है। नगर भ्रमण के दौरान भक्त जनों ने भगवान परशुराम और भगवान शिव की सजी अलौकिक झांकियां के ऊपर लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा को भाव बना दिया है।यात्रा में नगर से लेकर ग्रामीण अंचल के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए हैं। तमाम लोगों ने धर्म और जाति की दीवार तोड़कर यात्रा में चल रहे लोगों को शरवत और जल वितरित कर पुण्य लाभ अर्जित किया है। इस मौके पर भारी पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा है।

पुलिस ने पांच को किया गिरफ्तार, माल बरामद

शाहजहांपुर ।एस0ओ0जी0 टीम, सर्विलांस सेल व थाना तिलहर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ज्वैलरी की दुकान से चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी करने वाले 04 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता (कुल 05 अभियुक्तगण) को मय माल के गिरफ्तार किया थाना तिलहर पुलिस टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई।

थाना तिलहर पर वादी द्वारा थाना तिलहर स्थित अपनी ज्वैलरी की दुकान से कुछ अज्ञात लोगो द्वारा ज्वैलरी चोरी करने के सम्बन्ध में मु0अ0स0 120/25 धारा 303(2बीएनएस पंजीकृत कराया था। घटना को गम्भीरता से लेते हुए लगातार घटना के अनावरण हेतु थाना तिलहर पुलिस टीम, एस0ओ0जी0 व सर्विलांस टीम प्रयासरत थी । मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में घटना कारित करने वाले प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण ऋषि शुक्ला पुत्र विश्नु कुमार शुक्ला , शिवपूजन शुक्ला विश्नु कुमार शुक्ला , रिंकी पत्नी शिवपूजन शुक्ला निवासीगण नयापुरवां थाना बेनीगंज जनपद हरदोई ,अमरीश कुमार पुत्र प्यारेलाल अम्बर मिश्रा पुत्र सुन्दरलाल मिश्रा निवासीगण ग्राम बहुती थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर को कपसेड़ा मन्दिर के पीछे थाना तिलहर क्षेत्र से एस0ओ0जी0 टीम, सर्विलांस सेल व थाना तिलहर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखविर खास की सूचना पर उपरोक्त सभी अभियुक्तगणों को चोरी किये गये सामान 01 चैन पीली धातु , 01 हार पीली धातु ,घटना में प्रयुक्त 01 कार न्यू बोलेरो नम्बर UP32PT8309 के साथ गिरफ्तार किया गया है ।

बजाज चीनी मिल में हुआ गन्ना सर्वे प्रशिक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) स्थानीय चीनी मिल और गन्ना विकास परिषद के गन्ना पर्यवेक्षको के संयुक्त सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चीनी मिल सभागार में आयुक्त गन्ना एवं चीनी उत्तर प्रदेश द्वारा जारी गन्ना सर्वे बिंदुवार व्याख्यान किया गया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने बताया कि गन्ना सर्वे कार्य एक मई से 30 जून तक जीपीएस से मैट्रिक प्रणाली पर आधारित केवल पौधा गन्ना का सर्वेक्षण किया जाएगा। चीनी मिल के युनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन ने कहा कि सभी गन्ना पर्यवेक्षक अपने-अपने क्षेत्र के किसानों से संपर्क कर गन्ना रकवा संबंधी घोषणा पत्र आनलाइन भरवा दे, जिससे सीजन के दौरान सट्टा संचालित होने में असुविधा ना होने पाए। उन्होंने बताया कि कृषकों के मोबाइल नंबर भी अपडेट कर लें ताकि कृषकों को उनके सट्टा, गन्ना रकवा व पर्ची इत्यादि के एसएमएस प्राप्त होने में कोई असुविधा ना हो। साथ ही सभी गन्ना किसानों से अनुरोध किया है कि अपने गांव में सर्वे के समय मौजूद रहे। इस मौके पर सचिव गन्ना समिति, सहायक महाप्रबंधक गन्ना ओडी शर्मा सहित सभी गन्ना पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व ग्लोबल डेवलपमेंट विषय पर सेमिनार का आयोजन

शाहजहांपुर ।जी.एफ.कॉलेज के कॉमर्स और बी.बी.ए विभाग तथा गेडू कॉलेज आफ बिजनेस स्टडीज भूटान और नॉवेल एकेडमी पोखरा नेपाल के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 1-2 मई को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड ग्लोबल डेवलपमेंट विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खाँ ने बताया कि सेमिनार में नेपाल, भूटान नाइजीरिया, साउथ कोरिया व भारत के लगभग 500 विद्वान, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएँ प्रतिभाग करेंगे और ए.आई के उपयोग एवं संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। सेमिनार में विभिन्न देशों के साथ जी.एफ.कॉलेज द्वारा एम.ओ.यू हस्ताक्षर किए जाएंगे जिससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों को शिक्षा के वैश्विक अवसर प्राप्त हो सकेगे।

सेमिनार के संयोजक वाणिज्य विभागागाध्यक्ष डॉ पुनीत मनीषी ने बताया कि पहले सत्र में नेपाल से श्री विशेश्वर आचार्य, भूटान से डॉ0 शेवांग फुंशो, अयोध्या से डॉ0 मिर्जा शाह साहब, एस.एस. कॉलेज, शाहजहाँपुर से प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल अपने विचार व्यक्त करेंगे। आयोजन सचिव डॉ. अनमोल सक्सेना ने बताया कि सेमिनार में प्रस्तुत किए जानवाले शोधपत्रों की पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन प्रातः 10 बजे महाविद्यालय के कमेटी हॉल में किया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खाँ ने सेमिनार का ब्रोशर प्रस्तुत किया। सेमिनार के समन्वयक प्रो. फैयाज अहमद, सैयद अनीस अहमद, सैयद औरंगजेब, सह आयोजन सचिव डॉ0 स्वप्निल यादव आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

तमसा के किनारे झोले में मिली नवजात बच्चियां, मौत

आजमगढ़। शहर के डीएवी कॉलेज के पास तमसा नदी के किनारे एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। अज्ञात व्यक्ति ने दो नवजात बच्चियों को झोले में भरकर झाड़ियों में फेंक दिया। बच्चियों के रोने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चियों को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी मौत हो गई। जानकारी मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित डीएवी कॉलेज के पास तमसा नदी किनारे सोमवार की शाम झाड़ी में से बच्चों के रोने की आवाज आई। वहां मौजूद लोगों ने नजदीक जाकर देखा तो झाड़ी में एक झोले में दो नवजात को फेंका गया था। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही ब्रह्मस्थान चौकी प्रभारी विजय कुमार सहाय मौके पर पहुंचे और दोनों नवजातों को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल के सीएमएस डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया कि जन्म के कुछ घंटों बाद ही बच्चियों को फेंका गया था। तेज धूप और गर्मी के कारण उनकी हालत बिगड़ गई थी। उपचार के दौरान एक बच्ची की सोमवार शाम को मौत हो गई, जबकि दूसरी बच्ची को गंभीर हालत में रेफर किया गया, लेकिन कुछ देर बाद उसकी भी मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। चाइल्ड केयर को भी घटना की सूचना दी गई है। स्थानीय लोगों में इस अमानवीय घटना को लेकर गहरा आक्रोश है।

बारातियों- घरातियों में विवाद, एक की मौत

करमा, सोनभद्र। स्थानीय थाना अंतर्गत जोगिनी गांव में शिवशंकर यादव पुत्र तीरथ यादव के घर बीती रात मंगलवार को चंदौली जिले के लालतापुर गांव से बारात आयी थी ।खुशी खुशी द्वार पूजा की रस्म पूरी हुई। गीत संगीत पूर्ण माहौल में बाराती व घराती अपने अपने कार्यों में लगे थे। तय कार्यक्रम के दौरान जयमाल व भोजन के समय दोनों पक्षों के लड़कों में आपस में कोई बात के लिए कहा सुनी हो गयी ।बात बढ़ते बढ़ते विवाद का रूप पकड़ लिया। जिसमें घरात पक्ष के किसी युवक ने बरात पक्ष के युवक विकास यादव पर वार कर दिया। विवाद बढ़ता देख किसी नें डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरबी पुलिस व लोगों ने मामले को शान्त करा कर घायल युवक को राजगढ़ अस्पताल इलाज के लिये भेजवाया। जहा विकास यादव को देख चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। चर्चा के अनुसार प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि मामला इतना उग्र कैसे हो गया किसी को समझ में नहीं आया। बीच बचाव करने का मौका ही नही मिला। चर्चा की मानें तो पी आरबी पुलिस ने जयमाल और शादीकी रस्म पूरी करवा कर लड़की की बिदाई करवा दी ।छोटी सी गलत फहमी से खुशी मातम में बदल गयी। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मामले में लोगों से पूछ ताछ की जा रही है। दोषी को बक्सा नहीं जायेगा ।पुलिस सभी एंगल से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

हरिहर सिंह इण्टरनेशनल स्कूल के मेधावियों ने लहराया परचम

जिला संवाददाता(vol)

- श्रेयांश, विक्रम, आदित्य ने विद्यालय एवं परिवार का बढ़ाया मान

जौनपुर। हरिहर सिंह इण्टरनेशनल स्कूल उमरपुर के हाईस्कूल-2025 की परीक्षा में श्रेयांश सिंह ने 90.6% प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विक्रम ने 78.6% प्राप्त करके दूसरा और आदित्य सिंह ने 77.8% प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जनपद में सर्वोत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए प्रसिद्ध हरिहर सिंह इण्टरनेशनल स्कूल में हाईस्कूल के छात्र/छात्राओं ने अपनी गरिमापूर्ण स्थिति बनाये रखते हुये शानदार उपलब्धि द्वारा जनपद में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है। साथ ही विद्यालय एवं गुरूजनों की गरिमा को भी सम्मानित किया है। प्रबंधक डॉ० ओम प्रकाश सिंह, उपप्रबंधिका मधुलिका सिंह, प्रधानाचार्या डॉ० वन्दना सिंह, छाया सिंह, डायरेक्टर अमित प्रकाश सिंह, डायरेक्टर पवन प्रकाश सिंह, जगदीश सिंह, दिनेश दूबे, अरूण श्रीवास्तव, प्रभा सिंह, कुसुम पाण्डेय, मीरा श्रीवास्तव, सीमा सिंह, पुष्पा सिंह, पूनम सिंह, नितिन सिंह, प्रिया चौरसिया, विपुल तिवारी सहित अन्य ने अव्वल आये बच्चों को बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी किया।

उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों सहित गुरुजन किये गये सम्मानित

गौराबादशाहपुर, जौनपुर। सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक पाने वाले भैया-बहनों सहित उनके शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशिकांत तिवारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गौराबादशाहपुर एवं विशिष्ट अतिथि मंगला प्रसाद तिवारी पूर्व वरिष्ठ खंड अभियंता रेलवे विभाग रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष सीतामनी सोनकर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश सोनकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्त, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद जायसवाल, निर्मला देवी पॉलिटेक्निक कॉलेज नयनसण्ड के प्राचार्य राजीव श्रीवास्तव, विद्यालय के संरक्षक सभापति जी रहे जिन्होंने भैया-बहनों एवं आचार्य बंधुओं को सम्मानित किया। इसी तरह इण्टरमीडिएट की परीक्षा में खुशी अस्थाना ने 83.2% अंक प्राप्त किया। हाईस्कूल की परीक्षा में 89% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान पर ? अन्य सम्मानित होने वालों में हर्षित कुमार, अंजली भारती, मुस्कान, दीपिका, खुशी, वरूण, पिंकी, अनन्या, सुहानी, सिद्धि, दीक्षा, अर्पित, निधि, अनुज, रिद्धि आदि रहे।

सोते हुए बुजुर्ग पर पेट्रोल डालकर लगायी थी आग, दो गिरफ्तार

आजमगढ़। जनपद के थाना देवगांव पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जयप्रकाश उर्फ मुन्ना विश्वकर्मा और उनके पुत्र किशन के रूप में हुई है, दोनों ग्राम श्रीकान्तपुर (कसड़े), थाना देवगांव, आजमगढ़ के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, 29 अप्रैल को सुदामा देवी, पत्नी रामकरन विश्वकर्मा ने थाना देवगांव में एक प्रार्थना पत्र दाखिल किया। इसमें बताया गया कि रास्ते के पुराने विवाद के चलते अभियुक्तों ने उनके पति रामकरन विश्वकर्मा पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसे रामकरन को पहले टिकरगाढ़ लालगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें सदर अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया। जौनपुर में इलाज के दौरान रामकरन की मृत्यु हो गई। इस प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना देवगांव में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक विमल प्रकाश राय कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक विमल प्रकाश राय अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर उन्होंने अभियुक्त जयप्रकाश उर्फ मुन्ना विश्वकर्मा और किशन को श्रीकान्तपुर गेट के पास से शाम 5:55 बजे हिरासत में लिया। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विमल प्रकाश राय और उनकी सहयोगी पुलिस टीम शामिल थी।

मां विन्ध्यवासिनी धाम में सुरक्षा व्यवस्था के लिए चला चेकिंग अभियान

मीरजापुर। नगर के विन्ध्यवासिनी धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर-नितेश सिंह व क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान- अंजय सिंह के नेतृत्व में बीडीएस, एस चेक टीम व डॉग स्क्वाड के साथ विन्ध्याचल धाम क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया ।सघन चेकिंग में बीडीएस, एस चेक टीम व डॉग स्क्वाड द्वारा मां विन्ध्यवासिनी देवी धाम व परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं की सघन चेकिंग की गयी ।इस दौरान थानाध्यक्ष विन्ध्याचल- अमित कुमार व प्रभारी विन्ध्यधाम-बालमुकुन्द मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

अक्षय तृतीया पर मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। अक्षय तृतीया के मौके पर परशुराम सेना द्वारा चन्द्रमा ऋषि के आश्रम पर स्थित भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। इस मौके पर सर्वप्रथम परशुराम सेना के लोगों ने आश्रम पर स्थित भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजन अर्चन कर जयंती को धूमधाम से मनाया।

प्रदेश अध्यक्ष संजय दूबे ने कहाकि भगवान परशुराम का जन्म त्रेता युग में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर हुआ था। मान्यता है कि भगवान परशुराम की जन्म स्थली वर्तमान में मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के मानपुर ग्राम में जानापाव नामक पर्वत पर है। परशुराम ब्राह्मण वंश के जनक और सप्तऋषियों में से एक हैं, इन्हें भगवान विष्णु का आवेशावतार कहा जाता है। उन्होंने यह भी कहाकि भगवान परशुराम का जन्म छह उच्च ग्रहों के संयोग में हुआ था जिस कारण वे परम तेजस्वी, ओजस्वी, पराक्रमी और शौर्यवान थे। कठिन तपस्या के बाद सर्वशक्तिमान शिव ने परशुराम को मृत्युलोक के कल्याण के लिए परशु अस्त्र प्रदान किया था इसलिए वह बाद में वे परशुराम कहलाए। भगवान परशुराम के जीवन से हमें अन्याय का विरोध करने की प्रेरणा मिलती है।

परशुराम सेना के प्रदेश महासचिव सुधीर राय ने भगवान परशुराम को शस्त्र और शास्त्र का पुरोधा बताते हुए कहाकि भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम जी ने त्रेतायुग में अत्याचारी सम्राट सहस्त्रार्जुन और अनेक विधर्मी राजाओं का नाश करके जनता में व्याप्त भय व असुरक्षा के माहौल को समाप्त कर धर्म की स्थापना की। वे महान तपस्वी व ज्ञानी थे। समाजसेविका सुनीता उपाध्याय ने कहाकि पृथ्वी पर अन्याय, अत्याचार को समाप्त करते हुए भगवान परशुराम ने धर्म की स्थापना किया। उनका जीवन न्याय प्रियता, वीरता, तपस्या से परिपूर्ण है ऐसे में हम भगवान परशुराम से सीख लेकर ही मानव जीवन को कल्याणकारी बना सकते है। साहित्यकार संजय कुमार पांडेय सरस ने कहाकि भगवान परशुराम जी न्याय प्रिय थे और हमेशा सत्य और न्याय के साथ रहते थे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। संचालन मनोज पांडेय ने किया। इस अवसर पर परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष संजय दूबे, प्रदेश महासचिव सुधीर राय, समाजसेविका सुनीता उपाध्याय व साहित्यकार संजय कुमार पांडेय, पुनीत उपाध्याय, मनोज पांडेय, अजीत राय आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

मीरजापुर ।अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर एवं भगवान परशुराम के जयंती के पावन अवसर पर मीरजापुर कचहरी स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता संजय ओझा के अधिवक्ता चैंबर्स पर भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई श्री रघुवीर सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान परशुराम की चित्र पर वरिष्ठ अधिवक्ता रमाकांत त्रिपाठी एवं ब्राह्मण शिरोमणि सुनील कुमार पांडे राजनेता साथी अधिवक्ता अवधेश पांडे एडवोकेट संजय ओझा एडवोकेट प्रशांत मिश्रा एडवोकेट राजमणि दुबे एडवोकेट राहुल मालवीय एडवोकेट जगदीश मिश्रा एडवोकेट समाज के सेवक सर्व समाज को मानने वाले क्षत्रिय महासभा के दिलीप सिंह गहरवार एडवोकेट भी उक्त अवसर पर शामिल होकर भगवान परशुराम की जयंती को हर्षोल्लाह के साथ मनाया कार्यक्रम की प्रारंभ में भगवान परशुराम की चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्चन कर सभी लोगों ने उन्हें अपना श्रद्धा सुमन प्रस्तुत किया अर्पित किया एवं उनसे प्रार्थना की की इस कलयुग में अपने तेज को अपने वंशजों को प्रदान करें ताकि समाज को एक नई दिशा देने में वह अपना सहयोग प्रदान कर सकें इस अवसर पर मीरजापुर जनपद के जाने-माने वरिष्ठ आचार्य एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान पुरोहित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित जयप्रकाश पांडे ने मंत्र उच्चारण करके भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर पूजन सकुशल संपन्न कराया। इस अवसर पर श्री रघुवीर सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी वरिष्ठ अधिवक्ता संजय ओझा ने कहा कि भगवान परशुराम ने जीवन पर्यंत अन्याय अत्याचार व समाज की बुराई को समाप्त करने का प्रण लिया था और उन्होंने सदैव मार्गदर्शन किया।

डीएम ने भूसा दान करने वाले प्रधानों को किया सम्मानित

खुटहन, जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने स्थानीय विकास खण्ड के गौशाला पट्टीनरेंद्रपुर में भूसा दान करने वाले ग्राम प्रधानों को अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया। शासन के निर्देश के क्रम में जनपद में भूसा दान किए जाने के संबंध में बृहद अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में प्रधानों, सम्मानित जनों से विभिन्न गौशालाओं में भूसा दान में लिया जा रहा है जिसके क्रम में विकास खंड के ग्राम प्रधान खुशिहाल, जहांगीर, यशवंत सिंह और अमित सिंह को सबसे अधिक भूसा दान देने पर जिलाधिकारी ने उन्हें अंगवस्त्रम प्रदान करके सम्मानित किया। साथ ही केयर टेकर ताहिर सिंटू और आशीष को भी गौशाला में गोवंशों का अच्छे से देखभाल करने पर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह बड़ा ही पुनीत कार्य है कि गौशालाओं में गोवंशों के लिए सेवा के रूप में भूसा दान किया जा रहा है। उन्होंने अपील किया कि जनपद के सम्भ्रांतगण, सक्षम व्यक्ति आगे आयें और भूसा दान करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने गौशाला में जाकर गोवंशों को गुड़ और नेपियर घास खिलायी। साथ ही निर्देशित किया कि पशुओं को नियमित रूप से नहलाया जाय। पशु चिकित्सा अधिकारी नियमित रूप से गोवंशों के स्वास्थ्य की जांच करें और गोवंश के लिये हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे। इसके संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, खण्ड विकास अधिकारी गौरवेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

बाल गृह बालिका का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने बुधवार को बाल गृह बालिका राबर्ट्सगंज का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाल गृह बालिका में आवासित बालिकाओं से सीधा संवाद कर संस्था द्वारा द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिये, इस दौरान जिलाधिकारी ने संस्था अधीक्षिका को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्था में आवासित बालिकाओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित कराया जाये और निर्धारित मीनू के अनुसार उन्हें नाश्ता, भोजन उपलब्ध कराया जाये। आवासित बालिकाओं की काउंसिलिंग भी समय-समय पर की जाये, जो बालिका घर जाने के इच्छुक हैं, उन्हें बाल कल्याण समिति के माध्यम से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभिभावक से संवाद कर उन्हें घर भेजने की कार्यवाही भी की जाये, संरक्षण अधिकारी द्वारा नियमित रूप से बाल गृह बालिका केन्द्र का निरीक्षण किया जाये और उससे सम्बन्धित रिपोर्ट प्रेषित किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने बालिका केन्द्र के उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किये, निरीक्षण में काउंसलर रीना सिंह, अनुपस्थित थे, जिनका स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये गये। इस मौके पर प्रोबेशन अधिकारी इन्द्रावती देवी, जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण अधिकारी विद्या देवी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, बाल गृह बालिक के अधीक्षिका नीलम सिंह, बाल कल्याण अधिकारी रिन्कू यादव, अर्थ चिकित्सक कविता चतुवेर्दी भी मौके पर उपस्थित रहें।

नीट परीक्षा के बावत डीएम ने दिये दिशा-निर्देश

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वितीय की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में आगामी 4 मई 2025 को होने वाली नीट परीक्षा की तैयारी बैठक की गयी।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को संपूर्ण व्यवस्था को प्रत्येक दशा में 3 मई 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी को स्वास्थ्य एवं अग्नि सुरक्षा से संबंधित तैयारी को सुनिश्चित करने को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रो के पास में एंबुलेंस रहेगी तथा आपात स्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र परिसर में ही स्वास्थ्य से संबंधित उपचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केदो पर व्हीलचेयर उपस्थित होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रो का सीसीटीवी कैमरा सक्रिय होना चाहिए और उसकी जांच कर सुनिश्चित कर लिया जाये।

उन्होंने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापकों आंतरिक एवं वाह्य कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी कक्ष अनुसार लगाकर नोडल अधिकारी को सूची उपलब्ध करा दे। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु रेलवे स्टेशन/बस स्टेशन पर परीक्षा केंद्रो का नाम तथा जाने वाले मार्ग नाम एवं दुरी का फ्लेक्सी बना कर लगा दिया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रो पर विद्युत की प्रॉपर आपूर्ति, शीतल पेयजल, पंखा एवं शौचालय की साफ-सफाई का निरीक्षण कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग को आवश्यकता अनुसार बसों को भी परीक्षार्थियों को ले जाने हेतु लगा दिया जाये। इसके साथी ही जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार का कोई बयान मीडिया में नहीं देगा। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक होगी तो जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं सूचना विभाग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के संबंध में जो एनटीए के गाइडलाइन है, सभी केंद्र व्यवस्थापकों को बता दिया जाये। उन्होंने कहा की परीक्षा को एनटीए के गाइडलाइन का अनुसार सकुशल, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने विस्तृत रूप एनटीए के गाईड लाइन के बारे मे सभी केंद्र व्यवस्थापकों एवं अधिकारियों को जानकारी दी। बैठक में एसपी सिटी, सेक्टर/ स्टेटिक मजिस्ट्रेट सभी केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित थे।

धर्म स्थापना के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों ही उपयोगी

मीरजापुर। भगवान विष्णु के छठे अवतार अन्याय के संहारक भगवान परशुराम ब्राह्मणों के आराध्य देव है भगवान परशुराम हमें शस्त्र एवं शास्त्र दोनों के उपयोग की शिक्षा अपने महान जीवन से देते हैं ।

अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर संपूर्ण ब्राह्मण समाज को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक उन्नति के लिए मजबूती के दिशा पर काम करने पर बल देती है उक्त विचार बूढ़े नाथ मंदिर के महंत डॉक्टर योगानंद गिरी ने आज अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान इकाई मिजार्पुर के तत्वाधान में मिजार्पुर के सदर तहसील के सामने महुवारिया में आयोजित विशाल भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर संबोधित करते हुए व्यक्त किया कार्यक्रम में सर्वप्रथम ब्राह्मण समाज के आदि देव भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण एव मंत्र उच्चारण के साथ पूजन करके शंखनाद के साथ उनका पूजा अभिषेक किया गया तथा भगवान परशुराम जी के चित्र पर सभी पदाधिकारी ने पुष्प अर्पित करके उनका पूजन किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित अरुण चंद पांडे एडवोकेट ने कहा कि कि भगवान परशुराम जी का जन्म त्रेता युग के आरंभ में अक्षय तृतीया के दिन हुआ था भगवान परशुराम ने अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा हम लोगों को दी, सभी लोगों को भगवान परशुराम के पद चिन्हों पर चलकर ब्राह्मण समाज की एकता और सर्व समाज के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पुरोहित प्रकोष्ठ एवं कार्यक्रम के आयोजन आचार्य जयप्रकाश पांडे ने कहा कि भगवान परशुराम का संपूर्ण जीवन अन्याय और पापियों के शोषण से मुक्त कराकर एक अपराध एवं शोषण मुक्त समाज की स्थापना भी करना था कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सलिल पांडे ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने की प्रेरणा देता है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री पंडित सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने कहा कि भगवान परशुराम की जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेकर सभी के कल्याण के लिए एकता के साथ मिलकर ब्राह्मण समाज को मजबूत करने का कार्य करना होगा तभी हम ब्राह्मण समाज को एकजुट करके ब्राह्मण के कल्याण की बात कर सकते हैं कार्यक्रम के बाद संस्थान के सभी पदाधिकारी द्वारा भारत के जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना में मारे गए मृत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा ।और सरकार से दोषियों के विरुद्ध कठोरता से कार्रवाई की मांग किया ।

वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की जिला कार्यशाला संपन्न

मीरजापुर ।भाजपा जिला कार्यालय बरौधा कचार मीरजापुर के सभागार कक्ष में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह की अध्यक्षता में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान का जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई ।जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक विधि प्रकोष्ठ प्रशांत सिंह अटल रहे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष ने आये हुए मुख्य अतिथि व मंचासिन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत अभिनंदन किया ।साथ में वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की चर्चा करते हुए पूरा समय मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता को दिया ।प्रदेश संयोजक विधि प्रकोष्ठ प्रशांत सिंह अटल वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के संदर्भ में संबोधन करते हुए कहा कि वक्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है, जिसे भारत में वक्फ अधिनियम, 1995 के तहत मान्यता प्राप्त और विनियमित किया जाता है ।वक्फ बोर्ड और उनके द्वारा नियंत्रित सम्पत्तियाँ भारत में इस्लामिक जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं, क्योंकि वे अनगिनत मस्जिदों, धार्मिक और परोपकारी संस्थानों के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं ।साथ में उन्होंने यह भी बताया कि 2018 की केंद्रीय वक्फ परिषद रिपोर्ट के अनुसार भारत में 8 लाख एकड़ से अधिक वक्फ संपत्ति है , जिसकी अनुमानित कीमत रू010लाख करोड़ से अधिक है ।यू0पी0ए0 सरकार द्वारा प्रस्तुत वक्फ संशोधन अधिनियम, 2013 ने वक्फ बोर्ड की शक्तियों का विस्तार करके मनमाने ढंग से भूमि अधिग्रहण को सक्षम करके सम्पत्ति के अधिकारों को कमजोर कर दिया ।इसमें पारदर्शिता की कमी और हितधारकों की चिंताओं को नजरअंदाज करने के साथ ही बिना किसी नियम कानून के फैसले किया गया ।जैसे झ राज्य-वित्तपोषित सर्वेक्षण और वक्फ संपत्ति पर प्रतिबंध, राज्य सरकार के अधिकार और गैर-मुस्लिम दान को शामिल करने की सीमाएँ, वक्फ परिषद की बढ़ी शक्तियाँ और वक्फ संपत्ति पर लेनदेन पर प्रतिबंध, राज्यों पर बोझ और मनमाने भूमि दावे , यू0पी0ए0 सरकार द्वारा 2014 के विधेयक में वक्फ बोर्ड को और अधिक व्यापक शक्ति देने का प्रस्ताव किया गया के साथ झ साथ अनेकानेक वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की मुख्य विशेषताओं पर विस्तृत चर्चा किया ।

अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव को बच्चों को दिया गया प्रशिक्षण

सोनभद्र। गर्मी के मौसम में आग की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए बुधवार को प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल में अग्निशमन विभाग के अधिकारी श्करण सिंह यादवश ने अपनी टीम के साथ अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव किस प्रकार किया जाए, इसकी जानकारी विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को दी तथा इसके लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपायों की जानकारी देना और आपदा से बचाव का तरीका सीखना था। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बच्चों को बताया कि गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में क्या करना चाहिए, यदि किसी व्यक्ति के कपड़े में आग लग जाए तो उसे कैसे बुझाया जा सकता है और श्डिटेक्ट फायरश उपकरणों का किस प्रकार उपयोग किया जाता है, इसके साथ ही उन्होंने ह्यहीट वेवह्न से बचने के उपाय भी साझा किया, जैसे-अधिक पानी पीना, दोपहर में धूप से बचना और हल्के कपड़े पहनना। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पूजा-पाठ के साथ मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सवः संजय

सोनभद्र। केंद्रीय ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष आदरणीय संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में निज आवास बभनौली चण्डी होटल रावटसगंज पर सोनभद्र बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार चौबे के मार्गदर्शन व सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा अध्यक्षता व वरिष्ठ अधिवक्ता डी0जी0सी0 शशांक शेखर कात्यायन के संचालन में बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव दिव्य व भव्य पुजा पाठ व आरती के साथ मना। सभी वक्ताओं द्वारा परशुराम जी के जिवनी पर प्रकाश डाला गया, तथा समाज में हो रहे ब्राह्मणों पर अत्याचार को रोकने के लिए ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर लड़ाई लड़ने पर बल दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सोनभद्र बार एसोसिएशन के महामंत्री अखिलेश कुमार पांडेय, ब्राह्मण समाज के जिला संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे, सत्यनारायण दुबे, अमित कुमार मिश्रा, रवि पांडेय, चंद्रकांत मिश्रा, विवेक पांडेय, शेषमणि तिवारी, ब्रह्मानंद तिवारी, नागेंद्र नाथ चौबे, उमेश कांत तिवारी, प्रेम प्रकाश शुक्ला ,संदीप कुमार मिश्रा, आकाश दुबे ,अजय दुबे, पप्पू दुबे, जगमोहन त्रिपाठी बस्नतु गुरु समेत तमाम ब्राह्मण समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

आपसी झगड़े में पुलिस पर बर्बरता का आरोप

कुशीनगर। जिले के तुर्कपट्टी क्षेत्र के रुदवलिया में दो भाइयों के विवाद में पहुंची पुलिस पर एक पक्ष ने बर्बस पीटने का आरोप लगाया है। इसमें एक युवक का पैर टूट गया और एक अन्य व्यक्ति को भी चोट लगी है। वहीं बचाने गई घर की महिलाओं को भी चोटें आई हैं बुधवार को पीड़ित दीपक मिश्रा पुत्र पुरुषोत्तम मिश्रा ने पुलिस पर आरोप लगाया कि सोमवार को भाइयों में आपसी कहा सुनी हुई। इसमें तीसरे भाई के बेटे ने डायल 112 को फोन कर मामले की शिकायत की। इसी बीच दूसरा भाई हेमंत मिश्रा भी मौके पर पहुंच गया। इसी बीच पुलिस ने घर पहुंचते ही एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए उन लोगों को घर पर तो पीटा ही थाने ले जा कर भी जमकर पिटाई की। इस पुलिसिया बर्बरता में एक युवक का पैर टूट गया और एक अन्य व्यक्ति को भी चोट लगी है। छुड़ाने गई घर की महिलाओं को भी चोटें आई हैं। पीड़ित परिवार में आज तिलक समारोह है और जिस युवक का पैर टूटा है उसका आज तिलक चढ़ना है, दूसरी तरफ इस घटना से पूरा परिवार सहमा हुआ है। इस संबंध में एसएचओ राज प्रकाश सिंह ने बताया कि ये भाई आपस में झगड़ा कर मारपीट किए हैं। सभी को शांति भंग में चालान किया गया है।

महिला कल्याण विभाग की टीमें विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रहीं

सीतापुर। अक्षय तृतीया के पर्व पर, जब पारंपरिक रूप से बिना मुहूर्त विवाहों की संख्या बढ़ जाती है। जिला प्रशासन सीतापुर ने संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता और सक्रियता का परिचय दिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती प्रिया पटेल के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग की टीमें विशेष निगरानी के तहत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रहीं सचल दल के रूप में कार्यरत महिला कल्याण टीमों ने मंदिरों, विवाह स्थलों एवं ग्रामीण इलाकों में विशेष सतर्कता बरती। पूर्व सूचना, सामाजिक मीडिया मॉनिटरिंग एवं ग्रामीण स्रोतों के माध्यम से प्राप्त संभावित बाल विवाह की सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही की गई। कई जगहों पर जाकर टीमों ने माता-पिता, रिश्तेदारों एवं आयोजनकर्ताओं को कानून की जानकारी देते हुए विवाह को स्थगित कराया।

डीएम और एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

जिला संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर का निरीक्षण विशेष रूप से कारागार के सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की देखभाल, और उनकी सुविधाओं के बारे में था। उन्होंने कारागार में सुरक्षा तंत्र की समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया कि कैदियों की निगरानी मजबूत हो, जिससे किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में रहने वाले कैदियों को स्वास्थ्य सेवा और उनके भोजन व्यवस्था की भी जांच की। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कैदियों को अच्छी और सुरक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, और उनका इलाज समय पर हो। इसके साथ ही भोजन की गुणवत्ता पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि कैदी किसी प्रकार की शिकायत न कर सकें। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने कारागार की सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दिया और कहा कि सुरक्षा इंतजामों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कारागार में उच्चस्तरीय कैमरों का संचालन प्रभावी तरीके से किया जाना चाहिए, और सभी सघन गश्त की व्यवस्था की जानी चाहिए। निरीक्षण के अंत में, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कारागार के अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर निरीक्षण करें और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें। इस निरीक्षण से यह स्पष्ट हुआ कि जिला प्रशासन और पुलिस विभाग कैदियों की सुरक्षा और उनकी बेहतर देखभाल के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

अपर जिला जज ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा निरुद्ध कैदियों के रिहाई हेतु जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण किया गया।

उक्त निरीक्षण में ऐसे निरुद्ध बंदी जो पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं के सम्बंध में जो भी बंदी उक्त निदेशों के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके नियमानुसार रिहाई की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि ऐसे बन्दी जिनकी जमानत माननीय न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरुद्ध है उसके संबंध में अधीक्षक जिला कारागार देवरिया को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

उन्होंने वृद्ध बंदियों एवं असाध्य रूप से बीमार बंदियों की सूची तैयार कर जेल कारागार में पदस्थ चिकित्सकों से बन्दियों के इलाज हेतु समुचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया तथा उनके विधिक सहायता देने हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया। जेल लोक अदालत में आज कोई भी कैदी अपने मामलें में जुर्म स्वीकृत करने के आधार पर जुर्म समाप्त करने हेतु तैयार नहीं हुआ। इस निरीक्षण में मुख्य रूप से जिला कारागार अधीक्षक श्री प्रेम सागर शुक्ला, जेलर राजकुमार व जेल वार्डन उपस्थित रहें।

जिला उद्योग, व्यापार और श्रम बंधु की बैठक

कुशीनगर। डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु व्यापार एवं श्रम बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में इन्वेस्टर समिट के इकाइयों के उद्यमियों को उद्योग स्थापना एवं संचालन में आने वाली कठिनाइयों की विस्तृत समीक्षा की गई।

मेसर्स एनीड्रग्स फार्मा इंडस्ट्रीज, भैंसहां कुशीनगर के इकाई स्थल के सीमांकन संबंधी प्रकरण में जिलाधिकारी द्वारा आवेदक को शीघ्र ही गेहूं की फसल कटते ही तहसील कसया एसडीएम को सूचित कर पैमाइश कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में मेसर्स उपजाऊ भूमि फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड धर्मपुर बुजुर्ग कुशीनगर के इकाई स्थल के संपर्क मार्ग को चौड़ा किए जाने विषयक संबंधी प्रकरण में डीएम द्वारा तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि स्थल का निरीक्षण कर स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करें।

उक्त के अतिरिक्त यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में दाखिल एम ओ यू के सापेक्ष जी बी सी रेडी इकाइयों एवं इनमें क्रियाशील इकाइयों की विभाग बार समीक्षा की गई। पशुपालन विभाग, एमएसएमई विभाग, उद्यान विभाग एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों को यथा आवश्यक प्रगति कर सुधार करके और क्रियाशील इकाइयों की अलग से विस्तृत समीक्षा हेतु निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना अभियान के अंतर्गत बैंकवार लंबित ऋण हेतु पत्रावलियों की समीक्षा भी की गई। समीक्षा के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया आदि बैंकों की ऋण स्वीकृति प्रगति की समीक्षा कर सभी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर को अभियान के अंतर्गत प्राप्त लंबित पत्रावलियों को यथाशीघ्र ऋण हेतु निस्तारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा अभियान के अंतर्गत जो भी आवेदन आए हैं उसे शीघ्र निस्तारित करें तथा लोन हेतु कोई भी पत्रावली किसी भी बैंक में लंबित न रहे इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, श्रम प्रवर्तन कल्याण अधिकारी अलंकृता उपाध्याय उद्योग उद्यमी व्यापारियों के साथ-साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

तहसील में दलालों की कोई जगह नहीं

सीतापुर। तहसील सदर के तहसीलदार अतुलसेन सिंह ने आज प्रशासनिक सख्ती का संकेत देते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि तहसील परिसर को दलाल-मुक्त बनाया जाएगा और किसी भी प्रकार की दलाली, हस्तक्षेप या आम जनता को गुमराह करने की कोशिश को सख्ती से रोका जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि तहसील परिसर में बार-बार यह देखने में आ रहा है कि कुछ स्वार्थी तत्व खुद को बिचैलिया या एजेंट के रूप में प्रस्तुत कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं और शासकीय कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

भू-माफिया और अवैध खनन पर चेतावनी

तहसीलदार ने यह भी निर्देशित किया कि तहसील क्षेत्र में भू-माफियाओं की हर गतिविधि पर सतर्क निगरानी रखी जाए। यदि कहीं पर भी अवैध खनन की सूचना प्राप्त होती है तो उसमें संलिप्त व्यक्तियों को भू-माफिया घोषित कर उनके खिलाफ राजस्व एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु राजस्व निरीक्षकों, कानूनगो, लेखपालों एवं अन्य राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहें और किसी भी अवैध कार्य, विशेषकर भूमि कब्जा, फर्जी दाखिल-खारिज या अनाधिकृत निर्माण की सूचना पर तुरंत संज्ञान लें।

जनता से भी की सहयोग की अपील

श्री अतुलसेन सिंह ने आम जनता से भी अपील की कि वे किसी भी कार्य हेतु दलालों की मदद न लें और सीधे कार्यालय में उपस्थित होकर अपना कार्य कराएं। यदि किसी प्रकार की दलाली, भ्रष्टाचार या अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल तहसील कार्यालय या संबंधित उच्चाधिकारी को सूचित करें। प्रशासन की यह पहल पारदर्शी, जवाबदेह और जन-हितकारी तंत्र को सशक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

सामाजिक समानता की जीवनभर लड़ाई लड़ते रहे रामनरेश कुशवाहा: चंद्रभूषण

देवरिया। देश की आजादी से लेकर पिछड़ों के अधिकारों को संवैधानिक दायरे में मंडल कमीशन के तहत भागीदारी दिलाने हेतु आजीवन संघर्षरत रहे सामाजिक न्याय के महानतम पहरुआ रामनरेश कुशवाहा समता एवं समानता के प्रमुख पक्षधर थे,उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि देश की स्वतंत्रता हेतु जहां रामनरेश कुशवाहा ने अंग्रेजों से लोहा लया वही उन्होंने सामाजिक विषमता के विरुद्ध सदन से सड़क तक अनवरत संघर्षरत रहने का कार्य किये रामनरेश कुशवाहा की जयंती पर सुरेश नारायण सिंह, दयानंद यादव, सतेंद्र यादव गोविंद यादव, उत्तिम यादव, संतोष मद्धेशिया,सुधाकर यादव, बेलभद्र गोंड, शंकर गोंड, व्यास यादव, संजय यादव,मुन्ना अंसारी, असलम अंसारी, संजय यादव, रामप्यारे यादव आदि ने भी उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

आबिद का विसरा पुलिस ने सुरक्षित रखा

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम घाँटी के धव ई टोला मे मदरसे के छत से मिला संदिग्धावस्था मे मिली -51वर्षीय आबिद के पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे मृत्यु के कारण स्पष्ट न आने के कारण पुलिस ने विसरा को सुरक्षित रखवा दिया है ।इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को शव की सूचना मिलने पर शव को आवश्यक कार्यवाही पुरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल देवरिया भेज दिया गया था ।पी एम रिपोर्टमे मृत्यु का कारण सपष्ट न आने के लिए विसरा को सुरक्षित रखवा दिया गया ।

1मई से 30 जून तक न्यायालयों का कार्य अब सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक

देवरिया । जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि जनपद न्यायाधीश, देवरिया तथा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा दिए गए निदेशों के क्रम में, सचिव, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, देवरिया के प्रस्ताव के आधार पर जनपद देवरिया की न्यायालयों एवं कार्यालयों में कार्य का समय 1 मई 2025 से 30 जून 2025 तक परिवर्तित किया गया है।

इस अवधि में जनपद देवरिया की समस्त न्यायालयों में कार्य का समय प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। न्यायालयों में लंच का समय प्रातः 10:30 बजे से 11:00 बजे तक रहेगा। इसी प्रकार, संबंधित कार्यालयों का कार्य समय प्रातः 6:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रहेगा, जिसमें लंच का समय भी प्रातः 10:30 बजे से 11:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त अवधि में जनपद देवरिया के समस्त राजस्व, चकबंदी एवं फौजदारी न्यायालयों सहित राजस्व एवं फौजदारी अभिलेखागार का कार्य संचालन प्रातः 6:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाएगा। अन्य सभी कार्यालय पूर्ववत्प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संचालित रहेंगे।

संदिग्ध परिस्थिति में फांसी से लटकता मिला विवाहिता का शव

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रीछिन के निवासी शिव सेवक दीक्षित हरगांव के शिव नगर मोहल्ले में अपने मकान में परिवार सहित रहते थे। जहां उनकी पत्नी कल्पना उम्र लगभग 32 वर्ष ने मकान में बने नीचे कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर बीतीरात किसी समय आत्महत्या कर ली। आज सुबह जब कमरे का दरवाजा बंद देख परिजनों ने हरगांव पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर तत्काल घटनास्थल पर हरगांव पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की व फोरेंसिक टीम को सीतापुर से बुलाया गया। जब मायके पक्ष के लोग बरबर (लखीमपुर) से आये तब शव को उतारा गया व पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेजा गया। इस बाबत थाना हरगांव प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्जकर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

शिक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए महिला कल्याण विभाग सक्रिय

सीतापुर। जनपद में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने और बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा तथा उनके अधिकारों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल द्वारा जनपद में सार्वजनिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों और समुदायिक केंद्रों पर जागरूकता गतिविधियों को सक्रिय रूप से संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों जैसे नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, बैनर, पेम्फलेट, जागरूकता रैलियों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों, विशेषकर ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेटियों की महत्ता, उनके अधिकारों तथा सुरक्षा के विषय में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इन शिविरों एवं जागरूकता अभियानों में भाग लेकर बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि एक सशक्त समाज की नींव तभी रखी जा सकती है जब बेटियों को भी समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान प्राप्त हो। इसके अतिरिक्त, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने जानकारी दी कि जनपद में परित्यक्त शिशुओं की रक्षा हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसियों (एस0ए0ए0) के सहयोग से उपयुक्त स्थानों पर पालना शिशु स्वागत केंद्र स्थापित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही पूर्व में स्थापित किन्तु निष्क्रिय पालना केंद्रों को भी पुनः क्रियाशील किया जा रहा है। जिससे परित्यक्त शिशुओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके और उन्हें भविष्य में दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया के माध्यम से परिवार का स्नेह प्राप्त हो सके। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी नवजात असुरक्षित परिस्थिति में न छोड़ा जाए तथा समाज में सभी बच्चों को समान अधिकार और संरक्षण प्राप्त हो।

लक्ष्यपरक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये: जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

सीतापुर। शासन द्वारा गठित जिला उद्योग बन्धु समिति, सिंगल विण्डों एवं निवेश मित्र की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक आस्थानों के रख-रखाव, निवेश मित्र पोर्टल, निर्यात प्रोत्साहन योजना,

● डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति, सिंगल विण्डों एवं निवेश मित्र की बैठक सम्पन्न

ओ0डी0ओ0पी0, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जेम पोर्टल, क्लस्टर विकास योजना, एम0ओ0यू0, रिक्त भूखंडों के आवंटन इत्यादि की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्यपरक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण कराया जाये। बैठक में उद्यमियों से प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया। औद्योगिक आस्थानों के रख रखाव के अंतर्गत कार्यों की समिति बनाते हुए जांच किए जाने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करते हुए औद्योगिक आस्थानों में रिक्त भूखंडों का आवंटन कार्य सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गयी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा योजना) की विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनपद का लक्ष्य 2200 निर्धारित है।

जिसके अंतर्गत 600 आवेदन विभिन्न बैंकों में स्वीकृति हेतु प्रेषित किए जा चुके हैं। 130 आवेदनों को स्वीकृत किए जाने के साथ ही 100 लाभार्थियों को ऋण वितरित भी कराया जा चुका है। उन्होंने योजना के प्राविधानों से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि आयु 21 से 40 वर्ष आयु के पात्र युवा योजनांतर्गत आवेदन कर सकते हैं। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी, सम्बंधित विभागों के अधिकारी, उद्योग बंधु व व्यापार बंधु के सदस्य तथा उद्यमी व व्यापारी उपस्थित रहे।

शस्त्र और शास्त्र के महान ज्ञाता थे भगवान परशुराम : शशांक मणि

जिला संवाददाता

देवरिया । सोन्दा स्थित शहर के एक मैरेज हाल में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वाधान में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर गोष्ठी के मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर समस्त समाज के मंगल की कामना की । गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री मणि ने कहा कि भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के ब्राह्मण योद्धा अवतार के रूप में पूजे जाते हैं, उनकी जयंती प्रार्थनाओं, धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि महाभारत और विष्णुपुराण के अनुसार परशुराम का मूल नाम राम था किन्तु जब भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया तभी से

उनका नाम परशुराम हो गया। पितामह भृगु द्वारा सम्पन्न नामकरण संस्कार के अनन्तर राम कहलाए। वे पुरुषों के लिये आजीवन एक पत्नीव्रत के पक्षधर थे। उन्होंने अत्रि की पत्नी अनसूया, अगस्त्य की पत्नी लोपामुद्रा व अपने प्रिय शिष्य अकृतवण के सहयोग से विराट नारी-जागृति-अभियान का संचालन भी किया था। उन्होंने कहा कि सहस्त्रार्जुन ने परशुराम के पिता जमदग्नि के आश्रम में एक कपिला कामधेनु गाय को देखा और उसे पाने की लालसा से वह कामधेनु को बलपूर्वक आश्रम से ले गया। जब परशुराम को यह बात पता चली तो उन्होंने पिता के सम्मान के खातिर कामधेनु वापस लाने की सोची और सहस्त्रार्जुन से उन्होंने युद्ध किया। युद्ध में सहस्त्रार्जुन की सभी भुजाएँ कट गईं और वह मारा गया। तब सहस्त्रार्जुन के पुत्रों ने प्रतिशोधवश परशुराम की अनुपस्थिति में उनके पिता जमदग्नि को मार डाला। परशुराम की माँ रेणुका पति की हत्या से विचलित होकर उनकी चिताग्नि में प्रविष्ट हो सती हो गयीं।

तम्बौर उपकेन्द्र के संविदा कर्मियों ने छंटनी के विरोध में दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

सीतापुर। तम्बौर विद्युत उपकेन्द्र पर कार्यरत संविदा कर्मियों ने छंटनी की संभावित कार्रवाई के विरोध में कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। इन कर्मियों ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड विसवां को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि वे विगत कई वर्षों से आउटसोर्सिंग के माध्यम से सेवा दे रहे हैं और अब विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि उनकी छंटनी की जा रही है।

कर्मचारियों ने पत्र में स्पष्ट किया है कि यदि उनके किसी भी साथी की सेवा समाप्त की जाती है, तो वे सामूहिक रूप से कार्य का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी स्थिति में यदि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है, तो उसकी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी ।यह पत्र उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड लहरपुर, ऑपरेशन मैनेजर वर्ल्ड क्लास सर्विसेज लिमिटेड एवं उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन संविदा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष व महामंत्री को भी प्रेषित किया गया है ।संविदा कर्मियों ने मांग की है कि उनकी छंटनी रोकी जाए और सेवा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि वे निर्बाध रूप से अपनी सेवाएं दे सकें।

बाबासाहेब का अपमान किसी कीमत पर बर्दाश्त पर नहीं किया जाएगा: राजेश शुक्ला

सीतापुर। समाजवादी पार्टी की लोहिया वाहिनी द्वारा एक कार्यक्रम में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र के आधे भाग पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का चित्र जोड़े जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी आलोचना की है। साथ ही सीतापुर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में स्थानीय अंबेडकर पार्क में विरोध प्रदर्शन किया गया और समाजवादी पार्टी के इस निचले कृत्य की घोर निंदा की गई। सर्वप्रथम भाजपा कार्यकर्ता आरएमपी कॉलेज फील्ड पर स्थित नर्मदेश्वर मंदिर के निकट एकत्र हुए और फिर विरोध प्रदर्शन करते हुए म्युनिसिपल मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचे। जहां पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में बताया कि समाजवादी पार्टी मानसिक दिवालियापन से गुजर रही है। पूर्व में भी भारत की आन बान शान बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विषय में समाजवादी नेताओं ने अनर्गल प्रतिक्रियाएं दी है परंतु अब तो हद हो गई। जब वह अपने कार्यक्रम में अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का चित्र बाबा साहेब के चित्र के साथ जोड़ने लगे हैं। यह समाजवादी पार्टी की घृणित मानसिकता अब बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया बाबा साहब संपूर्ण भारत का सम्मान है उनके अपमान पर समाजवादी पार्टी को तत्काल माफी मांगनी चाहिए और भविष्य में इस तरह का कृत्य ना करने के लिए लिखित हलफनामा देना चाहिए। उन्होंने मांग की की समाजवादी पार्टी के नेताओं को बाबा साहब अंबेडकर के अपमान के लिए संविधान सम्मत दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सदैव बाबा साहब के सम्मान के साथ खड़ी है और वह किसी को यह अनुमति नहीं दे सकती की कोई भी अपनी राजनीतिक रोटी सेकने के लिए बाबा साहेब के सम्मान से खिलवाड़ करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला अध्यक्ष रामस्वरूप भार्गव, सीतापुर नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन नेहा अवस्थी, नमिन्द्र अवस्थी, नगर पालिका खैराबाद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू, सागर गुप्ता विश्राम सागर राठौर आदि उपस्थित रहे।

सुशासन कल्पना नहीं, एक जीवंत यथार्थ: कीर्ति वर्धन सिंह

जिला संवाददाता

कुशीनगर। भारत सरकार कज केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि इतिहास और अध्यात्म की दृष्टि से समृद्ध भूमि तथागत बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल कुशीनगर में डाकघर पासपोर्ट केन्द्र खुलना महज एक उपलब्धि नहीं है,यह एक नए भारत के उस विजन को दशार्ता है जहां पर सुशासन एक कल्पना मात्र नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए एक जीवंत सच्चाई है।

उन्होंने कहा कि कुशीनगर में पीओपीएसके की स्थापना इसकी सांस्कृतिक आदान-प्रदान और तीर्थयात्रा की समृद्ध बिरासत को भारत की आधुनिक वैश्विक आकांक्षाओं से जोड़ती है तथा पूरे विश्व को अपने में समाहित करने की हमारी परंपरा को प्रतिबिंबित करती है।

केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह बुधवार को कुशीनगर में थे। वे रवीन्द्रनगर जिला मुख्यालय स्थित डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होने कहा कि पहले लम्बे समय तक पासपोर्ट प्राप्त करना अपने आप में एक यात्रा करने जैसा था लेकिन आज, कुशीनगर का कोई भी किसान, मजदूर या छात्र अपनी एक दिन की मजदूरी या मानसिक शांति को गंवाए बिना इन सेवाओं का लाभ ले सकता है।

मंत्री ने विदेश मंत्रालय और डाक विभाग के बीच की इस महत्वपूर्ण साझेदारी को 'जनकल्याण के लिए सरकार के दो अंगों के एकजुट होने का जीता जागता उदाहरण' बताते हुए कहा कि, भारतीय डाक के विशाल नेटवर्क का लाभ उठाते हुए डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों ने डाकघरों को आधुनिक सुशासन के केंद्रों में परिवर्तित कर दिया है। एम-पासपोर्ट सेवा ऐप, कागज रहित दस्तावेजों के लिए डिजिलॉकर के साथ और अप्लाई फ्रॉम एनीव्हेयर योजना जैसी नवीन सुविधाओं ने पासपोर्ट प्राप्त करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाया है, जोकि इस सेवा के लोगों की जरूरतों के अनुरूप डालने के नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

उन्होने कहा कि पीओपीएसके विदेश मंत्रालय और डाक विभाग के बीच साझेदारी का परिणाम है जिसका उद्देश्य पासपोर्ट सेवाओं को शहरी केंद्रों की सीमाओं से निकालकर आम नागरिकों तक पहुंचाना है। 37 पासपोर्ट कार्यालयों के अंतर्गत कुल 450 पीओपीएसके एवं 93 पासपोर्ट सेवा केंद्रों के साथ अब देशभर में 543 पासपोर्ट सर्विस पॉइंट्स का नेटवर्क है, जिसमें से क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ के क्षेत्राधिकार में कुल 4 पासपोर्ट सेवा केंद्र एवं 33 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र संचालित होते हैं। कुशीनगर का यह पीओपीएमके क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के अंतर्गत 33वाँ डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र है।

अंत में कहा कि, मोदी सरकार में बिना भेदभाव के विकास योजनाएं और सुविधाएं आम आदमी के दरवाजे तक पहुंच रही हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डा. चंद्र शेखर पेम्मासानी ने कहा कि, आज हम जो विकास का नया दौर देख रहे हैं, यह केवल तकनीक सोच का नतीजा है । संयुक्त संसदीय कमेटी के चेयरमैन जगदंबिका पाल ने कहा कि, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर से उड़ान सेवा शुरू करने को लेकर पहल करूंगा।

इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य आरपीएन सिंह, कुशीनगर सांसद कुशीनगर विजय कुमार दूबे, सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी आदि ने भी संबोधित किया।

शिक्षक की बेटी सौम्या ने मान बढ़ाया

देवरिया । सौम्या तिवारी पुत्री श्री नरेंद्र तिवारी जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा देवरिया की बेटी ने जीवन मार्ग सोफिया सेकंड्री स्कूल आईसीएसई बोर्ड में कक्षा दसवीं में 90.2% पाकर विद्यालय एवं अपने माता-पिता परिवार का सर ऊंचा की। इसके लिए बिटिया को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं बधाई।

बातचीत में सौम्या ने बताया कि आगे चलकर उसे एक न्याय प्रिय जज बनकर समाज के कमजोर एवं गरीबों की सेवा करनी है।

केन्द्र की सियासी स्ट्राइक

जाति गणना कराने का फैसला सियासी रूप से किसके पक्ष में जायेगा यह अभी तय नहीं किया जा सकता है। राजनीति में यह जरूरी भी नहीं कि किसी फैसले का परिणाम ठीक वैसा ही हो जैसा आप सोचते हैं। मंडल आयोग की रिपोर्ट वीपी सिंह ने लागू की थी। उनका यह कदम सामाजिक न्याय से प्रेरित न होकर शुद्ध रूप से सियासी था। मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद देश की राजनीति में ऐतिहासिक बदलाव आया। राजनीति के पुराने तमाम पैमाने ध्वस्त हो गये और नये-नये मसीहाओं का जन्म हुआ। लेकिन सियासी उभार और बदलाव के बीच विश्वनाथ प्रताप सिंह पूरी तरह गायब हो गये। उनको पिछड़े वर्ग में किसी भी जाति का समर्थन नहीं मिला। हां यह जरूर हुआ कि मंडल राजनीति के युग में नये-नये नेता उभरे, उन्होंने अपने परिवारों का भला किया। लेकिन पिछड़े वर्ग की अधिकांश जातियां आज भी सामाजिक न्याय के प्रश्न पर सकारात्मक बदलाव का इंतजार कर रही है। जाति गणना का मुद्दा बीते कुछ वर्षों में कांग्रेस और मंडलवादी पार्टियों ने गरम करना शुरू किया था। इसके पीछे उनकी सोच यह थी कि भाजपा के राष्ट्रवाद और विकास के मुद्दे का काट के जाति गणना को पेश किया जाये। बिहार और उत्तर प्रदेश में जाति गणना का मुद्दा राजनीतिक रूप से संवेदनशील है। कारण यह है कि यहां गरीबी है। पिछड़े वर्ग की राजनीति कर जो लोग आगे बढ़े उन्होंने सामाजिक-आर्थिक विकास के ठोस काम करने के बजाय जाति की राजनीति कर सत्ता हथियायी और जातिवाद करते रहे। इस कारण इनका विकास नहीं हुआ क्योंकि बिना किसी जवाबदेही के वोट मिलता रहा। सत्ता और सियासी रसूख मिलता रहा। ऐसे में मंडलवादी पार्टियों ने जान-बूझकर विकास और आर्थिक कल्याण में दिलचस्पी नहीं ली ताकि आरक्षण, सामाजिक न्याय आदि हमेशा मुद्दा बना रहे और इसी के सहारे उनकी सियासत चलती रहे। बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडिया अलायंस के घटक दलों ने इसे चुनावी मुद्दा बनाया और इससे बीजेपी को भारी नुकसान हुआ। ऐसे में संभावतः व्यापक विमर्श और आरएसएस की सहमति के बाद मोदी-शाह की जोड़ी ने सियासी तौर पर एक स्मार्ट फैसला करते हुए जनगणना के साथ जाति गणना कराने का फैसला कर एक तरह से कांग्रेस और अन्य मंडलवादी पार्टियों के हाथ से एक मुद्दा छीन लिया है। वैसे आज के आधुनिक युग में जाति की गणना किसी भी तरह से विवेकपूर्ण नहीं कही जा सकती है। इसका कोई लाभ भी नहीं होगा बल्कि जातीय राजनीति अगर और गाढ़ी हुई तो देश और प्रदेश और पीछे जायेंगे। लेकिन आज के समय भाजपा के लिए यह सियासी मजबूरी बन गयी थी क्योंकि विपक्षी पार्टियां जनता को जाति गणना, आरक्षण और सामाजिक भागीदारी के नाम पर बरगलाने में सफल हो रही थीं। चुनाव में भाजपा के विकास व राष्ट्रवाद के मुद्दे पीछे छूट जाते थे और मतदान विकास व सरकार के काम के बजाय जातिवाद के नाम पर होता था। ऐसे में सरकार ने अपनी तरफ से जाति गणना का फैसला कर उचित पहल की है। इसके दो परिणाम हो सकते हैं और दोनों भाजपा के लिए सियासी रास्ता आसान करने वाले होंगे। एक तो यह मुद्दा कमजोर पड़ जाये। इससे व्यापक हिन्दू एकता मजबूत होगी और यह स्थिति भाजपा के अनुकूल होती है। दूसरा परिणाम यह हो सकता है कि ओबीसी में तमाम अन्य छोटी-छोटी जातियों में नेतृत्व का उभार हो और आज जो नेता ओबीसी के सारे वोटों पर दावेदारी करते हैं उनका स्टॉक बहुत छोटा हो जाये। यह भी भाजपा के लिए अनुकल ही होगा। क्योंकि पिछड़े वर्ग में दो-चार जातियां ही पूरे स्पेस को डोमिनेट करती हैं। जबकि पिछड़े वर्ग में चार हजार से अधिक जातियां हैं। जिन जातियों की जनसंख्या आधा फीसद, चौथाई फीसद या इससे भी कम हैं, उनकी भागीदरी की कहीं कोई चर्चा ही नहीं होती है। ऐसे में जब सबका आंकड़ा सामने आ जायेगा, तब पिछड़े वर्ग की अन्य जातियों से नेतृत्व उभरेगा और यह स्थिति उनके प्रतिकूल होगी जो आज संपूर्ण बैकवर्ड समाज के नेतृत्व की दावेदारी करते हैं। भागीदारी और मंडलवादी राजनीति में एक तरह से पैंडोरा बॉक्स अब खुल गया है।

केन्द्र सरकार ने जनगणना के साथ जाति गणना कराने का फैसला करके एक तरह से कांग्रेस और अन्य मंडल वादी पार्टियों के हाथ से उनका सदाबहार मुद्दा छीन लिया।

विचार

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

–संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

–जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता से बड़ा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता है।

–चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

–फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

–ज्ञानेश्वरी.

श्रमिकों के साथ अपनायें मानवीय दृष्टिकोण

अरविन्द जयतिलक

आज विश्व श्रमिक दिवस है। यह दिवस श्रम के अधिकारों के बारे में जागरुकता प्रसारित करने और उपलब्धियों को संदर्भित करने के लिए मनाया जाता है। श्रमिक दिवस का उद्देश्य संपूर्ण विश्व में सामाजिक-आर्थिक अधिकारों को प्राप्त करना है जिससे विश्व समाज मानवीय बन सके। लेकिन यह चिंताजनक है कि तमाम वैश्विक प्रयासों के बावजूद भी श्रमिक वर्ग बदहाली के दलदल से बाहर नहीं आ सका है। वह आर्थिक बदहाली का दंश झेलने के साथ ही अपने अधिकारों से भी वंचित है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के मुताबिक आज की तारीख में विकासशील देशों में 70 करोड़ से अधिक श्रमिक गरीबी का दंश झेलने को मजबूर हैं। यह वर्ग प्रतिदिन 3.50 डॉलर प्रति व्यक्ति की आय से खुद को उपर नहीं उठा पा रहा है। विकास और प्रगति की दर बेहद धीमी और निराशाजनक है। सच कहें तो विकासशील देश बढ़ते श्रम बल के साथ श्रमिकों को बेहतर जीवन देने में नाकाम हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के जरिए पहले ही रेखांकित हो चुका है कि दुनिया भर में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है लेकिन उस अनुपात में श्रमिकों की दशा में सुधार नहीं हुआ है। भारत के संदर्भ में बात करें तो यहां श्रमबल जनसंख्या तकरीबन 460 मिलियन है। इसमें 430 मिलियन कामगार असंगठित क्षेत्र की विषम परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का तकरीबन 65 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र के कामगारों से प्राप्त होता है। इनमें भी असंगठित क्षेत्र का लगभग 48 प्रतिशत के आसपास महिला कामगारों का है। विचार करें तो महिलाओं पर उत्पादन कार्य और प्रजनन का दोहरा बोझ है। इन महिला श्रमिकों का जीवन बदतर और बदहाल है। जबकि आजादी के बाद से ही देश की सरकारें कल्याणकारी योजनाओं और सुधारवादी कानूनों के जरिए कृषि श्रमिकों, बाल श्रमिकों, महिला श्रमिकों एवं संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधारने में जुटी हैं। कृषि-श्रमिकों की बात करें तो यह वर्ग भारतीय समाज का सबसे दुर्बल अंग बन चुका है। यह वर्ग आर्थिक दृष्टि से अति निर्धन तथा सामाजिक दृष्टि से अत्यंत शोषित है। इस वर्ग की आय बहुत कम है। यह वर्ग गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजारने को अभिशप्त हैं। अधिकांश कृषि-श्रमिक भूमिहीन तथा पिछड़ी, अनुसूचित जाति एवं जनजातियों से हैं। इनके बिखरे हुए एवं असंगठित होने के कारण किसी भी राज्य में इनके सशक्त संगठन नहीं है जो इनके अधिकारों की रक्षा कर सके। नतीजा उनकी समस्याएं दिनों दिन सघन हो रही हैं। देश में कृषि मजदूरों की संख्या में हर वर्ष इजाफा हो रहा है। यह स्थिति तब है जब कृषि-श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार अनेक कार्यक्रम शुरू किये हैं।

> अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के जरिए पहले ही रेखांकित हो चुका है कि दुनिया भर में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है लेकिन उस अनुपात में श्रमिकों की दशा में सुधार नहीं हुआ है। भारत के संदर्भ में बात करें तो यहां श्रमबल की जनसंख्या तकरीबन 460 मिलियन है। इसमें 430 मिलियन कामगार असंगठित क्षेत्र की विषम परिस्थितियों से जूझ रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस

दुर्भाग्यपूर्ण यह भी है कि कृषि करने वाले किसान ही कृषि-श्रमिक बन रहे हैं। दरअसल प्रकृति पर आधारित कृषि, देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ एवं सूखा का प्रकोप, प्राकृतिक आपदा से फसल की क्षति और ऋणों के बोझ ने किसानों को दयनीय बना दिया है। हां यह सही है कि सरकार ने कृषि-श्रमिकों आर्थिक एवं सामाजिक दशाओं में सुधार के लिए न्यूनतम मजदूरी अधिनियम गढ़ा है। लेकिन इस अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन न होने से श्रमिकों की दशा में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। बेहतर होगा कि सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करे तथा साथ ही श्रमिकों के कार्यो के घंटों का नियमन करे। यह भी सुनिश्चित करें कि अगर कृषि-श्रमिकों से अतिरिक्त कार्य लिया जाता है तो उन्हें उसका उचित भुगतान हो। साथ ही भूमिहीन कृषि-श्रमिकों की दशा सुधारने के लिए उन्हें भूमि दी जाये। जोतों की अधिकतम सीमा के निर्धारण द्वारा प्राप्त अतिरिक्त भूमि का उनके बीच वितरण किया जाए। भू आंदोलन के अंतर्गत प्राप्त भूमि का वितरण करके उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जाए। गौर करें तो महिला श्रमिकों की हालत पुरुष श्रमिकों से ज्यादा त्रासदी और चुनौतीपूर्ण है। एक आंकड़े के मुताबिक विश्व के कुल काम के घंटों में से महिलाएं दो तिहाई काम करती हैं। लेकिन इसके बदले में उन्हें सिर्फ 10 प्रतिशत ही आय प्राप्त होता है। भारतीय संदर्भ में महिला श्रमिकों की बात करें तो पिछले दो दशक के दौरान श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

भारत में अधिकतर महिलाएं विशेष रूप से गामीण महिलाएं कृषि कार्य से जुड़ी हैं। पर चिंता की बात यह है कि उन्हें उनके परिश्रम का उचित मूल्य और सम्मान नहीं मिल रहा है। जबकि एक श्रमिक के रुप में महिला श्रमिकों की पुरुष श्रमिकों से अलग समस्याएं होती हैं। लेकिन इसका श्रम कानूनों में कोई उल्लेख नहीं हैं। यह स्थिति ठीक नहीं है। उचित होगा कि देश की सरकारें इस दिशा में सुधारवादी कदम उठाएं। यहां जानना आवश्यक है कि संगठित क्षेत्र में हजारों श्रमिक संगठन हैं। ये संगठन अपनी समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाते हैं और सरकार से अपनी मांग पूरा कराने में भी कामयाब होते हैं। लेकिन असंगठित क्षेत्र को यह लाभ नहीं मिल पाता है। उल्लेखनीय है कि छोटे व सीमांत किसान, भूमिहीन खेतिहर मजदूर, हिस्सा साझा करने वाले, मछुवारे, पशुपालक, बीड़ी रोलिंग करने वाले, भठ्ठे पर काम करने वाले, पत्थर खदानों में लेबलिंग एवं पैकिंग करने वाले, निर्माण एवं आधारभूत संरचनाओं में कार्यरत श्रमिक, चमड़े के कारीगर इत्यादि असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं। अच्छी बात है कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने असंगठित क्षेत्र में आने वाले श्रमिकों के कल्याण के लिए श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम को अधिनियमित किया है। लेकिन जब तक सरकार सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों को कड़ाई से क्रियान्वयन नहीं कराएगी तब तक उसका समुचित लाभ श्रमिक वर्ग को नहीं मिलेगा। यह सच्चाई है कि सख्त कानून के बावजूद भी कल-कारखाने, कंपनियां और उद्योग समूह अपने कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने से गुरेज नहीं करते हैं। कोरोना महामारी के समय तो हालात और भी अधिक बदतर हो गए थे। ऐसे में आवश्यक कि सरकार श्रमिकों की सुरक्षा के लिए ऐसी कंपनियों और उद्योगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे। चिंता की बात यह भी है कि बाल श्रमिक से जुड़े नए-नए कानूनी प्रावधानों के गढ़ने के बावजूद भी बालश्रम मिटाने की चुनौती बरकरार है। विश्व स्तर पर दुनिया भर में 15.20 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं। भारत की बात करें तो 2011 की जनगणना के अनुसार तकरीबन एक करोड़ बाल श्रमिक हैं। इनमें 56 लाख लड़के और 45 लाख लड़कियां हैं। गत वर्ष पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने बाल श्रमिकों की दुर्दशा को लेकर सख्त नाराजगी जताते हुए सरकार को ताकीद किया था कि बाल मजदूरी से जुड़ी शिकायतों पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई हो और बचाए गए बच्चों को मुआवजा देने और उनके पुनर्वास का काम 45 दिनों में सुनिश्चित हो। लेकिन इस सख्त आदेश के बावजूद भी बाल श्रमिकों की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं आया है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 व 24 में स्पष्ट प्रावधान है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कारखानें और जोखिम भरे कार्यों में नहीं लगाया जा सकता। लेकिन दुखद पहलू यह भी कि बाल श्रम से जुड़े बच्चों का इस्तेमाल वेश्यावृत्ति, पोर्नोग्राफी जैसे घृणित कार्यों में हो रहा है। एक जिम्मेदार राष्ट्र व संवेदनशील समाज के लिए यह स्थिति माथे पर कलंक जैसा है। वैश्विक आंकडों से उद्घाटित हो चुका है कि आज भारत 14 साल से कम उम्र के सबसे ज्यादा बाल श्रमिकों वाला देश बन चुका है।

सोशल मीडिया

आरदणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में केन्द्रीय कैबिनेट ने जनगणना में जातिगत आधारित जनगणना कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जेपी नड्डा.

जाति गणना का फैसला 90 प्रतिशत पीडीए की एकजुटता की 100 फीसद जीत है, सबके सम्मिलित दबाव से भाजपा सरकार ने यह फैसला मजबूरन किया है। अखिलेश यादव

श्रीनगर में मुख्य व्यापार हितधारक के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की जिसमें पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा व पीड़ितों के साथ एकजुटता प्रकट की गयी। उमर अब्दुल्लाह

विराट ब्रह्म की अनुभूति

अंतर्दृष्टि

आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये।

आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

चुनाव में जीतने की उम्मीद कम

व्यंग्यलोक

अगले चुनाव में जीतने की आज के जमाने में कतई उम्मीद न करें और उसी हिसाब से जितना भी हड़प अथवा हजम कर सकें कर लें, वर्ना आगामी चुनाव के समय आर्थिक परेशानी आ सकती है। हारने पर रोटी के भी लाले पड़ सकते हैं। इसलिए एक बार सरकार में रहकर पाँच पीढ़ियों के ऐशो आराम की व्यवस्था को ध्यान में रखिए। कई बार अंतुले कौतुक-करतब राजनीति में लम्बे समय तक जिन्दा रखते हैं। कोई भी बड़े नेता के नाम पर कोई बड़ा धंधे का धंधा, गबन-घोटाला करके, सत्ता से अलग हो जाओ, तब भी सत्ता में रहने के जैसे ही ऐशो आराम भोग सकते हो। ऐसा करने से राजनीति से अलग और सत्ताहीन होने का दुःख नहीं व्यापता है थोड़ी सावधानी यही रहे कि जरा केन्द्र को भी विश्वास में ले लें, वरना वह आपको चैन की बंशी नहीं बजाने देगा और कोई जाँच आयोग-वायोग का नाटक रचकर फिजूल परेशान किया जाएगा। राज्य में कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम प्रारम्भ करवा दें जिसमें गरीबी की पीड़ा निहित हो तो इससे भी समय आसानी से कट जाता है। जैसे दस्यु उन्मूलन अभियान, पिछड़े को पहले, बेघर को घर, जंगल में मंगल, अन्त्योदय तथा सबको रोटी, ये ऐसे नारे और आश्वासन हैं कि जनता का सहज आपके प्रति विश्वास जग आएगा तथा उसकी लार टपकने लगेगी। करना आपको कुछ नहीं है बस सचिवालय से आदेश निकालकर विभागों के निदेशालयों के मार्फत, जिला मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक उनके निर्देश भेज देने हैं। सरपंच, जिला प्रमुख और जिलाधीश आपकी सरकार की दुकान साधे रहेंगे। कई बार स्थिति उस समय बड़ी विषम हो उठती है जब आपके मंत्रिमण्डल में कोई अन्य साथी आपकी बराबर की टक्कर का हो। उससे सचेत तो रहें ही, इसके साथ ही साथ आप केन्द्र से बातचीत करके, उपमुख्यमंत्री का पद सृजित करवाकर उसे वहाँ 'एडजस्ट कर दें। इससे उसका 'ईगो काफी हद तक मर जाएगा और वह खुलकर विरोध करने में संकोच करेगा। लम्बे समय तक सत्ताजीवी रहने के लिए यह भी जरूरी है कि आप जन सम्पर्क अथवा जन आयोजनों में ज्यादा भाग न लेवें। इससे आपके मुँह से अंट-संट निकलने तथा भूल-चूक होने का पूरा खतरा रहता है। इसलिए इस तरह की बातों से बचें और यदि नौबत जाने की आ ही गई है तो मित्तभाषी बनकर महान और बृद्धिजीवी होने का भ्रम उत्पन्न करें। राज्य में कई बार मजदूरों अथवा कर्मचारियों के आन्दोलन भड़क उठते हैं। ये अवसर भी अत्यन्त घातक होते हैं। आप प्रयास कीजिए उन्हें तत्काल राहत की पंजीरी देने की। यदि फिर भी वे लोग काबू में नहीं आ रहे हैं तो एक समिति बना दें तथा उसमें वह व्यक्ति जरूर शामिल कर देवें, जो आपका प्रतिद्वंदी हो, इससे जिन्दाबाद, मुर्दाबाद का जयघोष उसके ही नाम बुलेगा।

पूरन सरमा

कृत्रिम रक्त के विकास का बढ़ता इंतजार



अनुसंधान

दुनियाभर के सैकड़ों वैज्ञानिक आज से नहीं 19वीं शताब्दी के आखिरी सालों से ही एक ऐसे कृत्रिम खून का सपना देख रहे हैं, जो किसी मरीज को बिना ब्लड ग्रुप मैच करने की चिंता और इंफेक्शन के डर के चढ़ाया जा सके। हीमोग्लोबिन के इर्दगिर्द बनाये गये कई विकल्प अब तक तैयार भी हुए हैं और कई बार ऐसा भी लगा है कि खोज पूरी हो गई। लेकिन अंततः ये सारे विकल्प नाकाम साबित हुए, क्योंकि इनके इस्तेमाल से हार्ट अटैक और मौत का काफी ज्यादा जोखिम बढ़ गया। हालांकि इन दिनों वैज्ञानिक कृत्रिम खून के एक बिल्कुल ठोस विकल्प स्टेम सेल के जरिये यह खून बनाने की कोशिश में लगे हुए हैं। लेकिन अभी भी इसे क्लीनिकल ट्रायल को पूरा करना है और उसके पहले ही कई तरह की आशंकाएं खड़ी हो गई हैं। बावजूद इसके स्कॉटलैंड स्थित एडिनबरा यूनिवर्सिटी के अनुसंधान में लगे वैज्ञानिक उम्मीद से हैं कि जल्द ही वयस्कों के बोन मेरो में बढ़ने वाले स्टेम सेल से यह कृत्रिम रक्त बना लिया जायेगा, जो ओ नेगेटिव कैटेगिरी का होगा और दुनिया के करीब 98 फीसदी जरूरतमंदों के काम आयेगा।

दरअसल कृत्रिम रक्त एक ऐसा उत्पाद है जिसे लाल रक्त कोशिकाओं को प्रतिस्थापित करने के लिए डिजाइन किया जाना है, जिनका काम पूरे शरीर में ऑक्सीजन और कार्बन डाइ ऑक्साइड का परिवहन करना होता है। इसीलिए वैज्ञानिक हीमोग्लोबिन आधारित ऑक्सीजन वाहक या पेरफ्लोरो कार्बन की खोज में हैं। हालांकि शेफील्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि वह एक कृत्रिम 'प्लास्टिक रक्त' विकसित कर रहे हैं, जो आपात स्थिति में पलभर में इस्तेमाल किया जा सकता है। वैसे वैज्ञानिकों की खोज का यह सफर 19वीं शताब्दी के आखिरी दशकों में (साल 1883 में) रिंगर घोल के निर्माण के साथ ही न सिर्फ शुरू हो गया था बल्कि लगने लगा था कि कृत्रिम खून का विकास अब कुछ ही कदम दूर है। क्योंकि रिंगर के घोल ने वैज्ञानिकों को रक्त की शरीर में भूमिका को अच्छी तरह से उजागर कर दिया था, वैज्ञानिक समझ गये थे कि वास्तव में रक्त शरीर में पावर ऑफ हाइड्रोजन को संतुलित करता है और यह काम वह अपने आइसोटोनिक दबाव से करता है। रिंगर घोल पानी में घुले कई लवणों का मिश्रण होता है। यह किसी जानवर के शरीर के तरल पदार्थ के सापेक्ष एक आईसोटोनिक घोल बनाने के उद्देश्य से तैयार किया जाता है। इसमें सोडियम क्लोराइड, पौटेशियम क्लोराइड, कैल्शियम क्लोराइड और सोडियम बाई कार्बोनेट होता है। इस घोल का इस्तेमाल पीएच को संतुलित करने के लिए किया जाता है।

पीएच दरअसल पावर ऑफ हाइड्रोजन यानी की हाइड्रोजन की शक्ति होती है। रिंग का घोल दरअसल किसी को लगे आघात, सर्जरी या जलने के मामले में हुए रक्त नुकसान की भरपायी के लिए होता है। यह घोल गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति में हुए रक्त के नुकसान की भरपायी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। क्योंकि इसमें रक्त के समान दबाव या वजन होता है। कुछ साल पहले अमेरिका में डॉक्टरों ने एक 20 वर्षीय महिला बेस लिन, जो कि एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाने के कारण ट्रॉमैटिक ब्रेन इंजरी (टीबीआई) से गुजरी थी और चूंकि उसे बचाने के लिए तुरंत सर्जरी की जरूरत थी, इसलिए डॉक्टरों ने उसकी मां से अमेरिका के फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) से गैर मान्यता प्राप्त एक दवाई इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी थी, जो उनके मुताबिक सर्जरी के समय बेस लिन के दिमाग को ऑक्सीजन उपलब्ध करा सकती थी। लिन की मां द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद डॉक्टरों ने सर्जरी के लिए इस दवा यानी कृत्रिम रक्त 'ऑक्सीसाइट' का इस्तेमाल किया। यह वही कृत्रिम रक्त था, जिसके तत्वों को वर्जिनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक ने जानवरों पर किए गए परीक्षण के दौरान, दिमाग की क्षति से संबंधित करीबन आधे प्रभावों को नाकाम करने में सफलता पायी थी। तब तक कृत्रिम रक्त के परिवार में ऑक्सीसाइट सबसे नया उत्पाद था। ऑक्सीसाइट से फेज 2 में इलाज किए गए आठ मरीजों में से मात्र एक की मृत्यु हुई थी और जीवित रोगियों में ठीक होने की क्षमता बेहतर रही। बेस लिन के मामले में भी इसका इस्तेमाल सफल रहा था, क्योंकि भयानक रूप से दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भी दो हफ्तों बाद उसके अंदर पुनः चेतना आ गई थी और उसने अपने लकवाग्रस्त दाहिने हिस्से को भी बेहतर पाया था।

अपराजिता.

आपकी बात

पहलगाम नरसंहार

आतंकवादियों ने देश को चुनौती दी है। उन्होंने भारत की प्रभुता, अर्थव्यवस्था पर प्रहार किया है। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया है। बेगुनाहों का कत्लेआम किया है। ऐसे में यह समय की मांग है कि इन आतंकी शैतानों को मिट्टी में मिला दें। कश्मीर में आतंकी बार-बार दुस्साहस कर रहे हैं। इसलिए इनका खात्मा जरूरी हो गया है। दरअसल ये आतंकी जो भारत में रक्तपात करते हैं, सही मायने में पाकिस्तानी सेना और आईएसआई के दुमछल्ले हैं। सेना की रोटी पर पलते हैं और उसके इशारों पर काम करते हैं। इनकी इतनी हिम्मत नहीं है कि सेना के आदेश के बिना इतनी बड़ी आतंकी हरकत को अंजाम दें। अगर इस हमले के समय की परिस्थितियों को देखें तो बात स्पष्ट है कि पहलगाम में जिस टीआरएफ ने खूनखराबा किया और देश-विदेश के 27 बेगुनाह नागरिकों को मौत के घाट उतार, उसके पीछे पाकिस्तानी सेना की साजिश है। इसका संकेत जनरल आसिफ मुनीर ने ओवरसीज पाकिस्तानी कॉन्फ्रेंस में दिया था। मुनीर ने हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था और कश्मीर को पाकिस्तान का बताया था। आतंकियों ने वही किया जो मुनीर ने कहा था। उन्होंने चुन-चुन कर हिन्दुओं को मारा और कश्मीर को तब सुर्खियों में लाने की कोशिश की जब देश में अमरीकी उपराष्ट्रपति मौजूद थे। कश्मीर में धारा 370 को खत्म किये जाने के बाद सुरक्षा के माहौल में जो व्यापक सुधार हुआ है, कश्मीर में पर्यटन और कारोबार फिर से लौटा है। यह सब पाकिस्तानी सेना के खिलाफ जाता है। सेना दरअसल पाकिस्तान में कश्मीर का चूरन बेंचकर ही बीते छह-सात दशकों से राज कर रही है। ऐसे में जनरल मुनीर ने कश्मीर में टीआरएफ के जरिए खून-खराबा कराकर जहां कश्मीर का अंतर्राष्ट्रीय करण करने की कोशिश की है, वहीं ब्लूचिस्तान में सेना की विफलता से ध्यान भटकाने की मंशा भी इसमें शामिल हो सकती है। बहरहाल यहां मुद्दा यह नहीं है कि पाकिस्तान ने पहलगाम नरसंहार को किस मंशा से अंजाम दिया। असली मुद्दा यह है कि अब भारत का जवाब क्या होगा? यही वह सवाल है जो देशवासियों को पहलगाम नरसंहार के बाद झकझोर रहा है। पाकिस्तान को जवाब देने के लिए फिलहाल भारत के पास बहुत विकल्प हैं। यह मौका भी सही है और दुनिया भारत के साथ भी है। इसलिए पाकिस्तान के खिलाफ एक लंबी कूटनीतिक, सैनिक और आर्थिक जंग छेड़ कर न सिर्फ पहलगाम का बदला लिया जा सकता है बल्कि पाकिस्तान को कम से कम दो-तीन टुकड़ों में बांटा भी जा सकता है। फिलहाल कश्मीर में पाकिस्तान आतंकवाद कराता रहेगा। जब भी कश्मीर समस्या हल होते दिखेगी तो पाकिस्तान आग लगाकर सुलगा देगा। इसलिए अब सिर्फ आतंकियों को मारने से बात नहीं बनेगी। आतंकी तो मारे ही जायेंगे। देश की सेना इस नरसंहार में शामिल आतंकियों को जल्द मार गिरायेगी यह तय है। बस सेना को फ्री देने की जरूरत है।

ब्रजेश कुमार सिंह, लखनऊ.

सुरक्षित बनायें रेल यात्रा

हाल के दिनों में अचानक रेल दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। बंगाल में रेल दुर्घटना हुई, गोण्डा में भी एक और रेल दुर्घटना हो गयी मानवीय चूक के कारण। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी। रेल दुर्घटनाओं का इतिहास भारत में बहुत दुखद रहा है। अभी बालासोर को लोग भूले नहीं हैं। रेलवे भारत की जीवन रेखा है। इसकी गति बढ़ाने और आधुनिकीकरण के साथ रेल यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा और सुविधा पर समान रूप से फोकस करने की जरूरत है। रेलवे की पूर्व में क्या दशा थी इससे अधिकांश देशवासी वाकिफ हैं। हाल के वर्षों में रेलवे की गति बढ़ी है, सुधारों का सिलसिला भी तेज हुआ है, सुविधाएं भी बढ़ी हैं। नयी-नयी ट्रेनों के जरिए यात्रियों को अधिक से अधिक सहूलियत देने का प्रयास किया गया। सरकार के प्रयासों से हाल के वर्षों में रेलवे की शक्ल और सूरत बदली है। इससे कोई इन्कार भी नहीं कर सकता है।

राम कुमार मौर्य, लखनऊ.

संक्षेप

अवैध गांजे की खेती करने वाला गिरफ्तार

बांदा। थाना जसपुरा पुलिस ने अवैध गांजे की खेती करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जिले को नशा मुक्त बनाने, अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन ईगल के तहत अवैध गांजे की खेती करने वाले आरोपी लल्लू उर्फ टेड़ना पुत्र सुन्दर निवासी कुम्हरिया डेरा मजरा गौरीकलां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पाकर गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कुम्हरिया डेरा मजरा गौरीकलां में एक व्यक्ति अपने घर के अन्दर बाड़े में अवैध गांजे की खेती कर रहा है। सूचना पाकर पुलिस ने ग्राम कुम्हरिया डेरा मजरा गौरीकलां में मौके पर छापेमारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया साथ ही 19 किलो 400 ग्राम अवैध हरा गांजा भी बरामद किया है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अनुपमा तिवारी, उप निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, कां0 दिनेश कुमार वर्मा, गवेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह रहे।

प्राथमिक विद्यालय और पंचायत भवन का डीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा बुधवार को औचक रूप से ग्राम पूरनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन तथा सामुदायिक शौचालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय का मुआयना किया गया, निरीक्षण से पूर्व बच्चों की छुट्टी हो गई थी जबकि स्टाफ मौजूद मिला।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा बताया गया की स्कूल का शौचालय जर्जर अवस्था में है जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद एडीओ पंचायत को निर्देश दिए कि स्कूल में शौचालय का निर्माण करवाना सुनिश्चित करें। पंचायत घर का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने परिवार रजिस्टर, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्टर तथा परिवार रजिस्टर का बारीकी से अवलोकन किया तथा जाति एवं आय प्रमाण पत्र जारी कराने की प्रक्रिया के बारे में पंचायत सहायिका से जानकारी प्राप्त की।

जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्टर अपडेट न पाए जाने पर उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल इसको निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि जैसे ही बच्चा पैदा हो अस्पताल से उपलब्ध कराए गए सर्टिफिकेट के आधार पर निर्धारित रजिस्टर में उसका अंकन करते हुए जन्म प्रमाण पत्र जारी करें।

उन्होंने पंचायत सेक्रेटरी को निर्देशित किया कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्टर को अपडेट कराने में पंचायत सहायक हरप्रीत कौर की सहायता करें। अंत में उन्होंने पंचायत घर के बराबर में स्थित सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था सही पाई गई परंतु दिव्यांग शौचालय में रैम्प और हैंडल न पाए जाने पर उन्होंने एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि तत्काल सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा महिला शौचालय में डस्टबिन भी अनिवार्य रूप से रखवाएं।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार मोहम्मद फैसल, सदर एडीओ पंचायत राकेश कुमार, पंचायत सेक्रेटरी नईम अहमद सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

तालाब व पोखरों को भरने के लिए संचालित हो रही हैं नहरें: दिनेश कुमार

बहराइच। अधि.अभि. सरयू नहर खण्ड-5 दिनेश कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में कृषकों को सिंचन सुविधा उपलब्ध कराने तथा आमजन, पशु-पक्षियों एवं अन्य जीवों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जनपद में नहरों द्वारा 90 अदद तालाब पोखर भरने का लक्ष्य है। श्री कुमार ने बताया कि तालाब पोखर भरने हेतु 27 अप्रैल 2025 से नहरों का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है। आगामी 15 मई 2025 तक लक्ष्य के अनुसार नहरों के द्वारा तालाब पोखर को भर दिया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि खरीफ 1433 फसली हेतु पुनः 10 जून 2025 से नहरों का संचालन प्रस्तावित है। अधि.अभि. श्री कुमार ने बताया कि सरयू नहर परियोजना के अन्तर्गत जनपद बहराइच में चैंधरी चरण सिंह सरयू पम्प नहर सरयू योजक नहर, सरयू मुख्य नहर, इमामगंज शाखा, गोण्डा शाखा एवं तरबगंज शाखा के द्वारा सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। उपरोक्त प्रणालियों एवं उनसे निकलने वाली रजवाहों एवं माइनरों को मिला कर जनपद में नहरों की कुल लम्बाई 1356.157 कि.मी. है। उक्त नहरों के द्वारा जनपद के चित्तौरा, विशेश्वरगंज, हुजूरपुर, पयागपुर, कैसरगंज, जरवल, तेजवापुर, महसी, शिवपुर, मिहिंपुरवा, नवाबगंज आदि है।

भारत-नेपाल सीमा पर चिन्हित अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही करें तेजः डीएम

जिला संवाददाता

बहराइच। भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 10 कि.मी. तक सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराये जाने तथा अनाधिकृत रूप से संचालित मदरसों को बन्द कराये जाने के सम्बन्ध में संचालित अभियान की समीक्षा हेतु मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि तहसील नानपारा अन्तर्गत एस.एस.बी. 42वीं बटालियन क्षेत्रान्तर्गत कुल 227 अवैध अतिक्रमण चिन्हित किये गये हैं।

जिसमें से 96 अतिक्रमण को हटा दिया है, शेष 131 प्रकरणों में अवैध अतिक्रमण हटवाये जाने की कार्यवाही गतिमान है। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के अन्तर्गत एस.एस.बी. 59वीं बटालियन क्षेत्रान्तर्गत कुल 157 अवैध अतिक्रमण चिन्हित किये गये हैं। जिसमें से 20 अतिक्रमण को हटा दिया है। प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर ने बताया कि कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग द्वारा 01 अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही की गई है। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के अन्तर्गत कुल चिन्हित 157 अवैध अतिक्रमण के सापेक्ष 21 अतिक्रमण को हटा दिया है, शेष 136 अवैध अतिक्रमणों को हटवाये जाने की कार्यवाही गतिमान है।

इस प्रकार जनपद में चिन्हित कुल 384 अवैध अतिक्रमण के सापेक्ष 117 अतिक्रमण को हटा दिया है, शेष 267 अवैध अतिक्रमणों को हटवाये जाने की कार्यवाही राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि भारत नेपाल सीमा के 10 कि.मी. के अन्दर संचालित अनाधिकृत मदरसों की सघन जांच/सत्यापन के दौरान अब तक 05 मदरसों को सीज करने की कार्यवाही की गई। श्री मिश्र ने बताया कि जांच के दौरान 03 मान्यता प्राप्त परन्तु अपूर्ण अभिलेख मदरसों को भी पाया गया। डीएम ने अभियान से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में चिन्हित किये गये सभी अवैध अतिक्रमणों को मुक्त कराया जाय। डीएम ने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें जहां की जमीन मुक्त हो रही है वहां दोबारा कब्जा न होने पाये। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक व

संस्था ने तीन जरूरतमंदों को किया रक्तदान

बांदा। सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था ने तीन जरूरतमंदों को रक्तदान किया। संस्था के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि गर्मी के मौसम में बढ़ते मरीजों, रक्त की अधिक डिमांड होने पर संस्था के ग्रुप में तीन जरूरतमंदों के लिए रक्त की डिमांड आई। पहली डिमांड बाली मोहम्मद निवासी खाईपार की थी जिसका 5 दिन पूर्व एक्सीडेंट हो गया था जिस कारण उनका काफी खून बह गया, डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए कहा लेकिन ब्लड की कमी की वजह से ऑपरेशन रुक गया। इसके बाद परिजनों ने संस्था सेवर्स ऑफ लाइफ से संपर्क किया। संस्था के अध्यक्ष सलमान खान ने तुरंत डिमांड पोस्ट की और रक्तदाता मोहित जैन से संपर्क किया। मोहित 10 मिनट में जिला अस्पताल पहुंचे और मरीज के लिए रक्तदान किया। ये उनका दूसरा रक्तदान है। दूसरी डिमांड आजाद नाम के बच्चे की थी जिस 100 एमएल ब्लड की अवश्यकता थी। ग्रुप में डिमांड पोस्ट को देखते ही रिचा रैकवार का फोन आया, उन्होंने बताया कि वह 30 मिनट में जिला अस्पताल पहुंच रही हैं। कुछ ही समय में रिचा जिला अस्पताल आईं और रक्तदान किया। ये उनका दूसरा रक्तदान है। तीसरा रक्तदान 20 वर्षीय मुस्कान के लिए अनिल सिंह ने किया। वह डिमांड देखते ही मुस्कान को रक्त देने के लिए तैयार हो गये और तुरंत ब्लड बैंक आकर रक्तदान किया। रक्तदान के दौरान अध्यक्ष सलमान खान, मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना मौजूद रहे।

हत्या के मुकदमें में फरार महिला को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जिला संवाददाता

बिजनौर। शादी से इंकार करने पर दस दिन पूर्व युवती की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के आरोपी के जेल जाने के बाद पुलिस ने बीते दिन मुकदमें में नामजद हत्या आरोपी की मां को भी जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव करौंदा चौधर निवासी वेद प्रकाश शर्मा की पुत्री भावना शर्मा की 20 अप्रैल 2025 की सुबह लगभग 9 बजे अपने पिता वेद प्रकाश व बहन आकांक्षा के साथ बाइक से अपनी शादी की शॉपिंग करने जाते समय गांव के ही शिवांग त्यागी पुत्र सुशील तयागी ने सिर में गोली मार कर हत्या दी थी। भावना को उसके पिता अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टर ने की मृत घोषित कर दिया। मृतका भावना के पिता वेद प्रकाश शर्मा की तहरीर पर आरोपी शिवांग त्यागी, पिता सुशील त्यागी, मां शैली त्यागी व नितिन त्यागी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को उसी दिन जेल भेज दिया था।

कोतवाली देहात पुलिस आरोपी के पिता सुशील त्यागी को पहले ही जेल भेज चुकी है। कोतवाली देहात पुलिस ने बीते दिन मुकदमें में फरार चल रही शैली त्यागी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, उप निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक मोहित कुमार, महिला आरक्षी सीमा मान शामिल रहे।

डीएम ने विकास और निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में विकास एवं निमार्ण कार्यों के संबंध में सीएम डेस्क बोर्ड की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं से प्रगति कार्यों की जानकारी ली तथा दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में कबरई फीडर परियोजना के शेष कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।खरेला पेयजल योजना में कार्यदाई संस्था ने बताया मई 2025 तक काम को पूर्ण कर लिया जायेगा। गुरु गोरखनाथ तपोस्थली पर्वत के शेष कार्य को मई माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।पुलिस आवास निर्माण में 95 प्रतिशत काम को पूर्ण कर लिया गया है। कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र राम नगर व नवीन कारागार के शेष काम को जल्द पूर्ण करने के निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए गए। कबरई कुन्हेटा मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को समय सीमा के अंदर करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव डीएसटीओ सादुल्लाह सहित सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी बाबा साहब का अपमानः प्रकाश

जिला संवाददाता

बांदा। समाजवादी पार्टी द्वारा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को डॉ भीमराव अम्बेडकर के बराबर की संज्ञा दिए जाने के विरोध में भाजपाईयों ने धरना प्रदर्शन किया। उन्होने कहा कि यह बाबा साहब का अपमान है भाजपा इसे कतई बर्दास्त नहीं करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में अम्बेडकर पार्क जजी चैराहा में विशाल धरना प्रदर्शन हुआ। मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चेहरे की फोटो के साथ बाबा साहब के चेहरे की आधी फोटो जोड़कर सपा प्रमुख को बाबा साहब के बराबर की संज्ञा दी है जोकि बाबा साहब का घोर अपमान है। उन्होंने कहा कि सपा ने अखिलेश का चेहरा बाबा साहब के चेहरे के साथ जोड़कर दलित समाज का अपमान किया है। बाबा साहब ने शिक्षा समानता से विधान के मूल्यों के लिए संघर्ष किया है जबकि अखिलेश यादव ने उनके नाम का राजनीतिक सौदा किया है। अखिलेश यादव को इस शर्मनाक प्रयास के लिए माफी मांगनी चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी का इतिहास दलितों के विश्वास घात से भरा है, अब बाबा साहब की छवि से दलितों को छलने की कोशिश की जा रही है जोकि राजनीतिक धोखा धड़ी है। कहा कि समाजवाद के नाम पर सपा ने सिर्फ परिवादवाद को बढ़ाया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री अखिलेशनाथ दीक्षित, उत्तम सक्सेना, अशोक गुप्ता, पुष्कर द्विवेदी, अमित सेठ, मोहित गुप्ता, राजेश गुप्ता, पंकज रैकवार, धीरेन्द्र सिंह धीरू, रजत सेठ, अनिरुद्ध त्रिपाठी दद्दा, संतू गुप्ता, लखन राजपूत, डी पी चौरसिया के अलावा भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

व्यवसायों के पुनः निर्धारण को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

बांदा। विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों के पुनः निर्धारण के लिए जिलाधिकारी व जिला स्तरीय गठित समिति के साथ बैठक की। जिले में 4 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित हैं जिनमें राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बांदा, मोतियारी, बांसी एवं बबेरू है। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने पूर्व संचालित आईटीआई कोर्स के संबंध में निर्देश दिए कि सभी पाठ्यक्रम चलते रहेगें। उन्होने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बांदा में कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) व्यवसाय को चलाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। उन्होने कौशल विकास मिशन में माइनिंग सेक्टर एवं टूरिज्म सेक्टर के शॉर्टटर्म कोर्स चलाये जाने के लिए मिशन निदेशक, कौशल विकास मिशन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। उद्योग प्रतिनिधि ने सुझाव दिया कि वीडियो एडिटिंग में अधिक सम्भावनायें होने के कारण यह कोर्स चलाया जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षार्थियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग एवं अप्रेन्टिस प्रोग्राम में अधिक ध्यान देते हुये प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इस दौरान इण्डस्ट्रीज के0 एस० एंड जे० इण्डस्ट्रीज, मनोज स्टील वर्कशॉप, लेवरेस ग्लोबल प्रा०लि० भूरागढ़, संयुक्त निदेशक, उपायुक्त उद्योग, सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बांदा, बांसी, मोतियारी एवं जिला कौशल प्रबन्धक मौजूद रहें।

नलकूप खण्ड ने 62 तालाबों और पोखरों में भरा पानी

बहराइच। अधि.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच एवं नानपारा ने बताया कि गर्मी व हीटवेव के दौरान आमजन, पशु-पक्षियों एवं अन्य जीवों किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके दृष्टिगत प्रदेश मुख्यालय से खण्ड बहराइच एवं नानपारा को 31 मई 2025 तक 131 अदद तालाबों एवं पोखरों को भरने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अधि.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच ने बताया कि वर्तमान समय तक 62 अदद तालाबों एवं पोखरों को भरा जा चुका है। शेष को भरे जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

10 दिवसीय नौटंकी कार्यशाला का समापन

बांदा। लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ एवं जे के विद्या मंदिर भूरागढ़ में सृजन कार्यक्रम के तहत आयोजित 10 दिवसीय नौटंकी कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि संभागीय परिवहन अधिकारी शंकर सिंह ने प्रतिभाग करने वाले 18 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिये। कार्यशाला में तैयार की गई नौटंकी ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्न को लोगों ने खूब सराहा।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी जीतू उपस्थित रहे।

बच्चों की प्रस्तुति देखकर अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विलुप्त होती लोक कला नौटंकी की प्रस्तुति सराहनीय पहल है तथा रचनात्मक एवं सृजन नाट्य को नया आया मिला है। संभागीय परिवहन अधिकारी शंकर सिंह ने कहा कि आपत्तियों को सहना सीखो, पानी की तरह बहना सीखो, काश मैं भी बच्चा होता तो मैं भी ऐसा कर पाता। साहित्य के मर्मज्ञ परिवहन अधिकारी ने लोक कला नौटंकी की प्रस्तुति से खुश होकर सरकार की अद्वितीय पहल की प्रशंसा की। कंधी लाल दुबे ने कहा कि बल बुद्धि की तपस्या से संगीत में लोक कलाकारों ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुती दी।

प्रस्तुति में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं में मुस्कान, गौतम, ज्योति गुप्ता, आजाद पाल, रेहान, मोहम्मद शीतल, खुशी यादव, निष्ठा, शुभ, गौतम, आराध्या सिंह, अंकुश वर्मा, वैष्णवी सिंह, यशराज रहे। प्रशिक्षक विजय बहादुर श्रीवास्तव ने 10 दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने वाले बच्चों एवं विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। संचालन बुंदेलखंड बुंदेली दीवारी लोक नृत्य के सचिव रमेश पाल ने किया।

तहसील मिहींपुरवा में संचालित हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान

बहराइच। उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) ने बताया कि तहसील अन्तर्गत भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 10 कि.मी. में सरकारी भूमि पर चिन्हित अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने हेतु ग्राम लालपुर चंदाझार, हंसुलिया व विश्राम गांव में 05 गाटा से अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया तथा 15 लोगों के विरूद्ध बेदखली की कार्यवाही हेतु तहसील न्यायालय में वाद दाखिल कराया गया। इसी प्रकार ग्राम कंजड़वा के अन्तर्गत जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की मौजूदगी में अवैध रूप से संचालित मदरसे को सीज कराया गया।

तिलहनी फसलों के उत्पान से किसानों की आय में हो रही है बढ़ोत्तरी

बहराइच। उत्तर प्रदेश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी लगातार किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उसके लिए प्रदेश सरकार ने किसानों को तिलहन क्षेत्र का दायरा बढ़ाने, किसानों को अधिक उपज के बीज उपलब्ध कराने, समय से सिचाई करने एवं उर्वरक, कीटनाशक दवाओं के वितरण आदि की व्यवस्था की है। प्रदेश सरकार ने तिलहनी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए किसानों को 6.79 लाख तिलहन मिनीकिट निःशुल्क बीज भी वितरित किया है।

तिलहनी फसलों की अधिक उपज के लिए किसानो को प्रशिक्षित भी किया गया है। खाद्य तेल एक ऐसा द्रव्य है जो गरीब की झोपड़ी से ले कर शहरों के बड़े अमीरो तक सब के रसोई का महत्वपूर्ण अंग है। बिना खाद्य तेलो के रसोई का व्यंजन अधूरा होता हैं। खाद्य तेलो में प्रमुखता मूगफली, सोयाबीन, तिल, अरण्डी, तोरिया, सरसों, सूरजमुखी, ताड़ नारियल, आदि हैं।सरसों का तेल उत्तर प्रदेश के निवासियों के रसोई का एक महत्वपूर्ण अंग है। सरसों कृषि उपज की महत्वपूर्ण फसल है। रबी की फसल में इसका प्रमुख स्थान है। तिलहन का देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है।

कम लागत में और कम सिंचाई के कारण, सरसों की खेती, किसानों में बहुत लोकप्रिय हो रही है। रबी की अन्य फसलों की अपेक्षा सरसों की फसल अधिक आय देने वाली है। सरसों की खेती प्रदेश के किसान मिश्रित रूप से बहुफसली व सिंगल फसली कर रहे हैं।

बेहतर कार्य कर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायें : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

बहराइच। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पूरी शिद्दत के साथ बगैर ठहरे कार्य करने की नसीहत करते हुए कहा कि दौड़ने में कछुआ खरगोश के आगे कही नहीं ठहरता लेकिन अपने जुनून और निरन्तरता के सहारे आखिरकार जीत कछुए की होती है। डीएम ने कहाकि निरन्तरता और प्रतिबद्धता के साथ किये गये कार्य का जब परिणाम सामने आता है तो दुनिया देखती रह जाती है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का आहवान किया निरन्तरता के साथ कार्य कर आकांक्षी जनपदवासियों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

परिवार नियोजन कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि जन्म, मृत्यु पंजीकरण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि समय से प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय एवं नेपाल बार्डर के 10 कि.मी के दायरे में स्थित ग्रामो में बने जन्म प्रमाण पत्र का सत्यापन किया जाय। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा में अच्छी प्रगति पर सन्तोष व्यक्त करते हुए निरन्तर परिवार नियोजन के साधनों को गुणवत्तापूर्ण रूप से लाभार्थियों को पहुंचाया जाय। असफल नसबन्दी केस में पयागपुर एवं विशेश्वरगंज की संख्या मानक के अनुसार न होने पर अत्यन्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित चिकित्सक एवं स्टाफ के प्रति प्रशासनिक कार्यवाही का आदेश दिया।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में गोल्डेन कार्ड की कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही एवं प्रतिदिन 50 कार्ड ब्लाकों में बनाने निर्देश दिया। आशा कार्यक्रम की समीक्षा में निर्देशित किया कि प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 25 ऐसी आशाको की सूची प्रस्तुत करे जिनके द्वारा वर्ष में सबसे कम संस्थागत प्रसव कराया है जिससे उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सके। हेल्थ एटीएम की क्रियाशीलता के सम्बंध में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि जांच स्ट्रीप न होने से जांच प्रभावित है डीएम ने निर्देशित किया आरकेएस फण्ड से जांच स्ट्रीप क्रय कर सभी मशीने क्रियाशील किया जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि हीटवेव के दृष्टिगत प्रत्येक चिकित्सालय में आवश्यक दवाएं, कोल्ड रूम, वाटर कूलर, लू से बचाव हेतु प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय। साथ ही बर्न वार्ड में एसी की व्यवस्था की जाय। एनसीडी कार्यक्रम के अन्तर्गत 30 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों की शुगर, ब्लडप्रेशर एवं कैंसर की स्क्रीनिंग में अत्यन्त कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रत्येक सीएचओ के कार्य की समीक्षा करने एवं कड़ी कार्यवाही का निर्देश दिया। अन्धता निवारण कार्यक्रम के अन्तर्गत मोतियाबिन्द आपरेशन में राजकीय चिकित्सालयों द्वारा मात्र 08 प्रतिशत की उपलब्धि पर अप्रसन्ता व्यक्त करते हुए प्रगति में सुधार एवं सम्बन्धित नेत्र सर्जन के प्रति प्रशासनिक कार्यवाही का निर्देश दिया गया। डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिया कि समस्त सीएचसी व पीएचसी को सोलर सिस्टम से आच्छादित किया जाय ताकि विद्युत पर निर्भरता कम हो सके।

बैठक के अन्त में सिविल सेवा क्षेत्र में प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित होने पर सीएमओ व अन्य अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र को भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। डीएम ने आयुष्मान योजना, टीकाकरण एवं प्रधानमंत्री मातृत्व योजना सूचकांकों में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने पर आभार ज्ञापित किया।

पर्यावरण और प्रकृति के प्रति किया जागरूक

महोबा। इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत छात्राओं में पर्यावरण चेतना एवं प्रकृति के प्रति और अधिक लगाव पैदा करने के उद्देश्य से पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत वृक्षारोपण, अपशिष्ट प्रबंधन, सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरुकता, जल, जंगल, ऊर्जा बचाने आदि से संबंधित रैली निकली गई एवं प्रतियोगिताएं कराई गईं साथ ही इको क्लब फॉर्मेशन लाइव के अंतर्गत विभिन्न टीमों का गठन किया गया। जिसकी नोडल कल्पना अग्रवाल एवं सह नोडल रोहिणी पटेल बनाई गई। प्रधानाचार्या सरगम खरे ने गठित टीमों को संबोधित करते हुए कहा कि जल निकाय, जैव विविधता, स्वच्छता तथा पौधारोपण करने के प्रति खुद भी जागरूक हों तथा परिजनों व आस पड़ोस में भी जागरूक करें।

पशुओं व पक्षियों को गर्मी और हीटवेव से सुरक्षा के लिए एडवाईजरी जारी

बहराइच। वर्तमान समय में गर्मी एवं हीट वेव में वृद्धि के मद्देनजर तापमान में बढ़ोत्तरी को देखते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा गर्मी व हीटवेव प्रबंधन हेतु पशुपालकों के लिए एडवाईजरी जारी की गई है।

उन्होंने बताया कि गर्म हवाओं व लू के दुष्प्रभाव से पशु का स्वास्थ्य व दुग्ध उत्पादन प्रभावित होता है तथा उचित देख रेख न होने पर पशुओं की मृत्यु भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि हमारे परिवेश में पशुपालन जीविका का महत्वपूर्ण साधन है, पशुओं की मृत्यु होने पर पशुपालक को आर्थिक क्षति होती है।

संक्षेप

सीएमएफ बाय नथिंग ने लॉन्च किये सीएमएफ फोन 2 प्रो

नई दिल्ली। नथिंग के सब-ब्राण्ड सीएमएफ ने नए प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं- सीएमएफ फोन 2 प्रो। नथिंग साल की शानदार शुरूआत को जारी रखे हुए है। काउंटरपॉइन्ट रीसर्च क्वार्टर 1 2025 इंडिया स्मार्टफोन शिपमेन्ट रिपोर्ट के अनुसार ब्राण्ड को इस तिमाही सबसे तेजी से विकसित होते स्मार्टफोन ब्राण्ड का दर्जा दिया गया है, जिसने 156 फीसदी सालाना की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की है। लगातार पांचवी तिमाही के लिए नथिंग ने सबसे तेजी से विकसित होते ब्राण्ड के रूप में अपनी स्थिति को बरकरार रखा है। नथिंग पिछली तिमाही के दौरान भारतीय बाजार में इस उपलब्धि को हासिल करने वाला एकमात्र ब्राण्ड बन गया है। इस रेंज में रोजमर्रा की ऑडियो जरूरतों से लेकर पर्सनलाइज्ड साउण्ड तक, हर जरूरत और म्युजिक प्रोफाइल के मुताबिक सीएमएफ बड्स उपलब्ध हैं। सीएमएफ फोन 2 प्रो व्हाईट, ब्लैक, ओरेंज और लाईट ग्रीन कलर में उपलब्ध होगा। सीएमएफ फोन 2 प्रो की एक्सेसरीज भी जल्द ही भारत में लॉन्च की जाएंगी।

टोयोटा के कौशल उत्सव 2025 का समापन

बैंगलोर। भारत के कुशल कार्यबल के भविष्य को आकार देने के लिए अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज अपने कौशल उत्सव 2025 का आयोजन किया। बिदादी इकाई में आयोजित इस उत्सव में व्यावसायिक उत्कृष्टता, नवाचार और युवा सशक्तिकरण की भावना का सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम भारत के भविष्य के लिए तैयार प्रतिभा पूल को पोषित करने के उद्देश्य से महीनों तक चले गहन कौशल विकास कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का समापन था। समारोह में कर्नाटक सरकार के औद्योगिक प्रशिक्षण एवं रोजगार विभाग की आयुक्त डॉ. रागप्रिया आर और टीकेएम के वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत टीकेएम की कौशल विकास यात्रा के प्रदर्शन से हुई। इसमें प्रमुख उपलब्धियों या मील के पत्थर और भविष्य के लिए प्रतिभा को आकार देने के लिए नए जमाने की तकनीक को अपनाने पर प्रकाश डाला गया।

सेनहाइजर ने प्रीमियम ऑडियो गियर पर की छूट की घोषणा

बंगलुरू। सेनहाइजर इस सीजन में अमेजन की समर सेल 2025 के दौरान बेहतरीन डील्स के साथ ग्राहकों को अच्छी खासी बचत का मौका दे रही है 1 मई से शुरू होने वाले इस सेल में ग्राहक सेनहाइजर के टॉप-रेटेड प्रोडक्ट्स, जैसे हेडफोन्स, माइक्रोफोन्स और कई अन्य एसेसरीज आदि पर 58 प्रतिशत तक की अच्छी खासी छूट और बचत का आनंद ले सकते हैं। भारी छूट के अलावा, ग्राहक 24 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं और चुनिंदा बैंक कार्ड ऑफर के साथ एडीशनल बचत का आनंद भी ले सकते हैं। प्रोफाइल स्ट्रीमिंग सेट (बूम आर्म के साथ) यूएसबी माइक्रोफोन, ई-945 माइक्रोफोन, एचडी-25 प्लस हेडफोन, मोमेंटम 4 (कॉपर) हेडफोन्स, एसेंटम प्लस हेडफोन्स और मोमेंटम टू वायरलेस 4 जैसे उत्पादों के साथ शानदार साउंड की दुनिया का आनंद लें। साथ में बेहद किफायती कीमतों पर खरीद कर अच्छी खासी बचत भी करें।

एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल को नैस्डैक पर सूचीबद्ध किया गया

नई दिल्ली। स्वदेशी एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के निमार्ता एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल को नैस्डैक पर सूचीबद्ध किया गया है। उम्मीद की जा रही है कि 25 अप्रैल, 2025 से ट्रेडिंग शुरू हो जाएगी, कंपनी के शेयर्स को टिकर सिंबल ह्यएसएसआईआईह्ल के तहत सूचीबद्ध किया जाएगा। एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल ने 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष में प्रभावशाली आर्थिक विकास दर्ज किया, इस अवधि के दौरान कंपनी का राजस्व जो पिछले साल 5.9 मिलियन डॉलर था, वह 3.5 गुना बढ़ोतरी के साथ 20.6 मिलियन डॉलर के आंकड़े पर पहुंच गया। इसी तरह ग्रॉस मार्जिन भी 2023 में 12.3 फीसदी था जो बढ़कर 40.9 फीसदी पर पहुंच गया। ये आंकड़े कंपनी के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और मार्केट में बढ़ती मौजूदगी को दशार्ते हैं। इसके अलावा एसएस इनावेवेशन्स इंटरनेशनल ने अपने चिकित्सकीय रूप से मान्य तथा पेटेंट प्राप्त एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के साथ उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

सेंसेक्स में 46 अंकों की गिरावट

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार दो दिनों की तेजी के बाद बुधवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव और बजाज समूह की दोनों कंपनियों में बिकवाली के बीच बाजार लगभग स्थिर रहा। विश्लेषकों के मुताबिक, बाजार में व्याप्त नकारात्मक धारणा को विदेशी पूंजी की आवक जारी रहने से थोड़ा समर्थन मिला और गिरावट पर लगाम लगा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 46.14 अंक यानी 0.06 प्रतिशत गिरकर 80,242.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखा गया और सेंसेक्स ने 80,525.61 के ऊपरी एवं 79,879.15 के निचले स्तर को छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी उतार-चढ़ाव के बाद 1.75 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,334.20 पर बंद हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बाजार की धारणा भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुए तनाव को देखते हुए सतर्क बनी हुई है। इस वजह से बाजार अमेरिका में जीडीपी के आंकड़े आने के पहले स्थिर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फिनसर्व में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई जबकि बजाज फाइनेंस में लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बजाज फिनसर्व लिमिटेड का चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत बढ़कर 2,417 करोड़ रुपये रहा। इस बीच, एनबीएफसी फर्म बजाज फाइनेंस का बीती तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत बढ़कर 3,940 करोड़ रुपये रहा है। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा स्टील और एशियन पेंट्स के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक के शेयर बढ़त में रहे। बीएसई पर छोटी कंपनियों का स्मालकैप सूचकांक 1.74 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.72 प्रतिशत की गिरावट पर रहा। बाजार कंपनियों के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया करते हुए एक सीमित दायरे में कारोबार करता रहा। वृहद आर्थिक स्तर पर कोई भी ऐसा संकेत नहीं दिख रहा है जो बाजार को निर्णायक दिशा दिखाए। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदें बरकरार हैं लेकिन सीमा पर स्थिति तनावपूर्ण है। क्षेत्रवार सूचकांकों में से औद्योगिक खंड में 1.20 प्रतिशत, सेवा खंड में 1.10 प्रतिशत, जिंस खंड में 0.93 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 0.89 प्रतिशत की गिरावट रही।

डॉलर के मुकाबले रुपया 38 पैसे उछलकर 84.58 पर बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 38 पैसे उछलकर 84.58 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिका के साथ जल्दी ही व्यापार समझौते होने की उम्मीद और विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश ने कारोबारी धारणा को मजबूत किया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान ने निवेशकों को उत्साहित किया। उन्होंने कहा है कि भारत के साथ शुल्क वार्ता सकारात्मक दिशा में है। हालांकि, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और घरेलू शेयर बाजार में सुस्त धारणा ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 85.15 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 84.47 के दिन के उच्चतम स्तर और 85.15 के निम्नतम स्तर के बीच रहा। कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 84.58 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो इसके पिछले बंद स्तर से 38 पैसे की तेजी है। मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे की तेजी के साथ 84.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। ट्रंप ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भारत के साथ बातचीत बहुत अच्छी चल रही है, और उन्हें लगता है कि अमेरिका और भारत के बीच समझौता होगा। दुनिया की छह प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत बढ़कर 99.44 पर रहा। वायदा कारोबार में वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.81 प्रतिशत गिरकर 63.73 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 46.14 अंक टूटकर 80,242.24 पर और निफ्टी 1.75 अंक टूटकर 24,334.20 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को शुद्ध रूप से 2,385.61 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

कृषि श्रमिकों की खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 3.73 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। कृषि श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मार्च 2025 में घटकर 3.73 प्रतिशत हो गई, जबकि इस साल फरवरी में यह 4.05 प्रतिशत थी। श्रम मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मार्च 2025 में घटकर 3.86 प्रतिशत हो गई।

जबकि इस साल फरवरी में यह 4.10 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने बयान में कहा कि कृषि श्रमिकों (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण मजदूरों (सीपीआई-आरएल) के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मार्च 2025 के महीने के लिए तीन अंक और दो अंक घटकर क्रमशः l,306 और l,319 अंक हो गया। फरवरी 2025 में सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल क्रमशः l,309 अंक और l,321 अंक था। इसमें कहा गया, मार्च 2025 के लिए सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल पर आधारित मुद्रास्फीति दर सालाना आधार पर क्रमशः 3.73 प्रतिशत और 3.86 प्रतिशत दर्ज की गई। मार्च 2024 में यह 7.15 प्रतिशत और 7.08 प्रतिशत थी। फरवरी 2025 में सीपीआई-एएल के लिए यह दर 4.05 प्रतिशत और सीपीआई-आरएल के लिए 4.10 प्रतिशत थी।

भारत के साथ शुल्क वार्ता अच्छी चल रही : ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ शुल्क पर वार्ता बहुत अच्छी चल रही है और उन्हें लगता है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता हो जाएगा।

ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के बाहर पत्रकारों के साथ संक्षिप्त बातचीत में मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम भारत के साथ समझौता कर लेंगे। ट्रंप के हवाले से कहा, जैसा कि आप जानते हैं, प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) तीन सप्ताह पहले यहां आए थे और वे समझौता करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी के अंत में व्हाइट हाउस का दौरा किया था। ट्रंप ने यह टिप्पणी अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के उस बयान के एक दिन बाद की है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत, जवाबी शुल्क से बचने के लिए अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने वाले पहले देशों में शामिल होगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने दो

अप्रैल को भारत और चीन सहित कई देशों पर व्यापक जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। हालांकि, नौ अप्रैल को उन्होंने चीन और हांगकांग को छोड़कर इस साल नौ जुलाई तक इन शुल्क पर 90 दिन की रोक लगा दी थी क्योंकि करीब 75 देशों ने व्यापार समझौतों के लिए अमेरिका से संपर्क किया था। हालांकि, दो अप्रैल को देशों पर लगाया गया 10 प्रतिशत मूल शुल्क अभी लागू है। इसके अलावा इस्पात, एल्युमीनियम और मोटर वाहन घटकों पर 25 प्रतिशत शुल्क भी लगा है।

आयकर विभाग ने किये आईटीआर फॉर्म अधिसूचित

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म एक और चार को अधिसूचित किया है। इसके साथ सूचीबद्ध शेयरों से 1.25 लाख रुपये तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ वाले व्यक्तियों के लिए रिटर्न दाखिल करना आसान बनाया गया है।

सरकार ने 80सी, 80जीजी और अन्य धाराओं के तहत दावा की गई कटौती के संबंध में फॉर्म में कुछ बदलाव किए हैं। साथ ही, करदाताओं को टीडीएस कटौती के संबंध में आईटीआर में खंडवार पूरा विवरण प्रस्तुत करना होगा। एक बार जब आयकर विभाग द्वारा आईटीआर दाखिल करने की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी, तो लोग वित्त वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए आईटीआर दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। व्यक्तियों तथा जिन लोगों को अपने खातों का ऑडिट नहीं करवाना है, उनके लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। आम तौर पर, आईटीआर फॉर्म वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले फरवरीमार्च के आसपास अधिसूचित किए जाते हैं। हालांकि, इस बार आईटीआर फॉर्म और दस्तावेज दाखिल करने की सुविधा में देरी हुई क्योंकि राजस्व विभाग के अधिकारी नए आयकर विधेयक में व्यस्त थे जिसे फरवरी में संसद में पेश किया गया था।

द्विपक्षीय संबंधों के लिए ठोस परिणामों की उम्मीद: गोयल

लंदन। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन के लैंकेस्टर हाउस में संयुक्त व्यापारिक समारोह में ब्रिटेन की दो दिवसीय यात्रा संपन्न की। इसके बाद उन्होंने कहा कि वह द्विपक्षीय साझेदारी के लिए ठोस नतीजों की उम्मीद कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम में गोयल के साथ ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के अलावा दोनों देशों के व्यापारिक दिग्गज भी शामिल हुए। इसके बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास व कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट में रेनॉल्ड्स और ब्रिटेन की चांसलर रेचेल रीव्स के साथ बंद कमरे में गहन बैठक हुई जिसमें मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता शीर्ष एजेंडे में शामिल रही। गोयल ने मंगलवार को संयुक्त व्यापारिक समारोह के बाद कहा, ब्रिटेन के व्यापार एवं उद्योग मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ सभा को संबोधित किया और भारत-ब्रिटेन साझेदारी के उज्ज्वल भविष्य के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के हमारे भागीदारों के गर्मजोशी भरे और शानदार आतिथ्य के लिए मैं बेहद आभारी हूं। हम अपने साझा दृष्टिकोण के ठोस नतीजों की उम्मीद कर रहे हैं। मुक्त व्यापार समझौते का कोई भी उल्लेख स्पष्ट रूप से नहीं किया गया। हालांकि, ब्रिटेन के मीडिया की कुछ खबरों में दावा किया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच शेष बचे मुद्दों पर सहमति बन जाने के साथ ही समझौता शीघ्र ही हो जाएगा। गोयल ने मंगलवार को 10 डाउनिंग स्ट्रीट में रेनॉल्ड्स और रीव्स के साथ बैठक के बाद कहा कि भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने तथा हमारी मजबूत साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने पर सार्थक चर्चा हुई। यह बैठक भारत-ब्रिटेन व्यापार गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करने के बाद हुई। इसमें दोनों देशों के व्यापारिक दिग्गज तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) ने शिरकत की थी। गोलमेज सम्मेलन के बाद गोयल ने कहा था, भारत और ब्रिटेन के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, नवाचार आधारित विकास को बढ़ावा देने और निवेश के अवसरों का विस्तार करने के अवसरों का उल्लेख किया।

अमेरिकी शुल्क के प्रभाव से चीन के निर्यात ऑर्डर में अप्रैल में आई गिरावट

हांगकांग। चीन से उत्पादों के अमेरिकी आयात पर उच्च शुल्क का असर अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा है।

चीन के लॉजिस्टिक्स एंड परचेजिंग फेडरेशन द्वारा किए गए आधिकारिक सर्वेक्षण के अनुसार, अप्रैल में निर्यात ऑर्डर में कमी आई है। अमेरिकी प्रशासन ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का आदेश दिया है जिसका असर अब उसके निर्यात पर दिखने लगा है। हालांकि, चीन ने भी इसके जवाब में अमेरिकी वस्तुओं 125 प्रतिशत शुल्क लगाया है। इस बीच, आधिकारिक विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मार्च में 50.5 से फिसलकर 49.0 पर आ गया जो 16 महीने का सबसे निचला स्तर है। यह 50 से अधिक होने पर विस्तार और 50 से कम होने पर संकुचन दर्शाता है। वित्तीय सूचना समूह कैक्सिन द्वारा किए गए एक निजी सर्वेक्षण में यह 51.2 से गिरकर 50.4 पर आ गया। कैपिटल इकोनॉमिक्स के जिचुन हुआंग ने रिपोर्ट में कहा, पीएमआई में गिरावट संभवतः शुल्क के प्रभाव को बढ़ा-चढ़ाकर दर्शाती है, लेकिन फिर भी इससे संकेत मिलता है कि बाहरी मांग कम होने से चीन की अर्थव्यवस्था दबाव में आ रही है। कैक्सिन रिपोर्ट के अनुसार, कुल मिलाकर अप्रैल में आपूर्ति और मांग में वृद्धि धीमी रही, निर्यात में कमी आई और रोजगार में थोड़ी कमी आई। विनिर्माताओं ने भंडार कम करने की मांग की, रसद में देरी हुई और कीमतें दबाव में रहीं। बाजार में आशावादी रुख काफी कमजोर हुआ। निजी अर्थशास्त्रियों ने इस वर्ष और अगले वर्ष अर्थव्यवस्था के लिए अपने पूर्वानुमान घटा दिए हैं। कैपिटल इकोनॉमिक्स का अनुमान है कि 2025 में अर्थव्यवस्था केवल 3.5 प्रतिशत बढ़ेगी।

पेज एक का शेष

गंगोत्री, यमुनोत्री

जाएं। मुख्यमंत्री ने ग्रीन और क्लीन चारधाम यात्रा के आयोजन के लिए सभी लोगों से सहयोग की अपील भी की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालु को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

आज सुबह धार्मिक परंपराओं के अनुसार मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गये। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधि-विधान के साथ पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनात्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। कपाट खुलने के अवसर पर देश विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन किये तथा गंगा और यमुना में स्नान कर पुण्य अर्जित किया। गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर विधायक सुरेश चौहान, गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल, पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण, किशोर भट्ट, जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल आदि मौजूद थे। यमुनोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी एसएल सेमवाल, उप जिलाधिकारी बृजेश कुमार तिवारी, यमुनोत्री मंदिर समिति के उपाध्यक्ष संजीव उनियाल, सचिव सुनील उनियाल भी मौजूद थे।

सीआईएससीई

स्कूलों के 99,551 उम्मीदवार थे और उनमें से 973 परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके। सीखने में परेशानी से पीड़ित कक्षा 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए 257 विद्यार्थियों में से 29 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। दृष्टिबाधित 17 में से छह विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 के उत्कृष्ट परिणामों में दक्षिणी क्षेत्र का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.76 प्रतिशत रहा, जबकि पश्चिमी क्षेत्र का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.72 प्रतिशत रहा।

सीएमएस के

उनकी सफलता के लिए फूलों की माला पहनायी और लड्डू खिलाकर आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही सभी ढोल नगाड़ों पर जमकर झूमते नजर आये। सीएमएस के छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावक और स्कूल के शिक्षकों को दिया। मेधावियों ने डाक्टर, इंजीनियर, आईएएस और आईपीएस बनने की बात कहीं। इसके अलावा राजधानी के अन्य कालेजों सेंट जोजफ कालेज, रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल कालेज, एसकेडी एकेडमी के छात्र-छात्राओं का भी बेहतर प्रदर्शन रहा। सभी कालेजों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। इस दौरान इन कालेजों में भी प्रायः ऐसा ही माहौल देखने को मिला।

आजादी के बाद

के रूप में किया है। वैष्णव ने कहा इन सभी तथ्यों पर विचार करते हुए तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि राजनीति के कारण सामाजिक ताना-बाना प्रभावित न हो, सर्वेक्षणों के बजाय जातिगत गणना को पारदर्शी तरीके से जनगणना में शामिल करने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने कहा कि इससे हमारे समाज का सामाजिक और आर्थिक ढांचा मजबूत होगा और राष्ट्र भी प्रगति करता रहेगा। मंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों ने राजनीतिक कारणों से जाति आधारित सर्वेक्षण किए हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मोदी सरकार ने आगामी अखिल भारतीय जनगणना प्रक्रिया में जातिगत गणना को पारदर्शी रूप से शामिल करने का संकल्प लिया है। कांग्रेस और विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने पिछले चुनावों में जातिगत गणना को एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया था, जिसमें राहुल गांधी ने लोगों को उनकी जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व देने का वादा किया था।

भारत में प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर होने वाली जनगणना अप्रैल 2020 में शुरू होनी थी, लेकिन कोविड महामारी के कारण इसमें देरी हुई। वैष्णव ने कहा कि 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने लोकसभा को आश्वासन दिया था कि जातिगत गणना के मामले पर मंत्रिमंडल में विचार किया जाना चाहिए। ज्यादातर राजनीतिक दलों द्वारा जाति आधारित गणना की सिफारिश किए जाने के बाद इस पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया गया था।

कांग्रेस ने

खोलने का तरीका है। उसके बाद विकास का काम शुरू होगा। उन्होंने कहा, हमने संसद में कहा था कि हम जातिगत गणना करवा के ही मानेंगे, साथ ही आरक्षण में 50 प्रतिशत सीमा की दीवार को भी तोड़ देंगे। पहले तो नरेन्द्र मोदी कहते थे कि सिर्फ चार जातियां हैं, लेकिन अचानक उन्होंने जातिगत गणना कराने की घोषणा कर दी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, हम सरकार के इस फैसले का पूरा समर्थन करते हैं, लेकिन सरकार को इसकी समयसीमा बतानी होगी कि जातिगत गणना का काम कब तक पूरा होगा। राहुल गांधी ने कहा, हमारा एक दृष्टिकोण है, लेकिन सरकार ने इसे स्वीकार किया, इसलिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। सरकार को तिथि बतानी चाहिए कि कब तक जातिगत गणना का काम पूरा हो जाएगा। इसके अलावा विकास का दृष्टिकोण भी हमारे सामने रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, तेलंगाना जातिगत गणना के लिए एक मॉडल बना है और यह एक ब्लूप्रिंट बन सकता है। हम जातिगत गणना को डिजाइन करने में सरकार की मदद करेंगे, क्योंकि ये डिजाइन बहुत जरूरी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार के फैसले को सही कदम करार देते बुधवार को कहा कि जल्द से जल्द बजट का प्रावधान कर, जनगणना और जातिगत गणना का काम पूरी पारदर्शिता के साथ शुरू किया जाए। खरगे ने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार सामाजिक न्याय की इस नीति को लागू करने से बचते रहे और विपक्ष पर समाज को बांटने का झूठा आरोप लगाते रहे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'जातिगत गणना के अभाव में, सार्थक सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन अधूरा है, इसीलिए यह सभी वर्गों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनगणना के लिए इस साल के बजट में भी केवल 575 करोड़ रुपये का आवंटन है, इसलिए ये सवाल मुनासिब है कि सरकार इसको कैसे और कब पूरा करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस पार्टी यह माँग करती है कि मोदी सरकार जल्द से जल्द, बजट का प्रावधान कर, जनगणना और जातिगत गणना का काम पूरी पारदर्शिता के साथ चालू करे। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि राहुल गांधी की प्रतिबद्धता की जीत है कि आज केंद्र सरकार जातिगत गणना कराने को मजबूर हुई है।

यूपी के 22

वजह से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2 डिग्री सेल्सियस पारा गिरने का अनुमान जताया है। हालांकि, न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। रविवार को बलिया में सबसे अधिक गर्म दिन रहा है। यहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान कानपुर शहर में दर्ज किया गया जो 18.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

आगामी 25

बना लेनी होगी। और, फिर बिना रुके, बिना डिगे उस कार्ययोजना पर प्रयास करने की जरूरत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित ही विश्वविद्यालय ने अपनी अब तक की यात्रा में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं लेकिन अब अच्छी और उल्लेखनीय ग्लोबल रैंकिंग हासिल करने की दिशा में बढ़ने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से जुड़ना होगा।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की आगामी कार्ययोजना में सरकार हर संभव सहयोग करने को तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 25 वर्षों की कार्ययोजना में विश्वविद्यालय को विशिष्टता के क्षेत्र में प्रयास करने चाहिए। इस दौरान ढेर सारे अवसर आएंगे। उन अवसरों को अपने अनुरूप जोड़ना और सामयिक निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति या संस्था के लिए प्रत्येक क्षेत्र में आगे होना संभव नहीं है। इसलिए कोई एक ऐसा क्षेत्र चुना जाना चाहिए जिसमें कुछ विशिष्टता प्राप्त हो सके और उससे नई पहचान मिल सके।

भगवान श्रीकृष्ण की भूमि में मुसलमानों के बहिष्कार का आह्वान खारिज

मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण की पवित्र भूमि मथुरा और वृंदावन में कई प्रमुख मंदिरों ने मुसलमानों का बहिष्कार करने के बढ़ रहे आह्वान को दरकिनार किया है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के जरिये मुसलमानों का मंदिर में प्रवेश रोकने या उनसे खरीदारी बंद करने का आह्वान किया जा रहा है। वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के राजभोग सेवा अधिकारी ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने कहा कि बृजमंडल में भक्ति सर्वोपरि है। यह ज्ञान और यहां तक कि वैराग्य से भी ऊपर है। यदि किसी की आस्था है और वह दर्शन के लिए आता है तो हमें क्यों उसका विरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह श्रीमद्भागवत के प्रथम स्कंद में स्पष्ट लिखा है। ऐतिहासिक उदाहरणों को गिनाते हुए गोस्वामी ने कहा कि बांके बिहारी हमें भेदभाव नहीं सिखाते। अकबर स्वामी हरिदास से मिलने आए और देवता के लिए इत्र भेंट की जिसे स्वामी जी ने स्वीकार किया। गोस्वामी ने मंदिर की परंपराओं में मुसलमानों की आंतरिक भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वे वाद्य यंत्र बजाते हैं और ठाकुर जी के लिए भजन गाते हैं। मुकुट तैयार करने और कढ़ाई का ज्यादातर काम उनके द्वारा किया जाता है। बांके बिहारी के वस्त्र पूरे भारत के कारीगरों द्वारा तैयार किए जाते हैं। वृंदावन में राधाबल्लभ मंदिर के मोहित मरल गोस्वामी ने अलग विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मुसलमानों को राधाबल्लभ मंदिर में आने की अनुमति नहीं है। हमें उनसे खरीदारी से बचना चाहिए।

भारत ने

बातचीत की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब भारत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का जवाब देने के लिए अपने विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गये थे। डीजीएमओ वार्ता से परिचित लोगों ने बताया कि पाकिस्तानी सेना को बिना उकसावे के गोलीबारी के खिलाफ चेतावनी दी गई है। हालांकि, सूत्रों ने हॉटलाइन पर हुई बातचीत को नियमित बताया और कहा कि यह डीजीएमओ के बीच साप्ताहिक बातचीत थी जो हर मंगलवार को होती है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय डीजीएमओ ने पाकिस्तानी सेना द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन का मामला जोरदार तरीके से उठाया।

पहलगाम के

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कार्वाई करनी है। पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है। हमारा 100 प्रतिशत समर्थन सरकार के साथ है। राहुल गांधी ने एक सवाल का जवाब देते हुए इस बात पर जोर दिया, यह पूरी तरह स्पष्ट है कि घटना के लिए जिम्मेदार कौन है। जिम्मेदार लोगों को इसकी कीमत चुकानी होगी। प्रधानमंत्री को बिना किसी देरी या भ्रम के निर्णायक और कड़ी कार्वाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्वाई जल्द होनी चाहिए। बीते 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर दी थी। मारे गए लोगों में ज्यादातर पर्यटक थे।

चेन्नई ने पंजाब को दिया 191 रन का लक्ष्य

आईपीएल 2025 : टीम ऑलआउट, चहल की आईपीएल में दूसरी हैट्रिक; सैम करन ने 88 रन बनाये

एजेंसी

चेन्नई। पंजाब किंग्स ने आईपीएल के 49वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 190 रन पर ऑलआउट कर दिया है। इस तरह पंजाब को 191 रन का टारगेट मिला है। चेपॉक के एमए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने 19.2 ओवर में 190 रन पर ऑलआउट कर दिया। युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में दूसरी बार हैट्रिक ली। उन्होंने 19वें ओवर में नूर अहमद (शून्य), अंशुल कंबोज (शून्य), दीपक हुड्डा (2 रन) और एमएस धोनी (11 रन) को आउट किया। उन्होंने 2022 में कोलकाता के खिलाफ भी एक ओवर में 4 विकेट झटके थे। चहल के अलावा, अर्शदीप सिंह और मार्को यानसन को 2-2 विकेट मिले। सैम करन (88 रन) को मार्को यानसन ने विकेटकीपर जोश इंग्लिस के हाथों कैच कराया। डेवाल्ड ब्रेविस (32 रन), रवींद्र जडेजा 17 रन बनाए। एमएस धोनी ने 4 बॉल पर 11 रन बनाए। इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। 18वें ओवर में चेन्नई ने 5वां विकेट गंवाया।

यहां सैम करन 88 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्को यानसन ने विकेटकीपर जोश इंग्लिस के हाथों कैच कराया। सैम करन ने आईपीएल करियर की सबसे बड़ी पारी खेली है। सैम करन ने सूर्यांश शेडगे के ओवर में 26 रन बटोरे। चेन्नई की पारी के 16वें ओवर में करन ने 2 चौका और 2 सिक्स लगाया। उन्होंने पहली बॉल पर लॉन्ग ऑफ के ऊपर से छक्के के लिए मार दिया। अगली बॉल सूर्यांश ने मिडिल और लेग स्टंप पर फेंकी। करन ने आराम से इसे स्क्वायर लेग के ऊपर से भेजकर लगातार दूसरा छक्का लगा दिया। ओवर की तीसरी बॉल सूर्यांश ने नो बॉल फेंकी। यहां करन ने इसे कवर की तरफ मारा, और दो रन लिए। अगली बॉल सैम को फ्री हिट मिली और करन ने गेंद को उठाकर मारा, लग रहा था छक्का हो जाएगा लेकिन श्रेयस अय्यर ने बाउंड्री पर छलांग लगाकर कैच को अंदर फेंका। चौथी बॉल सैम को फुल टॉस मिली। यहां करन ने एक्स्ट्रा कवर पर चौका लगा दिया। 15वें ओवर में चेन्नई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां डेवाल्ड ब्रेविस 32 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अजमतुल्लाह ओमरजई ने बोल्ड कर दिया। इसी के साथ 78 रनों की साझेदारी टूटी। 12वें ओवर में सैम करन और डेवाल्ड ब्रेविस ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। ओमजई के ओवर की पहली बॉल पर सैम करन ने चौका लगाकर फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। टीम ने 48 रन के स्कोर पर तीसरा विकेट गंवाया था ।इसी ओवर में टीम ने 100 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया। टी-20 क्रिकेट में इस मैच से पहले युजवेंद्र चहल ने सैम करन के सामने 25 गेंदें फेंकी। करन ने उनके खिलाफ 5 चौके और 2 छक्के लगाकर 51 रन बनाए। चहल एक बार भी करन का विकेट नहीं ले सके। 7वें ओवर में चेन्नई ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। युजवेंद्र चहल के ओवर की तीसरी बॉल पर सैम करन के सिंगल से टीम ने 50 का आंकड़ा पार किया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही चेन्नई की शुरूआत खराब रही है। टीम ने पावरप्ले के अंदर 3 विकेट गंवा दिए हैं। रवींद्र जडेजा 17, शेख रशीद 11 और आयुष म्हात्रे 7 रन बनाकर आउट हुए। टीम ने 21 रन पर पहला विकेट गंवाया था। पावरप्ले के बाद चेन्नई का स्कोर 48/3 है। पावरप्ले की आखिरी बॉल पर रवींद्र जडेजा आउट हुए। हरप्रीत बरार ने ऑफ स्टंप के बाहर फ्लैट और तेज गेंद, गुड लेंथ से स्किड करती हुई फेंकी। जडेजा क्रीज पर जमे रहे और ऑफ साइड में खेलने की कोशिश की, लेकिन बल्ले का बाहरी किनारा लग गया और बॉल सीधा विकेटकीपर जोश इंग्लिस के हाथों में चली गई। पंजाब के प्लेयर्स ने अपील की लेकिन ऑनफील्ड अंपायर ने आउट नहीं दिया। लेकिन इंग्लिस के कहने पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने रिव्यू लिया और फैसला पलट गया। अल्ट्रा एज में पता चला की बॉल, बैट का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर के पास गई थी।

सूर्यवंशी पर लगातार फोकस गैर जरूरी लेकिन क्या कर सकते हैं : राहुल द्रविड़

नयी दिल्ली। चौदह वर्ष के वैभव सूर्यवंशी पर जरूरत से ज्यादा फोकस राहुल द्रविड़ नहीं चाहते लेकिन राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच को बखूबी पता है कि इसे रोकना उनके बस में नहीं है। स्टार स्पोटर्स प्रेस रूम में सूर्यवंशी पर सवालों की बौछार से साबित हो गया कि क्रिकेट जगत कुछ समय तक इस प्रतिभाशाली क्रिकेटर को अकेले नहीं छोड़ने वाला। उन्होंने कहा कि बिहार के इस युवा खिलाड़ी को रातोंरात मिली स्टारडम से निपटने का तरीका खुद तलाशना होगा। भारत के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ ने कहा मुझे लगता है कि अभी कुछ समय उस पर ऐसे ही फोकस रहेगा। लोग उसके बारे में बात कर रहे हैं जिसे मैं रोक नहीं सकता। मैं यहां बातचीत के लिये आया हूं और मुझसे सिर्फ वैभव के बारे में सवाल पूछे जा रहे हैं।

स्वियातेक व सबालेंका क्वार्टर फाइनल में

मैड्रिड। बिजली गुल होने के कारण एक दिन के लिए स्थगित किए गए मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मैच फिर से बहाल हो गए जिसमें महिला वर्ग में आर्यना सबालेंका और इगा स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही लेकिन पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव हारकर बाहर हो गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने पेयटन स्टर्न्स को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराकर पांच साल में चौथी बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव को 21वीं रैंकिंग वाले अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने 7-5, 6-3 से हराया। उन्होंने पिछले साल भी यहां जर्मन खिलाड़ी को हराया था।

सोमवार को बड़े ब्लैकआउट के कारण 22 मैचों को स्थगित करना पड़ा था। स्वियातेक ने सेंटर कोर्ट में वापसी की और डायना श्नाइडर को 6-0, 6-7 (3), 6-4 से हराकर स्पेन की राजधानी में अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

अब उनका मुकाबला मैडिसन कीज़ से होगा, जिन्होंने डोना वेकिक को 6-2, 6-3 से हराया। पुरुष वर्ग में, 31वीं रैंकिंग वाले माटेओ बेरेटिनी छठे रैंकिंग वाले जैक ड्रेपर से पहला सेट 7-6 (2) से हारने के बाद चोट के कारण मैच से हट गए। छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने डेनिस शापोवालोव को 6-3, 7-6 (3) से हराया। सातवीं रैंकिंग वाले डी मिनौर का अगला मुकाबला लोरेंजो मुसेटी से होगा, जिन्होंने 2019 के उपविजेता स्टेफानोस सितसिपास को 7-5, 7-6 (3) से हराया। अमेरिकी टॉमी पॉल और फ्रांसिस टियाफो दोनों ने अपने मैच जीते। 11वीं वरीयता प्राप्त पॉल ने करेन खाचानोव को 6-3, 3-6, 6-2 से, जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त टियाफो

संक्षेप

टी20 श्रृंखला के लिये पाक दौरा करेगा बांग्लादेश

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को पुष्टि की कि बांग्लादेश टीम अगले महीने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये यहां आयेगा और फैसलाबाद में 17 साल बाद अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जायेगा। बांग्लादेश ने पिछले साल दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये पाकिस्तान दौरा किया था और श्रृंखला 2 . 0 से जीती थी। सफेद गेंद की यह श्रृंखला भावी दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा है जिसमें पहले तीन वनडे और तीन टी20 खेले जाने थे। पीसीबी ने कहा कि अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप को देखते हुए दोनों बोर्ड पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलने पर राजी हुए। पांच मैचों की श्रृंखला 25 मई से तीन जून तक फैसलाबाद और लाहौर में खेली जायेगी। फैसलाबाद में अप्रैल 2008 के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जायेगा।

आडवाणी, रजमी ने बिलियर्ड्स में जीत का सिलसिला जारी रखा

मुंबई। कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और शायन रजमी ने बुधवार को यहां सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक के अपने ग्रुप चरण के मैच में क्रमशः अशोक शांडिल्य और मार्टिन गुडविल पर जीत के साथ जीत का सिलसिला जारी रखा। आडवाणी ने 189 और 109 के ब्रेक का उपयोग करते हुए शांडिल्य पर 777-387 से बड़ी जीत दर्ज की जबकि रजमी ने ब्रिटेन के थ्री-बॉल क्यू स्पोर्ट्स में कई बार के पूर्व चैंपियन और पूर्व पायलट गुडविल को 409-403 से हराया। रजमी ने रफत हबीब को भी 516-380 से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा। तीसरे दिन अन्य विजेताओं में नलिन पटेल शामिल थे जिन्होंने अक्षय गोगरी को 750-278 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। ध्वज हरिया ने अमित सप्रू के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की।

कृष्णव चोपड़ा ने बिग वेस्ट एमेच्योर खिताब जीता

ला क्विंटा (कैलिफोर्निया)। भारतीय एमेच्योर गोल्फर कृष्णव चोपड़ा ने दो दौर में बिना बोगी लगाए 63-66 के कार्ड खेले और फिर 71 का कार्ड बनाकर ला क्विंटा कंट्री क्लब में बिग वेस्ट चैंपियनशिप जीत ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर निखिल चोपड़ा के बेटे चोपड़ा भारतीय एमेच्योर टीम के सदस्य रहे हैं, उन्होंने तीन दिन में कुल 16 अंडर 200 का स्कोर बनाया। चोपड़ा का कुल स्कोर 2006 के बाद से चैंपियनशिप में अब तक के सबसे कम स्कोर के बराबर रहा। लांग बीच स्टेट के लिए खेलते हुए उन्होंने टीम को तीसरी बार खिताब दिलाने में मदद की।

भारत एशियाई अंडर-15 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शीर्ष पर

एजेंसी

अम्मान (जॉर्डन)। भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-15 एवं अंडर-17 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अंडर-15 वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया जिसमें महिला मुक्केबाजों ने 10 स्वर्ण सहित 25 पदक जीते। महिला मुक्केबाजों ने 15 भार वर्गों में 10 स्वर्ण और चार कांस्य पदक हासिल किए। मंगलवार को अंडर-15 वर्ग में जो भी फाइनल खेला गया उसमें स्वर्ण पदक जीता। अंडर-15 वर्ग में शुरुआत कोमल (30-33 किग्रा) ने कजाकिस्तान की ऐरू ओंगरबेक को 3-2 के विभाजित फैसले से हराकर की।

खुशी अहलावत (35 किग्रा) ने 4-। से जीत दर्ज की जबकि तमन्ना (37 किग्रा) ने रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने (आरएससी) से स्वर्ण पदक पक्का किया। स्वी (40 किग्रा), मिल्की मेनाम (43 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा), नव्या (58 किग्रा), सुनैना (61 किग्रा), त्रुशाना मोहिते (67 किग्रा) और वंशिका (70 किग्रा से अधिक) ने सर्वसम्मति से अपने मुकाबले जीते जिससे लड़कियों की अंडर-15 टीम ने फाइनल में क्लीन स्वीप किया। भारत के चार लड़के फाइनल में पहुंचे जिसमें संस्कार विनोद (35 किग्रा) ने स्वर्ण जबकि तीन ने रजत पदक जीते। इससे पहले लड़कों के वर्ग में सात कांस्य पदक मिले थे। भारतीय मुक्केबाजी की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, भारतीय मुक्केबाजी के लिए यह शानदार शाम थी। 11 बार राष्ट्रगान बजते हुए सुनना और भारत को सूची में शीर्ष पर देखना हम सभी को गर्व से भर देता है। मैं इस शानदार उपलब्धि के लिए हमारे 25 अंडर-15 पदक विजेताओं को बधाई देता हूं। ये हमारे भविष्य के ओलंपिक चैंपियन हैं और उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है।

भारत ने फाइनल से पहले ही 43 पदक पक्के कर लिए थे जिनमें अंडर-15 वर्ग में 25 और अंडर-17 वर्ग में 18 पदक शामिल हैं। अंडर-17 का फाइनल बुधवार को खेला जाएगा। रुद्राक्ष सिंह खैदेम (46 किग्रा), अभिजीत (61 किग्रा) और लक्ष्य फोगट (64 किग्रा) ने रजत पदक जीते। अंडर-17 फाइनल में सात भारतीय मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए भिड़ेंगे।

महिला हॉकी: ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सही संयोजन तैयार करने उतरेगा भारत

पथ। भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अपना सर्वश्रेष्ठ संयोजन उतारेगी और रक्षण से जुड़ी कुछ कमजोरियों को ठीक करने की कोशिश करेगी। यह श्रृंखला जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह इसके लिए अपने कोर ग्रुप की पहचान करने की उम्मीद कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए टीम से लगातार दो हार के साथ दौरे की शुरुआत करने के बाद भारत दमदार प्रदर्शन के साथ वापसी करने के लिए बेताब होगा। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार हरेंद्र सिंह ने कहा, पहले दो मैच में अधिकतर

सुपरबेट रैपिड शतरंज: दूसरे स्थान पर पहुंचे प्रज्ञानानंद

वारसॉ (पोलैंड)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने खराब शुरुआत से वापसी करते हुए ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में ब्लिट्ज वर्ग के पहले हाफ के आखिर में ओवरऑल तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञानानंद के प्रयासों ने उन्हें लगातार दूसरे दिन अच्छी स्थिति में रखा। इस भारतीय खिलाड़ी ने रैपिड शतरंज के पहले दो दिनों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन विशेष रूप से ब्लिट्ज वर्ग में अपनी विशेषज्ञता दिखाते हुए जोरदार वापसी की। उन्होंने रोमानिया के डेक बोगडान डैनियल और अमेरिका के लेवोन एरोनियन से हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन फिर फ्रांस के फ़िरोज़ा अलीरेज़ा और मैक्सिम वाचियर लाग्रेव को हराकर वापसी की। प्रज्ञानानंद ने अंतिम तीन राउंड में पूर्व विश्व चैंपियन बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव, हम वतन अरविंद चिदंबरम और रोमानिया के डेविड गैवरिलेस्कु को हराकर नौ मैच में 5.5 अंक जुटाए। प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अरविंद नौ मैचों में केवल 3.5 अंक ही हासिल कर सके। स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव ने इस दिन आठ अंक बनाए और वह संभावित 27 में से 19 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज हैं। प्रज्ञानानंद उनसे 3.5 अंक पीछे हैं।

मुंबई व राजस्थान का मुकाबला आज

एजेंसी

जयपुर। पिछले मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार पारी से जीत दर्ज करने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ नये जोश के साथ उतरेगी और उसका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच बार की चैंपियन का विजय अभियान रोकना होगा। राजस्थान रॉयल्स की अगर मगर की कठिन डगर पर प्लेऑफ में जगह बनाने की धुंधली उम्मीद है। उसे सूर्यवंशी के रूप में आशा की किरण मिल गई है।

कप्तान संजू सैमसन के साइड स्ट्रेन के कारण बाहर हो जाने से सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका मिला और उन्हें क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बनने में उन्हें केवल तीन पारियां लगीं। सैमसन ने अपना आखिरी मैच 16 अप्रैल को खेला था और उनकी वापसी को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है, जिससे सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल को फिर से पारी की शुरुआत करनी होगी। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी से रॉयल्स ने 210 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गेंदबाजों को चुनौती देने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ के तेज गेंदबाजों में से एक जसप्रीत बुमराह का सामना किस तरह से करते हैं। राजस्थान के निचले मध्य क्रम में शिमरोन हेटमायर पर दबाव होगा जो इस सत्र में अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके तेज गेंदबाजी विभाग में जोफ्रा आर्चर ने सफलता जरूर दिलाई है लेकिन उन्होंने लगभग 10 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं। संदीप शर्मा भी थोड़े महंगे साबित हुए हैं। असल में राजस्थान के किसी भी प्रमुख गेंदबाज का इकोनॉमी रेट नौ से कम नहीं है।

हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस के लिए बुमराह की वापसी सुखद रही है। मुंबई की हमेशा की तरह शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन टीम ने अब पांच मैच जीत लिए हैं और उसके विजय अभियान को रोकना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। पंड्या ने लखनऊसुपरजाइंट्स के खिलाफ जीत के बाद कहा था, यह प्रतियोगिता बहुत कठिन है। हमें अच्छी क्रिकेट खेलने की जरूरत है। हमें हमेशा अगले मैच के लिए तैयारी करनी होगी और लय बरकरार रखनी होगी। पिछले मैच में मुंबई के लिए सकारात्मक पहलू कॉर्बिन बॉश का प्रदर्शन था जिन्होंने एक विकेट लेने के अलावा 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं जो विपक्षी टीमों के लिए एक अशुभ संकेत है। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

साउदी को तेज गेंदबाजी सलाहकार बनाना चाहता है इंग्लैंड

लंदन। भारत के खिलाफ इन गर्मियों में होने वाली पांच टेस्ट मैच की महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले इंग्लैंड टिम साउदी को अपना तेज गेंदबाजी सलाहकार बनाने पर विचार कर रहा है।

लॉस एंजिलिस ओलंपिक के मद्देनजर सात कंपाउंड तीरंदाज टॉप्स में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में तीरंदाजी को शामिल किये जाने के बाद एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा और उदीयमान परनीत कौर समेत सात कंपाउंड तीरंदाजों को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के कोर समूह में शामिल किया गया है। यह फैसला मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 155वीं बैठक में लिया गया जिसमें पुलेला गोपीचंद, वीरेन रासकिन्हा, प्रशांति सिंह, कमलेश मेहता, एम एम सोमैया और रिलायंस फाउंडेशन के सिद्धार्थ शंकर ने भाग लिया।

भारतीय खेल प्राधिकरण की विज्ञप्ति के अनुसार , एमओसी ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में तीरंदाजी को शामिल करने के अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के हाल ही में लिये गए फैसले को ध्यान में रखकर यह तय किया। टॉप्स में शामिल होने वाले अन्य तीरंदाजों में ओजस प्रवीण देवताले, ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी, प्रियांश और प्रथमेश जावकर हैं। एमओसी ने टॉप्स, टीम्स और टीएजीजी (टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप) से जुड़े 56 प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। ओलंपिक में 1972 के बाद पहली बार तीरंदाजी को शामिल किया गया है। हाल ही में फ्लोरिडा में हुए तीरंदाजी विश्व कप में भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम ने तीन स्वर्ण पदक जीते थे। महिला टीम वर्ग में उन्होंने अदिति स्वामी और परनीत के साथ स्वर्ण जीता। इसके अलावा अभिषेक के साथ मिश्रित युगल में और व्यक्तिगत स्पर्धा का भी स्वर्ण अपने नाम किया।

एमओसी ने लंबी कूद की खिलाड़ी शैली सिंह को नौ मई को यूएई ग्रां प्री और 11 मई को यूएई एथलेटिक्स वुमैंस गाला में भाग लेने के लिये वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी। इसके अलावा ताशकंद में आठ से 23 मई तक उजबेकिस्तान की टीम के साथ 17 दिन के अभ्यास का मुक्केबाज निकहत जरीन का अनुरोध भी मान लिया गया। टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला को भी दोहा में 17 से 25 मई तक आईटीटीएफ विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिये अग्रिम अनुदान को मंजूरी दे दी गई।

डेम्बेले के गोल से पीएसजी ने सेमीफाइनल का पहला चरण जीता

एजेंसी

लंदन। पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने ओस्मान डेम्बेले के गोल की मदद से चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में आर्सेनल को 1-0 से हराकर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। पीएसजी ने इससे पहले चैंपियंस लीग के नॉकआउट चरण में इंग्लैंड की दो टीमों प्रीमियर लीग के चैंपियन लिवरपूल और एस्टन विला को हराया था। आर्सेनल के खिलाफ सेमीफाइनल का दूसरा चरण उसे अपने घरेलू मैदान पर खेलना है और ऐसे में यह बढ़त उसके लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। डेम्बेले ने खेल के चौथे मिनट में ही गोल करके स्थानीय दर्शकों को निराश कर दिया था। पीएसजी खेल के आखिर तक अपनी इस बढ़त को बरकरार रखने में कामयाब रहा। पीएसजी के मिडफील्डर वितिन्हा ने मैच के बाद कहा, यह बेहद रोमांचक मैच थाा। हम और अधिक स्कोर कर सकते थे लेकिन हम।-0 की बढ़त लेकर खुश हैं। हम फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। चैंपियंस लीग का दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा।

थाईलैंड से चार जून को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगा भारत

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम चार जून को अपने से अधिक रैंकिंग वाले थाईलैंड के खिलाफ उसकी धरती पर अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम अभी एएफसी एशियाई कप 2027 के क्वालीफायर के फाइनल राउंड का हिस्सा है तथा थाईलैंड के खिलाफ थम्मासैट स्टेडियम में होने वाला अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच 10 जून को हांगकांग के खिलाफ क्वालीफिकेशन मैच के लिए टीम की तैयारी का हिस्सा होगा।

फीफा रैंकिंग में भारत 127वें जबकि थाईलैंड 99वें स्थान पर है। भारत और थाईलैंड 26 बार एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। इनमें से भारत ने सात और थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी सात मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। भारत का अभ्यास शिविर 18 मई को कोलकाता में शुरू होगा और टीम 29 मई तक थाईलैंड के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम वहीं से हांगकांग जाएगी।

प्रीमियर लीग मुंबई में अपना कार्यालय खोलेगी

इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) ने बुधवार को स्थानीय खेल प्रेमियों को जोड़ने और भारत में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए मुंबई में अपना कार्यालय खोलने की घोषणा की। प्रीमियर लीग का भारत में काम करने का लंबा इतिहास रहा है। लीग 2007 से सामुदायिक फुटबॉल कार्यबल के विकास का समर्थन करने के लिए ब्रिटिश काउंसिल के साथ साझेदारी में अपना प्रीमियर स्किल्स कार्यक्रम चला रही है। प्रीमियर लीग 2014 से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के साथ मिलकर काम कर रही है। प्रीमियर लीग के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड मास्टर्स ने कहा, हमारे क्लबों के पास भारत में एक शानदार फैनबेस है और हम जानते हैं कि फुटबॉल की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

बिल जमा नहीं करने से टॉप्स खिलाड़ियों को दी गई आठ करोड़ की अग्रिम राशि अभी तक अनिश्चित

खेल मंत्रालय की प्रमुख टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत खिलाड़ियों को दी गई आठ करोड़ रुपये तक की अग्रिम राशि अभी तक अनिश्चित बनी हुई है क्योंकि लाभार्थी बार-बार याद दिलाने के बावजूद बिल या वसूली राशि जमा करने में विफल रहे हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के भीतरी आकलन में इसका खुलासा हुआ है। रकम और उन खिलाड़ियों के बारे में खुलासा नहीं किया गया है। हाल ही में प्रदर्शन आडिट के दौरान इस पर आपत्ति जताई गई जिसके कारण करीब 30 खिलाड़ी (कोर और डेवलपमेंटल ग्रुप दोनों में) सवालों के घेरे में है।

साइ और खेल मंत्रालय के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि संबंधित टॉप्स खिलाड़ियों ने विलंब का उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया जबकि उन्हें बारंबार याद दिलाया गया था। समझा जाता है कि इसके लिये उचित उपाय किये जायेंगे ताकि हाल ही में खत्म हुए ओलंपिक चक्र में खर्च किये गए पैसे के बारे में जानकारी मिल सके। मंत्रालय की मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 155वीं बैठक में इस मसले पर विस्तार से चर्चा की गई। एक सूत्र ने कहा, सभी सदस्यों का मानना था कि बिल जमा नहीं करने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ कार्वाई होनी चाहिये। उन्होंने कहा हालात से निपटने के लिये कई तरह के सुझाव दिये गए।

जापान में 2026 एशियाई खेलों में क्रिकेट बरकरार रहेगा

नयी दिल्ली। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने पुष्टि की है कि क्रिकेट 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान में आयोजित होने वाले 2026 ऐची-नागोया एशियाई खेलों का हिस्सा बना रहेगा। क्रिकेट को बरकरार रखने का फैसला इस हफ्ते की शुरुआत में एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) और आयोजन समिति (एआईएनएजीओसी) के बीच हुई बैठक के दौरान लिया गया था। ओसीए ने कहा, खेल कार्यक्रम की सूची में 28 अप्रैल सोमवार को नागोया सिटी हॉल में एआईएनएजीओसी निदेशक मंडल की 41वीं बैठक में ताजा फैसला हुआ जिसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट दोनों को औपचारिक रूप से मंजूरी दी गई। क्रिकेट मैच टी20 प्रारूप में ऐची प्रांत में खेले जाएंगे। हालांकि अभी स्थलों पर फैसला किया जाना बाकी है। ओसीए ने कहा क्रिकेट का आयोजन स्थल ऐची प्रांत में होगा लेकिन सही स्थान अभी तय नहीं किया गया है। इसमें लोगों की दिलचस्पी सिर्फ दक्षिण एशिया में क्रिकेट की लोकप्रियता के कारण नहीं होगी बल्कि इसलिए भी होगी क्योंकि टी-20 प्रारूप को 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाएगा। क्रिकेट एशियाई खेलों में शामिल 41 स्पर्धाओं में से एक होगा। ओसीए की 45 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 15,000 एथलीट और अधिकारियों के इन खेलों में भाग लेने की उम्मीद है।

मंदिर में दीवार गिरने से सात की मौत

आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में बुधवार तड़के सिम्हाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर में हुआ हादसा

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में बुधवार तड़के सिम्हाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर में दीवार गिरने से सात लोगों की मौत हो गई। सरकार ने यह जानकारी दी।

सरकार ने कहा कि तड़के करीब तीन बजे घाट रोड पर स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पास 300 रुपये के टिकट लेने वालों की कतार लगी थी और उसी जगह पर दीवार गिर गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू समेत कई नेताओं ने इस घटना पर दुख जताया है। केंद्र और राज्य सरकार ने घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घटनास्थल पर मौजूद राज्य की गृह मंत्री वी अनिता ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चलता है कि क्षेत्र में भारी बारिश के कारण मिट्टी ढीली होने से मंदिर की दीवार ढह गई। सरकारी सूत्रों के अनुसार, हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से बात की है तथा घायलों को उपचार मुहैया कराने को कहा है। नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सिम्हाचलम में सात श्रद्धालुओं की मौत से बेहद दुखी हूं.... परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं हालात पर करीब से नजर रख रहा हूं और पीड़ितों को तत्काल सहायता दिए जाने और हरसंभव आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि मुख्यमंत्री ने टेलीकांफ्रेंस के माध्यम से स्थिति की समीक्षा की और मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये तथा घायलों को तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। साथ ही, प्रत्येक मृतक के परिवार से एक सदस्य को धर्मस्व विभाग के अधीन मंदिरों में संविदा आधार पर नौकरी देने का आश्वासन दिया गया है। मुख्यमंत्री ने घटना की तीन सदस्यीय समिति से जांच कराने का भी आदेश दिया। इस समिति में सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता वेंकटेश्वर राव, नगर प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव एस. सुरेश कुमार और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ए. रवि कृष्णा शामिल हैं। नायडू ने पुलिस महानिदेशक डीजीपी हरीश कुमार गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपने उंडावल्ली आवास पर घटना की समीक्षा की। मुर्मु ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दीवार गिरने की दुखद घटना में महिलाओं सहित कई लोगों की मृत्यु से व्यथित हूं। शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करती हूं। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दीवार गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करता हूं।

देश की भावनाओं को समझकर राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सही कदम उठायें प्रधानमंत्री : खरगे

बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देश की भावनाओं को समझकर मौजूदा स्थिति में किसी भी कार्रवाई के लिए राजनीतिक दलों द्वारा उन्हें दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए देश की सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द सही कदम उठाने का आग्रह किया।

कांग्रेस प्रमुख ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर पार्टी के गायब पोस्ट पर उठे विवाद के बीच आतंकवादी हमले पर चर्चा करने और सामूहिक संकल्प प्रदर्शित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि किसी की गरिमा या छवि को कोई नुकसान पहुंचाने का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। खरगे ने संसद के विशेष सत्र की मांग पर पूछे गए सवाल पर कहा, सभी दलों को एक साथ होना चाहिए। सत्र बुलाया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री को उसमें उपस्थित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने क्या कदम उठाए हैं या उठाने की योजना बना रहे हैं, उन्हें सदस्यों को इसकी जानकारी देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ऐसी बातों को गुप्त रखकर ही अभियान चलाना होता है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा, लेकिन मौजूदा स्थिति और उनके (प्रधानमंत्री के) मन में क्या चल रहा है, इस बारे में उन्हें कम से कम सत्र के दौरान सदन के नेताओं की बैठक बुलानी चाहिए और उनसे बात करनी चाहिए। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि हमने उन्हें (केंद्र सरकार को) पहले ही पूरा अधिकार दे दिया है और उनसे कहा है कि वे सुनिश्चित करें कि भारत के लोगों और सैनिकों को कोई परेशानी न हो और हमें भी कोई झटका न लगे। हमने उन्हें पाकिस्तान को नियंत्रण में रखने के लिए पूरा समर्थन दिया है। खरगे ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री लोगों की राय और देश में मौजूद भावनाओं को समझेंगे तथा मौजूदा स्थिति में किसी भी अभियान को अंजाम देने के लिए सभी दलों द्वारा उन्हें दिए गए अधिकार का उपयोग करेंगे व अपना काम करेंगे। उन्हें जल्द से जल्द देश की सुरक्षा के लिए सही कदम उठाना चाहिए। खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले ही प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए कह चुके हैं।

संक्षेप

अगले दो दिन तीन राज्यों के दौरे पर रहेंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) और शुक्रवार को केरल में विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय गहरा पानी बहुउद्देशीय बंदरगाह का उद्घाटन करेंगे। एक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले दो दिन में आंध्र प्रदेश सहित तीन राज्यों के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वे तीनों राज्यों में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को यहां पहले विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। यह चारदिवसीय कार्यक्रम मीडिया और मनोरंजन जगत को साथ लाएगा। वेव्स 2025 की टैगलाइन है कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज। इसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी होगी, जिसमें 10,000 से अधिक प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर्स, 300 से अधिक कंपनियां और 350 से अधिक स्टार्टअप शामिल होंगे। केरल में 8,900 करोड़ रुपये की लागत वाला बंदरगाह देश का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह है, जो विकसित भारत के एकीकृत दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में भारत के समुद्री क्षेत्र में की जा रही परिवर्तनकारी प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है।

मणिपुर : राज्यपाल ने की कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा

इंफाल। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार को राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की और शांति बनाए रखने के लिए रणनीति पर चर्चा की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के दो साल पूरा होने पर तीन मई को मैतेई और कुकी-जो समुदायों से संबंधित कई संगठनों के प्रस्तावित कार्यक्रमों से पहले राजभवन में सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। राजभवन द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक भल्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव सिंह, 57 माउंटेन डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल एसएस कार्तिकेय, एसआईबी के संयुक्त निदेशक नवदीप सिंह ग्रेवाल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और मणिपुर पुलिस के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। विज्ञप्ति के मुताबिक बैठक में मुख्य सचिव पी के सिंह के साथ असम राइफल्स के महानिरीक्षक (दक्षिण) मेजर जनरल रावरूप सिंह और महानिरीक्षक (पूर्व) मेजर जनरल सुरेश कुमार भांभू वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बैठक में शामिल हुए।

जाति जनगणना का फैसला ऐतिहासिक: शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है और उसने आगामी जनगणना में जातिगत गणना करने का ऐतिहासिक फैसला किया है।

राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीपीए) द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने के कुछ घंटे बाद गृहमंत्री शाह ने कहा कि सरकार ने सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, सामाजिक न्याय के लिए संकल्पित मोदी सरकार ने आज एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हुई सीसीपीए की बैठक में, आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का निर्णय लेकर सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया है। शाह ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए जातिगत जनगणना का विरोध किया और विपक्ष में रहते हुए इस पर राजनीति की। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े सभी वर्गों का सशक्तीकरण होगा, समावेशन को बढ़ावा मिलेगा और यह वंचितों की प्रगति के नए मार्ग प्रशस्त करेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा लिये गए निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना को पारदर्शी तरीके से शामिल किया जाएगा। उन्होंने साथ ही जाति आधारित सर्वेक्षण को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए विपक्षी दलों को आड़े हाथ लिया।

एसीबी ने मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के तहत 12,748 कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एसीबी ने एक बयान में कहा कि यह घोटाला करीब 2,000 करोड़ रुपये का है और इसमें अत्यधिक बढ़ी हुई दरों पर ठेके दिए गए थे। बयान के अनुसार, कथित तौर पर प्रत्येक कक्षा का निर्माण 24.86 लाख रुपये में किया गया, जो सामान्य लागत से लगभग पांच गुना अधिक है। बयान के मुताबिक, यह कार्य कथित तौर पर आम आदमी पार्टी से जुड़े ठेकेदारों को सौंपा गया था। इसमें कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी से भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की धारा 17-ए के तहत अपेक्षित मंजूरी मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया। आम आदमी पार्टी ने कहा कि उसके नेताओं सिसोदिया और जैन को पार्टी की पंजाब इकाई का प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए जाने के मद्देनजर उन पर दबाव बनाने और डराने के लिए उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने संवाददाता सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा, जिस तरह से सिसोदिया और अन्य नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं, मुझे लगता है कि जल्द ही उनके खिलाफ मंत्री की कुर्सी पर कब्जा करने, दस्तावेज में अल्पविराम या पूर्ण विराम लगाना भूल जाने के मामले भी दर्ज किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के पास कोई काम नहीं है और हर मामले में वह आप नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा देती है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मांग की कि एसीबी कथित घोटाले में दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भूमिका की जांच करे।

बांग्लादेश हाईकोर्ट ने हिंदू नेता को जमानत पर रिहा करने का दिया आदेश

ढाका। बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के आरोप में करीब पांच महीने से जेल में बंद हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास को बुधवार को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय के एक अधिकारी ने कहा, दो न्यायाधीशों की पीठ ने अपने पहले के फैसले को बरकरार रखते हुए अधिकारियों से सवाल किया कि उन्हें (दास को) जमानत क्यों नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अताउर रहमान और न्यायमूर्ति अली रजा की पीठ ने अपने पिछले फैसले पर अंतिम सुनवाई के बाद जमानत मंजूर की।

बांग्लादेश के बंदरगाह शहर चटगांव की कोतवाली पुलिस ने 31 अक्टूबर को दास और 18 अन्य पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया था। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के पूर्व नेता दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। हिंदू संगठन सम्मिलितो सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता दास को गिरफ्तारी के बाद दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव की अदालत में ले जाया गया था, जिसने अगले दिन उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया था। दास की गिरफ्तारी के बाद व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए और उनके समर्थकों ने ढाका और अन्य जगहों पर प्रदर्शन किया। चटगांव में विरोध प्रदर्शन तब हिंसक हो गया जब दास को जेल भेजे जाने के कुछ ही घंटों बाद सहायक सरकारी अभियोजक सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या कर दी गई। यह घटनाक्रम पिछले साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन और प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपदस्थ किये जाने के तीन महीने से भी कम समय बाद हुआ। दास की गिरफ्तारी बांग्लादेश और भारत के बीच तनाव का एक मुद्दा बना क्योंकि भारत ने उनकी गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त की। हसीना के भारत चले जाने के बाद आठ अगस्त को मुहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार का पद संभाला। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 26 नवंबर को नई दिल्ली में कहा, यह घटना बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर किए गए कई हमलों के बाद हुई है। अल्पसंख्यकों के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आगजनी और लूटपाट के साथ-साथ चोरी व तोड़फोड़ तथा देवताओं और मंदिरों को अपवित्र करने के कई मामले सामने आए हैं।

इंटरटेनमेंट...

यूट्यूबर ने रिवील किया नई वेब सीरीज का पोस्टर

मुंबई। 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बाद यूट्यूबर **आशीष** चंचलानी ने अपने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा की है। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया के जरिए दी। उन्होंने अपनी नई सीरीज एकाकी का फर्स्ट लुक भी रिवील किया है। खास बात यह है कि आशीष इस सीरीज को खुद ही प्रोड्यूस और डायरेक्ट कर रहे हैं। आशीष चंचलानी ने अपने इंस्टाग्राम पर वेब सीरीज एकाकी का पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में देखा जा सकता है कि आशीष चंचलानी लालटेन लेकर खड़े हैं। उनके आस-पास कई हाथ दिखाई दे रहे हैं, जो उन्हें अपनी ओर बुला रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'हम आप सभी को इस साल एक ट्रिप पर दिल से बुला रहे हैं। बस याद रखना। एकाकी में रहकर आप कभी अकेले नहीं रहेंगे। 'एकाकी' सीरीज में आशीष के अलावा आकाश डोडेजा, हर्ष राणे, सिद्धांत सरफरे, शशांक शेखर, रोहित साधवानी और ग्रिशिम नवानी जैसे कलाकार भी शामिल हैं। जैसे ही आशीष चंचलानी ने अपनी वेब सीरीज का पोस्टर शेयर किया तो फैंस बेहद उत्साहित हो गए। एक ओर जहां उन्होंने आशीष का वेलकम बैक किया। वहीं कई लोगों ने वेब सीरीज के नाम 'एकाकी' का मतलब भी बताया। 'इंडियाज गॉट लेटेंट' स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना का शो है, जिस पर विवाद हो रहा है। यह एपिसोड 8 फरवरी को यूट्यूब पर रिलीज किया गया था। इस शो में बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। इस शो के दुनियाभर में 73 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। इस शो में पेरेंट्स और महिलाओं को लेकर ऐसी बातें कही गईं, इसी के चलते समय रैना, रणवीर अलाहबादिया, आशीष चंचालानी, अपूर्वा मखीजा समेत कई जजों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

मेलबर्न कॉन्सर्ट विवाद में ऑर्गनाइजर्स के आरोप

मुंबई। सिंगर नेहा कक्कड़ मेलबर्न के एक कॉन्सर्ट के चलते विवादों से घिरी हुई हैं। सिंगर पर आरोप हैं कि उन्होंने मेलबर्न में 3 घंटे तक फैंस को इंतजार करवाया और फिर मंच पर आकर माफी मांगते हुए रो पड़ीं। आरोप ये भी हैं कि उन्होंने 1 घंटे तक परफॉर्म भी नहीं किया। विवादों से घिरने के बाद नेहा ने ऑगेर्नाइजर्स पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उन्हें पैसे नहीं दिए गए थे और न ही रुकने और खाने का इंतजाम था।

इसके बावजूद उन्होंने परफॉर्मेंस दी। हालांकि अब ऑगेर्नाइजर्स की मानें तो नेहा के 3 घंटे देरी से आने की वजह इंतजाम नहीं बल्कि कम भीड़ थी। नेहा ने जब देखा की उनके कॉन्सर्ट में लोग कम हैं, तो उन्होंने ऑगेर्नाइजर्स से कहा कि जब तक स्टेडियम फुल नहीं होता वो नहीं गाएंगी। हाल ही में सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में ऑस्ट्रेलिया कॉन्सर्ट के ऑगेर्नाइजर पेस डी और बिक्रम सिंह रंधावा ने इस विवाद पर बात की। उन्होंने कहा कि नेहा कक्कड़ को कॉन्सर्ट में साढ़े 7 बजे पहुंचना था, लेकिन वो 10 बजे पहुंचीं। भीड़ लगातार चीयर कर रही थी, लेकिन जब वो नहीं पहुंचीं तो लोग भड़कने लगे।

भारत ही नहीं, पाक में भी बैन हुई 'अबीर गुलाल'

मुंबई। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 लोग मारे गए। जब हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा ने ली तो भारत और पाकिस्तान के संबंध फिर बिगड़ गए। इसका खामियाजा अपकमिंग फिल्म अबीर गुलाल को भुगतना पड़ रहा है। आतंकी हमले के बाद भारत में पाकिस्तानी कलाकारों पर पूरी तरह बैन लगा दिया गया है।

इसके साथ ही कहा गया है कि पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की फिल्म अबीर गुलाल को भारत में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। अब भारत के बाद पाकिस्तान में भी फिल्म अबीर गुलाल की रिलीज पर रोक लगा दिया गया है। जहां भारत को पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान से आपत्ति है, वहीं पाकिस्तानी डिस्ट्रीब्यूटर इंडियन एक्ट्रेस वाणी कपूर की फिल्म पाकिस्तान में रिलीज करने से इनकार कर रहे हैं।

ऐसे किरदार पसंद हैं जो भीड़ में खो जाते हैं : नवाजुद्दीन

नयी दिल्ली। ज्यादातर अभिनेताओं की तरह नवाजुद्दीन सिद्दीकी का मकसद भी अपने किरदारों में डूब जाना होता है लेकिन असल जिंदगी में उन्हें फिल्मी चकाचौंध से दूर रहना पसंद है। सिद्दीकी ने दिए साक्षात्कार में कहा, मेरे लिए खुद को दूसरों से अलग दिखाना बहुत मुश्किल है। लेकिन मुझे बहुत अच्छा लगता है कि मैं एक कोने में बैठा हूं और कोई मुझे नहीं देख रहा है। बल्कि, मैं दूसरों को देख रहा हूं।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि यह पूरी दुनिया 70 मिमी की एक फिल्म जैसी है और मैं उसे बस देख रहा हूं। सिद्दीकी का सफर उत्तर प्रदेश के मुज़फ्फरनगर के छोटे से कस्बे बुढाना से शुरू होकर दिल्ली के राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) तक और फिर मुंबई तक पहुंचा, जहां लंबी संघर्ष यात्रा के बाद वह हिंदी फिल्म जगत के सर्वाधिक बहुमुखी कलाकारों में से एक बनकर उभरे। उनका यह सफर किसी कहानी जैसा लगता है। एक उभरते हुए अभिनेता के रूप में नवाजुद्दीन ने सीधे सी-ग्रेड फिल्मों से वैश्विक सिनेमा की दुनिया में कदम रखा। बचपन के दिनों को याद करते हुए नवाजुद्दीन ने बताया कि उनके बुढाना में न तो कोई साहित्यिक माहौल था और न ही कोई सांस्कृतिक गतिविधियां होती थीं। वहां सिर्फ एक कच्चा थिएटर था, जिसमें ज्यादातर सी-ग्रेड फिल्में दिखाई जाती थीं। उन्होंने कहा, मैं उन्हीं (सी-ग्रेड) फिल्मों को देखकर बड़ा हुआ हूं। जब मैं शहर आया और एनएसडी में गया।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com